ARBIT

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot



**A Paean To The Charri Mubarak** — But the bearded man's tale, redolent with cries of Allah ho Akbar, Nare taqbi and Har har Mahadev, had its own charm.

**The Show Must Go On!**

**Tantalizing Flavours of South India** — Banana Leaf offers an authentic dining experience for the food enthusiasts

# 'डिज़ाइन बॉक्स की सेवाएं लेना बंद करें'

## राहुल गांधी के दफ्तर से मु.मंत्री गहलोत को निर्देशित किया गया

- मु.मंत्री अशोक गहलोत ने डिज़ाइन बॉक्स को डेढ़ सौ करोड़ रूपये का ठेका दिया था, राजस्थान सरकार के जनसम्पर्क अभियान को डिज़ाइन व क्रियान्वित करने के लिये।
- पर, डिज़ाइन बॉक्स द्वारा तैयार इस अभियान का फोकस पूरी तरह मु.मंत्री गहलोत पर है, चाहे, प्रमोशन फिल्म हो या टी.वी. विज्ञापन या अखबारों को भेजे गये विज्ञापन या होर्डिंग्स।
- जिस प्रकार प्र.मंत्री मोदी ने नारा दिया था, "मोदी सरकार", राजस्थान के अभियान का नारा लगता है, "गहलोत सरकार"।
- डिज़ाइन बॉक्स द्वारा तैयार अभियान में कांग्रेस का नाम नहीं है, फोकस केवल और केवल अशोक गहलोत पर ही है।
- इसीलिये राजस्थान सरकार से हिमायत की गई कि, डिज़ाइन बॉक्स के विज्ञापन, पी.आर. अभियान को निरस्त करें। यह अभियान उस सोच के भी खिलाफ है, जो, वेणुगोपाल ने हाल ही में सुलह के बाद व्यक्त किया था।
- वेणुगोपाल ने कहा था, राजस्थान में चुनाव सामूहिक नेतृत्व में लड़ा जायेगा, तथा किसी एक नेता को प्रोजैक्ट नहीं किया जायेगा।

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 जुलाई। अशोक गहलोत जिस तरीके से राजस्थान की कांग्रेस सरकार को चला रहे है, उस पर राहुल गांधी लगातार अपनी अप्रसन्नता व्यक्त करते आ रहे हैं।

उच्च पदस्थ सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, इसका ताजातरीन प्रमाण उस समय मिला, जब राहुल गांधी के कार्यालय ने अशोक गहलोत से कहा कि वे "डिज़ाइन बॉक्स" नामक उस प्राइवेट एजेंसी की सेवाएं लेना बंद कर दें, जो राज्य में कांग्रेस सरकार के जन-सम्पर्क संबंधी कार्य की देखभाल कर रही है।

गहलोत ने "डिज़ाइन बॉक्स" को 150 करोड़ रूपए की भारी-भरकम राशि पर इस काम के लिये अनुबंधित किया था।

रोचक बात यह है कि चाहे टी.वी., प्रिन्ट मीडिया पर प्रमोशनल फिल्म्स का मामला हो या सूचना-पट्ट और विज्ञापन-बोर्डों का विषय हो या और कोई भी मुद्दा हो, पूरे अभियान का केन्द्र बिन्दु अशोक गहलोत ही रहते हैं।

मोदी सरकार के नारे "अबकी बार, मोदी सरकार" की तर्ज पर राजस्थान सरकार का नारा है, "अबकी बार, गहलोत सरकार"।

लेकिन कांग्रेस के किसी भी प्रकार के उल्लेख की बजाय, पूरा फोकस गहलोत और केवल गहलोत पर ही है।

अभी हाल ही में, दिल्ली में राजस्थान के विषय में हुई मीटिंग के बाद, के.सी. वेणुगोपाल ने एक प्रैस-कॉन्फ्रैंस को संबोधित करते हुये, यह स्पष्ट कर दिया था कि विधानसभा चुनाव किसी चेहरे या नाम पर नहीं लड़े जायेंगे तथा किसी भी नेता को राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में प्रोजैक्ट नहीं किया

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

क्या आपको कम सुनाई देता है।?
ऑटोमेटिक कान की मशीनें
स्पीच थैरेपी
कॉकलियर इम्पलांट, ऑटिज्म
डिले स्पीच, हकलाना, तुतलाना
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
सम्पर्क- 94602 07080

## एकल पट्टा प्रकरण से सी.बी.आई जांच की याचिका वापस

जयपुर, 12 जुलाई (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने एकल पट्टा प्रकरण की जांच सीबीआई से कराने के संबंध में दायर याचिका को वापस लेने की

- याचिकाकर्ता रामशरण सिंह की ओर से उनके पुत्र सुरेन्द्र ने याचिका दायर की व कहा कि रामशरण सिंह का देहांत हो चुका है तथा उन्हें मामले में सुनवाई नहीं चाहिए। उनके आग्रह पर राजस्थान हाई कोर्ट ने याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## गैर आर.ए.एस. से आई.ए.एस. पदों पर पदोन्नति प्रक्रिया पर रोक जारी

जयपुर, 12 जुलाई। राजस्थान हाईकोर्ट ने गैर आर.ए.एस. से आई.ए.एस. के पदों पर की जा रही पदोन्नति प्रक्रिया पर लगी रोक 31 जुलाई तक बढ़ा दी है। इसके साथ ही अदालत ने पूर्व में पूछे गए बिंदुओं पर जवाब पेश करने के लिए राज्य सरकार

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# ममता बनर्जी जीतीं पंचायत चुनाव में

## पर, जीत काफी खोखली है, क्योंकि, तृणमूल के वरिष्ठ नेता तक क्षुब्ध हैं, अनावश्यक, भारी हिंसा से

- हाई कोर्ट ने भी निर्णय दिया कि, चुनाव के नतीजे घोषित न किये जायें, जब तक न्यायालय उन सभी याचिकाओं का निस्तारण नहीं कर देता, जो चुनाव के बाद दायर की गयी हैं।
- एक और उल्लेखनीय बात यह नज़र आयी कि, मुसलमानों के वोट, तृणमूल से हटकर, अन्य इस्लामिक पार्टियों की ओर जा रहे हैं।
- यह ममता बनर्जी के लिए खतरे की घंटी है, क्योंकि गत चुनाव, जो ममता बनर्जी जीती थीं, में मुस्लिम मतदाता ने अपना खुला और पूरा समर्थन ममता बनर्जी की पार्टी को दिया था।

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 जुलाई। ग्रामीण चुनाव में अब तक अधिकृत रूप से घोषित परिणामों में तृणमूल कांग्रेस ने बाजी मार ली है लेकिन कलकत्ता हाई कोर्ट ने आज एक निर्णय दिया कि किसी परिणाम को तब तक अंतिम नहीं माना जाए, जब तक चुनाव प्रक्रिया में निष्पक्षता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर कोर्ट कोई निर्णय पारित नहीं करता।

चुनाव हिंसा के बीच हुए थे, जिसमें गुंडे एकदम करीब से गोली मार रहे थे, भीड़ तलवारों से कार्यकर्ताओं को घायल कर रही थीं और विरोधियों की पीट-पीट कर हत्या कर रही थी।

ग्रामीण चुनावों में भारी पैमाने पर हिंसा तथा कई उम्मीदवारों एवं कार्यकर्ताओं की हत्याएं हुईं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार भी चुनावी हिंसा में कम से कम 40 मौतें हुई हैं। दर्जनों अन्य सामान्य से गंभीर रूप से घायल हैं और कुछ घायलों की मौत हो सकती है।

स्थितियां इतनी विचित्र और हत्याएं इतनी नृशंस हुई कि तृणमूल के कट्टर नेताओं ने भी इस पर नाराजगी जताई। वरिष्ठ तृणमूल नेता और एक समय बंगाल के भाजपा प्रमुख के भाई सुगत रॉय ने निराशा जताई है।

पहले आई.पी.एस. अधिकारी रहे तृणमूल के एक और राजनेता ने पार्टी के गुंडों द्वारा फैलाई गई बेमतलब हिंसा की कड़ी आलोचना की।

इस बीच तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी ने अब तक हिंसा की आलोचना में कुछ नहीं कहा है लेकिन हर तरफ से कटु आलोचना के बाद उन्होंने बेमन से कहा कि हिंसा में लिप्त सभी को सजा होगी।

बंगाल के ग्रामीण चुनाव के इस दौर का दूसरा पहलू यह है कि मुस्लिम मतदाता पुनर्गठित होने लग गया है। अब तक अल्पसंख्यक मुख्यतः तृणमूल कांग्रेस के साथ थे। अब यह स्पष्ट हो रहा है कि वे तृणमूल से विमुख होकर इस्लामिक पार्टी की ओर झुक रहे हैं।

एक युवा मुस्लिम कार्यकर्ता द्वारा आरंभ की गई इस्लामिक सेक्यूलर फ्रंट को काफी समर्थन मिला है। हालांकि यह पार्टी नई है लेकिन यह मतदाताओं पर सकारात्मक प्रभाव डाल रही है। यह घटनाक्रम ममता बनर्जी के लिए चिंताजनक है क्योंकि वे हाल के चुनाव अल्पसंख्यक समुदाय के मजबूत समर्थन के कारण जीती हैं। अब वह वोट टूट कर इस्लामिक पार्टी की ओर जा रहा है।

ममता बनर्जी के नेतृत्व में हुई हिंसा से इन आशंकाओं को बल मिला है कि आगे और क्या हो सकता है।

यह सही है कि माकपा के नेतृत्व

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## भाजपा नेता की हत्या के मुख्य आरोपी की हत्या

भरतपुर, 12 जुलाई (निसं)। हलैना थाना क्षेत्र स्थित आमोली टोल प्लाजा पर बुधवार दोपहर करीब 12 बजे भाजपा नेता कृपाल जघीना हत्याकांड के मुख्य आरोपी कुलदीप जघीना की फायरिंग कर हत्या कर दी गई। वहीं उसके साथ पेशी पर लाए जा रहे विजयपाल को घायल (फायरिंग में) होने पर इलाज के लिए

- भाजपा नेता कृपाल जघीना की हत्या के मुख्य आरोपी कुलदीप जघीना की बुधवार दोपहर गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसका एक साथी विजयपाल घायल हो गया। पुलिस कुलदीप व विजयपाल को कड़ी सुरक्षा में रोडवेज़ बस से जयपुर से भरतपुर ला रही थी। तब यह हादसा हुआ।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'चित मैं जीता, पट तू हारा'

## भाजपा बहुत "कम्फर्टेबल" स्थिति में है आंध्र में

- भाजपा के दोनों हाथों में लड्डू इसलिये हैं कि, आंध्र की दो प्रमुख राजनीतिक पार्टियां, वाय.एस. आर. कांग्रेस व तेलुगू देशम, दोनों में जो जीते, वो भाजपा को पूरा समर्थन देने को तैयार हैं।

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 जुलाई। आंध्र प्रदेश, जिसने राज्य के दो टुकड़े कर देने के दण्डस्वरूप कांग्रेस को खारिज कर दिया था, में इस समय भाजपा स्वयं को सबसे ज्यादा सुविधाजनक "चित हम जीते पट तुम हारे" स्थिति में पा रही है। क्योंकि राज्य के दोनों प्रतिद्वंदी क्षेत्रीय दलों में केन्द्र में सत्तासीन पार्टी के गले लगने की होड़ लगी हैं। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों के लिहाज से, गुजरात और उत्तर प्रदेश को छोड़कर, भाजपा की राजनैतिक स्थिति देश के किसी भी राज्य में कितनी ही मुश्किल क्यों न हो, लेकिन आंध्र प्रदेश में वह साफतौर पर जीत रही है। इसके ऊपर इसका कोई फर्क नहीं पड़ता कि उसके साथ मिलकर सत्तारूढ़ वाय.एस.आर.सी.पी. जीतती है या विपक्षी पार्टी तेलुगू देशम पार्टी।

ये दोनों ही क्षेत्रीय दल बुरी तरह भाजपा की चापलूसी कर रहे हैं क्योंकि भाजपा के साथ गठबंधन प्रभावी तो रहना ही है, इसलिए ये दोनों ही पार्टियाँ केन्द्र के सत्तारूढ़ दल की पिछलग्गू होने में ही संतुष्टि का अनुभव कर रही हैं। इसके अलावा, भाजपा भी इस बात को जानती है कि उसे अभी तो जड़ों पर प्रहार करना है, जैसा उसने तेलंगाना में किया था, जहाँ पिछली बार, 2019 में इसने चार लोकसभा सीटें जीती थीं।

लेकिन आंध्र प्रदेश में, भाजपा को अभी अपनी मौजूदगी दर्ज करनी है, लेकिन फिलहाल वह इस बात के सुनिश्चित होने से संतुष्ट है कि कांग्रेस वहाँ पुनर्जीवित नहीं हो रही। राज्य के अंदर, भाजपा का नहीं के बराबर असर है। वह इन दोनों में से किसी भी पार्टी के साथ बने गठबंधन पर सवारी कर सकती है तथा विभाजन के बाद छोटे हो गये इस राज्य की 25 सीटों में से चन्द सीटें जीत सकती है या फिर चुनाव हो जाने के बाद, विजेता सदस्यों को अपने बाड़े में ले सकती है।

इस समय, राज्य के 25 में से 22 लोकसभा सांसद सत्तारूढ़ वाय.एस.आर.सी.पी. के हैं तथा यह पार्टी केन्द्र में सत्तारूढ़ एन.डी.ए. का विधिवत हिस्सा हुये बिना, संसद में केन्द्र सरकार को समर्थन दे रही है। यह व्यवस्था दोनों ही दलों के अनुकूल है तथा यह सुरक्षित रूप से माना जा सकता है कि इसमें कोई विघ्न नहीं आयेगा।

तेलुगू देशम पार्टी जिसने उस मोर्चे में फिर से शामिल होने में अत्यधिक रूचि दिखाई है, जिससे वह 2019 में अलग हो गई थी तथा विधिवत केन्द्र

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )




# सोनिया गांधी भी विपक्ष की एकता के लिए बैंगलुरु में आयोजित बैठक में भाग लेंगी

## बैठक की पूर्व संध्या को, सोनिया गांधी विपक्ष के नेताओं के लिये भोज भी देंगी

- बैठक के लिये 24 विपक्षी दलों को मल्लिकार्जुन खड़गे की ओर से आमंत्रण भेजे गए हैं। इस बैठक में, विपक्ष के एकता मंच के राष्ट्रीय संयोजक का नाम निश्चित किया जाएगा।
- गौरतलब बात यह भी है कि, बंगाल के खूनी व हिंसात्मक पंचायत चुनाव के बाद पहली बार ममता बनर्जी, वामपंथी दल व कांग्रेस एक ही मंच पर मिलेंगे।
- विपक्षी दल इस बात से भी आशंकित हैं, जिस प्रकार भाजपा की प्रेरणा से शरद पवार की पार्टी विभक्त हो गई है तथा अजीत पवार का ग्रुप एकनाथ शिंदे सरकार में शामिल हो गया है। इससे विपक्ष पर दबाव है कि, वे जल्द से जल्द एकता प्राप्त करें, अन्यथा भाजपा बिहार व अन्यत्र भी यह "एक्सपैरिमैंट" दोहरायेगी।

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 जुलाई। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाले एन.डी.ए. का मुकाबला करने के लिए संयुक्त मोर्चा बनाने हेतु विपक्षी पार्टियों की दूसरी बैठक सोमवार 18 जुलाई को बैंगलुरु में होगी, जिसके निमंत्रण 24 पार्टियों को भेजे गए हैं।

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, जो बैठक में भाग लेने वाली हैं, कांग्रेस द्वारा बुलाई बैठक के एक दिन पहले विपक्षी नेताओं के लिए डिनर आयोजित कर सकती है।

सूत्रों ने बताया कि पार्टियाँ संयुक्त मोर्चे का नाम और संयोजक तय कर सकती है।

विपक्षी पार्टियों की पहली बैठक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आग्रह पर बिहार में हुई, जिसमें 15 पार्टियाँ मौजूद थीं, इसके बाद शरद पवार की एन.सी.पी. (नैशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी) में विभाजन हो गया और उनका भतीजा अजीत पवार एकनाथ शिंदे और भाजपा की गठबंधन सरकार में शामिल हो गया। इससे भगवा पार्टी को चुनौती देने का संकल्प और मजबूत हुआ, जो सत्ता में रहने के लिए गलत तरीके इस्तेमाल करती है।

एन.सी.पी. के विभाजन से अटकलें लगी थीं कि बिहार जैसे अन्य राज्यों में भी विपक्षी एकता खंडित हो रही है, इसलिए अधिकांश विपक्षी नेता आर.एस.एस. के समर्थन वाली भाजपा से खासे सतर्क हैं जिसने सत्ता में रहने के लिए सारी नैतिकता को कूड़ेदान में डाल दिया है।

ममता बनर्जी बंगाल के ग्रामीण चुनाव में कांग्रेस और वाम मोर्चे से मुकाबले के बाद इस पहली बैठक में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

उपदेश देना सरल है, उपाय बताना कठिन है। –टैगोर

# जलवायु परिवर्तन के प्रति मानसिकता में उदासीनता क्यों?

जलवायु परिवर्तन की तीव्र गति और वर्तमान में मौसम के तेज बदलाव एवं अनिश्चितता के कारण ठंडी-गर्मी का एहसास प्रतिदिन देखने में आ रहा है। अत्यधिक वर्षा एवम बाढ़ की त्रासदी एवं मौसम की भविष्यवाणी रोज हमें आगाह करती है कि हम जलवायु परिवर्तन के प्रति उदासीन नहीं रह सकते । दूसरी ओर, संयुक्त राष्ट्र के जलवायु परिवर्तन के बारे में गठित पैनल ने एक चेतावनी प्रस्तुत की है कि यदि समय रहते हमने तापमान की वृद्धि 1.5 डिग्री तक सीमित करने की दिशा में शीघ्र कदम नहीं उठाया तो फिर हमारे लिए अवसर खिड़की बंद हो जाएगी और हम तापमान को नियंत्रित नहीं कर पाएंगे।

इसलिए आवश्यक है विश्व के सभी देश मिलकर इस ओर कदम उठाएं। जलवायु के परिवर्तन को टालना लगभग असंभव है किंतु विश्व की मुख्यधारा में सभी देश संयुक्त रूप से कदम उठाएं और समय रहते कार्य संपन्न करने से कुछ सीमा तक जलवायु परिवर्तन की विभीषिका से बच सकेंगे। यक्ष प्रश्न यह है कि हम दिन-प्रति दिन जलवायु परिवर्तन के लिये उदासीन क्यों हैं? ऐसा लगता है कि हमारे मस्तिष्क पर इसका कोई असर नहीं हो रहा है अत: हम इसके लिए आवश्यक कदम व्यक्तिगत स्तर पर उठाने के लिए मजबूर नहीं है !

यह स्पष्ट है के जलवायु परिवर्तन के खतरे को हम रोज झेलने को तैयार रहते हैं लेकिन भविष्य में इसे कैसे रोका जाए इसके लिए कोई कदम उठाने के लिए तैयार नहीं। यह एक विरोधाभास है खतरे का आभास होते हुए भी इसके लिए व्यक्तिगत स्तर पर हम सोचने का प्रयास नहीं करते।

हाल ही में एक पुस्तक प्रकाशित हुई है जिसका शीर्षक है 'माइंडिंग द क्लाइमेट'। लेखिका ऐन क्रिश्टीन दुहामे (जो हार्वर्ड में न्यूरो सर्जरी की प्रोफेसर हैं) ने बताया है कि आज हमारा व्यवहार इस प्रकार परिवर्तित हो गया है कि हम केवल एक अच्छे इनाम या आशा के अनुरूप बदलते हैं अन्यथा तत्काल कोई लाभ न होने से हम अपनी आदतों को नहीं बदलते। केवल सूचना देने से व्यवहार में परिवर्तन नहीं आता क्योंकि हम अपनी आदत से बाज नहीं आते।

आज की व्यवस्था में पर्यावरण के चुनौतियों का सामना हम करने की स्थिति में नहीं है। खतरे की घंटी जानकर शायद धीरे-धीरे अब बदलाव की ओर बढ़ रहे हैं किंतु अभी तक हम शारीरिक रूप से कार्बनडाइऑक्साइड के उत्सर्जन के एहसास के प्रति सजग नहीं है। जब तक इसे हम व्यक्तिगत खतरा नहीं मानते, सामाजिक स्तर पर बदलाव लाना मुश्किल होगा। यह भी स्पष्ट है कि बदलाव के लिए रिसर्च अभी केंद्रित नहीं है। किस प्रकार सोच बदली जा सकेगी इसके लिए कोई रिसर्च की तस्वीर नहीं है।

**विश्व के सभी देश मिलकर इस ओर कदम उठाएं। जलवायु के परिवर्तन को टालना लगभग असंभव है किंतु विश्व की मुख्यधारा में सभी देश संयुक्त रूप से कदम उठाएं और समय रहते कार्य संपन्न करने से कुछ सीमा तक जलवायु परिवर्तन की विभीषिका से बच सकेंगे।**

ग्रीनहाउस गैसेस अदृश्य हैं इसी कारण मस्तिष्क के एक स्टडी का निष्कर्ष निकला है जो उपभोक्ता की मानसिकता में झलकता है। पर्यावरण से मस्तिष्क में क्या असर पड़ता है और उपभोक्ता की मानसिकता में क्या अंतर आ सकता है इसके लिए अध्ययन के निष्कर्ष में पाया गया है कि अभी वह बदलाव के लिए तैयार नहीं है। हम मार्गदर्शन के रुप में उसको प्रोत्साहत करने एवं उसे कुछ लाभ देने के लिए अध्ययन कर सकते हैं।

हार्वर्ड अस्पताल के एक रिसर्च मे पाया गया कि जो मरीज हरे पेड़ों को खिड़की से देखते हैं अधिक जल्दी स्वास्थ्य लाभ करते हैं, मुकाबले उनके जो केवल अस्पताल के बाहर की दीवारों को देख पाते हैं। इस प्रकार मरीजों को जिस प्रकार का लाभ हुआ और हो सकता है उस बदलाव के लिए तुरंत उपाय एवं क्षमता प्राप्त करने के लिए प्रयास होना चाहिए जो कि वर्तमान में नहीं हो रहा है।

वर्तमान में हमारा मस्तिष्क सोशल मीडिया एवं टीवी आदि के कार्यक्रमों में इतना व्यस्त और मशगूल रहता है कि हम खतरों को सोचने-समझने के लिए समय भी नही निकाल पाते और हम विचारों-समाचारों की भीड़ में तमाशा स्वयं बन कर रह जाते हैं। सोचने-समझने की शक्ति के लिए बहुत कम समय बचा है। योग आदि से मानसिकता में कुछ बदलाव आ रहा है और इसमें समय लगेगा ।

फिल्म बनाने वालों के मन में कोई इस प्रकार का सक्रिय विचार नहीं आया है कि पर्यावरण परिवर्तन एवं जलवायु की विभीषिकाओं के प्रति फिल्म बनाने के लिए प्रेरणा मिल सके ।

समय आ गया है कि देश के नेताओं को जागृत किया जाए? कौन करेगा ?

दूसरी ओर, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अब तक जो प्रगति हुई है उसे संतोषजनक नहीं कहा जा सकता है। अभी हाल ही में बोन, जर्मनी में संयुक्त राष्ट्र की एक समिति की बैठक हुई जो 5 से 15 जून तक थी। आगामी दिसंबर में होने वाली यूएई में बैठक (COP28) के लिये 10 दिन में केवल एजेंडा या कार्य सूची तय करने में लगा। यह तय नहीं हो पाया कि जो फंड जलवायु परिवर्तन से सर्वाधिक पीड़ित देशों के लिए उपलब्ध कराया जाएगा वह किस प्रकार और किसके द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। अधिक संभावना के खतरों के वाले देशों के लिए अलग से फंड कायम करना जरूरी है किंतु तय नहीं हो पाया कि किस प्रकार कौन से देश यह धन उपलब्ध करेगे?

उपरोक्त स्थिति में ऐसा प्रतीत होता है कि जब तक जन आंदोलन का रूप जलवायु परिवर्तन की विभीषिका की सम्भावना नहीं ले लेती तब तक व्यक्तिगत स्तर पर एहसास होना जरूरी होगा। हमें खतरे का आभास बराबर अखबारों से एवं आए दिन खतरे की घंटी बाढ़ एवं सूखे की स्थिति से आगाह और रूबरू होना पड़ता है लेकिन फिर भी हम क्यों नहीं जाग रहे हैं। मानसिकता में उदासीनता क्यों है इसका अध्ययन करना बहुत जरूरी है। उस पर प्रकाश डालना और रिसर्च की आवश्यकता है?

निष्कर्षत: आज जलवायु परिवर्तन पर प्रत्येक स्तर पर बहस एवं सार्थक कार्यवाही की जरूरत है अन्यथा बहुत देर हो चुकी होगी जबकि पहले से ही 1.5 डिग्री तापमान में बढ़ोतरी हो चुकी है और इससे आगे के खतरे की संभावना बनी हुई है। क्या हम ऐसा कर पाएंगे? यह समय बताएगा, फिर भी हमें एक-दूसरे को सजग रहने के लिए प्रयत्न करना होगा । परिवार मे भी हमें यह बहस करनी चाहिए।

सरकार को विशेष रुप से ध्यान देना होगा और केवल वोटों की राजनीति से हटकर इस पर सरकार को सोचने के लिए मजबूर करने के लिए यदि आंदोलन करना पड़े हमें उसे करना चाहिए।

**–आई.सी. श्रीवास्तव,**
**(आई.ए.एस. से.नि.)**

## राशिफल गुरूवार 13 जुलाई, 2023



पंडित अनिल शर्मा

वैशाख मास, कृष्ण पक्ष, एकादशी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2080, श्रवण नक्षत्र प्रात: 7:35 तक, साध्य योग प्रात: 6:31 तक, वणिज करण प्रात: 10:00 तक, चन्द्रमा सांय 6:43 से कुम्भ राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मेष, चन्द्रमा-मकर, मंगल-मिथुन, बुध-मेष, गुरू-मीन, शुक्र-वृष, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज भद्रा दिन 10:00 से रात्रि 20:45 तक रहेगी। पंचक सांय 6:43 से आरम्भ होंगे। आज वैशाखादि (बंगाल), माघ बिहु (आसाम) है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ 7:41 से 9:16 तक, चर 12:27 से 2:02 तक, लाभ-अमृत 2:02 से 5:12 तक।

**राहूकाल:** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 6:07, सूर्यास्त 6:47

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। चलते कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।

**सिंह**
स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। मन का भय समाप्त होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी।

**धनु**
घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

**वृष**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**कन्या**
व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**मकर**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति में सुधार होगा। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मिथुन**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आज आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। आज शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

**तुला**
परिवार के कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। परिवार में अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। आर्थिक विवादों से राहत मिल सकती है।

**कुंभ**
अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। व्यक्तिगत पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है।

**कर्क**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आज परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।


**मीन**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

# अच्छा साहित्य समाज के लिए प्रेरणादायी एवं दूरदर्शी कदम है : ओम बिरला

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रणवीर प्रताप पुस्तक का विमोचन किया

**उदयपुर, (निसं)।** महाराणा प्रताप का सामाजिक सरोकार, वैज्ञानिक, आर्थिक दूरदर्शिता के अप्रकाशित दुर्लभ तथ्यों को जल शोधन, जस्ता प्रग्गलन विधि, संघर्ष काल व्युह रचना जैसे अनेक उदाहरणों से वर्तमान परिस्थितियों में उपयोगिता को समझाने वाली, डॉ. शिवदान सिंह जोलावास द्वारा लिखित अनूठी पुस्तक प्रणवीर प्रतापका लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा विमोचन किया।

अमी संस्थान द्वारा प्रकाशित पुस्तक प्रणवीर प्रतापमें लेखक डॉ. शिवदान सिंह जोलावास ने महाराणा प्रताप के जीवन के अनछुए पहलुओं, विराट जीवन चरित्र जिसकी वर्तमान प्रासंगिक परिस्थितियों में विद्यार्थियों, आमजन के लिए उपादेयता को पहुंचाने के लिए इसमें नाटक, कविता, लेख एवं शोध पत्रों का समावेश किया गया है।




पुस्तक प्रणवीर प्रताप का लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विमोचन किया।

पुस्तक की भाषा हिंदी, अंग्रेजी तथा राजस्थानी होने से यह सभी वर्ग के लिए सरल रूप में उपलब्ध है। इसमें महाराणा प्रताप के परिवार की, संघर्ष के दौरान सहयोग भूमिका पर प्रकाश डाला गया है। मेवाड के तेजोमय संस्कृति में प्रतापी चेतना को दर्शाने वाली प्रणवीर प्रताप का विमोचन करते बिडला ने कहा कि अच्छा साहित्य समाज के लिए प्रेरणादाई एवं दूरदर्शी कदम है, अमी संस्थान द्वारा इस तरह का साहित्य प्रकाशित कर एक रचनात्मक कार्य किया है। अमी संस्थान उपाध्यक्ष योगेश कुमावत ने बताया कि महाराणा प्रताप को स्वतंत्र समर के अपराजित योद्धा एवं युद्ध तक सीमित कर दिया गया हमारा उद्देश्य नई शिक्षा नीति के अनुरूप महान नायकों के चरित्र को युवा पीढी तक पहुंचाने का है। पुस्तक में प्रताप कालीन

- 'पुस्तक की एक हजार प्रतियां विदेशों में रह रहे प्रवासी राजस्थानीयों में वितरित की जाएगी'

शस्त्रागार, आर्थिक संपन्नता के स्त्रोत, प्रकृति संरक्षण, जल प्रबंधन, कला के विविध आयाम एवं रचनात्मक सृजन को देश-विदेश तक पहुंचाना है। राजस्थान एसोसिएशन कीनिया चेयरमैन बागेन्द्र बागडा ने बताया कि पुस्तक की एक हजार प्रतियां विदेशों में रह रहे प्रवासी राजस्थानीयों में वितरित की जाएगी। विमोचन अवसर पर समाजसेवी देवी सिंह फिला, विधायक राजसमंद दीप्ति महेश्वरी, महिला मोर्चा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ अलका मूंदडा, मोटियार परिषद संभाग पाटवी राहुल सिंह भाटी, राज उजास सह सचिव विक्रम सिंह एवं शिक्षा सेवी गोविंद दीक्षित तथा राहुल कुमावत कई सहित चित्रकार व कई लोग उपस्थित थे।

# छात्रावास में रहने वाली बालिकाओं से व्यवस्थाओं को लेकर फीडबैक लिया

## आवासीय विद्यालय में अधिकारी गहनोलिया ने अध्यापन सम्बन्धित जानकारी भी ली

**चूरू, (कासं)।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में कक्षा 6 से 12 तक की बालिकाओं को पढ़ाने वाली मैडम द्वारा 'बालिकाओं' शब्द भी शुद्ध नहीं लिखा गया। यहां नव प्रवेक्षित बालिकाओं के स्वागत व पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि समसा एडीपीसी सांवरमल गहनोलिया व कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही बागला बालिका विद्यालय की प्रधानाचार्य निर्मला गहलोत ने भी मोटे-मोटे अक्षरों में लिखे गए अशुद्ध शब्द को सही करवाने का काम नहीं किया। हालांकि समसा एडीपीसी सांवरमल गहनोलिया ने तो यहां फीडबैक भी लिया गया था। यह कैसा फीडबैक लिया है, वो ही जाने। हां, इतना जरूर है कि इससे इनकी सतर्कता की पोल खुल रही है।

इस दौरान एडीपीसी गहनोलिया ने छात्राओं से छात्रावास में रहने, खाने-पीने व पढ़ाई से संबंधित अनेक व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया। इस अवसर पर निर्मला गहलोत ने छात्राओं से वार्ता कर उनके अध्ययन व अध्यापन की जानकारी ली तथा छात्राओं को अध्ययन के प्रति प्रोत्साहित कर लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने की बात कही। अध्यापिका कृष्णा पचार ने छात्रावास में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि यहां कक्षा 6 से 12 तक की बालिकाओं की नि:शुल्क आवासीय व्यवस्था है। पचार ने बताया कि छात्रावास में प्रवेश लेने वाली प्रत्येक छात्रा को 150 रुपये सरकार द्वारा दिये जाते हैं। एनआईओएस द्वारा सिलाई व ब्यूटी



कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में नव प्रवेक्षित बालिकाओं का स्वागत व पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

- कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय चूरू में किया नव प्रवेशित बालिकाओं का स्वागत

पार्लर का प्रशिक्षण, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, शैक्षिक भ्रमण, खेल मैदान, इंडोर सुविधायें, बैडमिंटन, कबड्डी, खो-खो, किशोरी मेले का आयोजन, शिक्षा से वंचित बालिकाओं को स्कूल से जोड़ने, छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर उज्जवल भविष्य की तैयारी करवाना सहित अनेक सुविधायें उपलब्ध करवाई जाती हैं। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका विमला देवी ने आगंतुक अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सुनीता दुलड़, तनुजा जड़िया, शबनम बानो, शुकेश कंवर, अनीता चौधरी, संतोष, अंजू पूनियां, चौकीदार मोहनलाल, कुबेर सिंह आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कृष्णा पचार ने किया।

# रींगस में देश का सबसे भव्य तोरण द्वार बनेगा

## इस द्वार की लंबाई करीब 70 फीट होगी जो तीन पिलर पर बनेगा

**रींगस, (निसं)।** बाबा श्याम एवं भैरु नगरी के नाम से विख्यात रींगस शहर अब शीघ्र देश में धार्मिक पटल पर छाने वाला है। रींगस में देश का सबसे भव्य एवं बाबा श्याम का तोरण द्वार बनने जा रहा है जिसका भूमि पूजन 13 जुलाई गुरुवार सुबह 9:15 बजे स्थानीय विधायक एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री महादेव सिंह खंडेला के कर कमलों से एवं पंडितों के वैदिक मंत्रोचार के बीच किया जाएगा।

मंदिर कमेटी के गजेंद्र सिंह उर्फ बबलू एवं विक्रम सिंह चौहान ने बताया कि श्याम भक्तों एवं स्थानीय निवासियों द्वारा शहर के भैरुजी मोड़ पेट्रोल पंप के पास भारत का सबसे भव्य एवं दिव्य तोरण द्वार बनाया जा रहा है। इस द्वार की लंबाई करीब 70 फीट होगी जो तीन पिलर पर बनेगा।

इस दिव्य एवं भव्य तोरण द्वार में सबसे ऊपर भगवान विष्णु के वाहन गरुड़ जी मूर्ति के रूप में सुशोभित होंगे। मध्य भाग में राम भक्त हनुमान अपने मंगलमय रूप में भक्तों को दर्शन देंगे। जिनके पास ही रींगस के प्राचीन श्याम बाबा मंदिर का पूरा इतिहास अंकित होगा। वही दोनों तरफ भव्य शिखर होंगे जिनके ऊपर दिव्य कलश स्थापित किए जाएंगे। एवं सबसे ऊपर बाबा का प्रतीक श्याम निशान लगाया जाएगा। एवं तीनों पिलर पर पुरातन महत्व की बेजोड़ कलाकृति अंकित होगी। किरीट के रूप में बनने वाले इस तोरण द्वार के कुल 4 भाग होंगे जिसमें सबसे पहले द्वार फिर द्वार की छत छत के ऊपर भगवान हनुमान एवं उनके ऊपर भगवान गरुड़ होंगे। जिसे देखने के बाद कोई भी श्याम भक्त सेल्फी लिए बिना नहीं रह सकेगा।

- सबसे ऊपर भगवान विष्णु के वाहन गरुडजी होंगे, श्याम मंदिर का इतिहास होगा अंकित
- गुरुवार को सुबह विधायक महादेव सिंह करेंगे भूमि पूजन

एक तरह से यह श्याम जगत का सबसे बड़ा सेल्फी प्वाइंट बन जाएगा। इसमें सबसे बड़ी बात है कि इस भव्य तोरण द्वार के भूमि पूजन में क्षेत्र के प्रसिद्ध पंडितों को बुलाया गया है जिनके मंत्रोचार के साथ भूमि पूजन में पांच नदियों का जल, पांच चांदी की ईंटें एवं पंचधातु भी लगाई जाएगी। इस तोरण द्वार के डिजाइनर अनूप भरतिया है जो हाल ही में निर्मित चंबल रिवर एवं डब्ल्यूटीपी के डिज़ाइनर है। मंदिर कमेटी के अनुसार यह द्वार देवउठनी एकादशी तक बनकर तैयार हो जाएगा

श्याम सेवक महेंद्र सिंह एवं बबलू चौहान का कहना है कि इस भव्य एवं दिव्य तोरणद्वार के साक्षी बनने का एक दुर्लभ अवसर है जिसे सभी श्याम भक्तों को भुनाना चाहिए। तोरण द्वार के भूमि पूजन के अवसर पर सभी श्याम भक्त अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस दुर्लभ अवसर के स्वर्णिय चिर स्मरणीय साक्षी बने एवं रींगस शहर के लिए यह गौरवशाली पल बनाए। गजेंद्र सिंह एवं विक्रम सिंह चौहान ने बताया कि भूमि पूजन की सभी तैयारियां युद्ध स्तर पर पूरी कर ली गई है।

# बिना टिकट यात्रा कर रहे 24 हज़ार यात्रियों से रेलवे ने एक करोड़ रुपए वसूल किए

**जोधपुर, (कासं)।** उत्तर-पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल पर टिकट चेकिंग स्टाफ ने बिना टिकट यात्रियों से लगातार दूसरे माह भी एक करोड़ से भी अधिक राजस्व वसूली की है। इससे पहले मई में भी जोधपुर मंडल पर बेटिकट यात्रियों से रेलवे ने एक करोड़ दस लाख रुपए का राजस्व वसूल किया था।

सीनियर डीसीएम विकास खेड़ा ने बताया कि डीआरएम पंकज कुमार सिंह के निर्देशानुसार जोधपुर मंडल पर चलाए जा रहे सघन टिकट जांच अभियान के दौरान जून में बिना टिकट, अनियमित यात्रा, बिना बुक सामान के साथ यात्रा सहित कुल 24 हजार 308 मामले पकड़े गए जिनसे रेलवे ने एक करोड़ 5 लाख 73 हजार 121 रुपए का उल्लेखनीय राजस्व वसूल किया है।

- वहीं कचरा फैलाने पर 1135 यात्रियों से जुर्माना वसूला

उन्होंने बताया कि टिकट चेकिंग स्टाफ को अलग-अलग समूह बनाकर विभिन्न रेल खंडों में सघन टिकट जांच के लिए भेजा गया व ट्रेनों में औचक जांच की गई। इसके अतिरिक्त जोधपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर भी सघन टिकट जांच की गई थी। खेड़ा ने बताया कि मई व जून में समर वेकेशन होने के कारण रेलवे को ट्रेनों में आशानुरूप ज्यादा ट्रैफिक मिला।

जोधपुर मंडल पर जून में टिकट जांच के दौरान बिना टिकट पाए गए 15 हजार 538 मामलों से किराया व जुर्माना सहित 68.33 लाख, अनियमित यात्रा के साढ़े सात हजार मामलों से 36.94 लाख व बिना बुक लगेज के 11 मामलों से 9 हजार 500 रुपए वसूल किए गए। गंदगी फैलाते 1135 यात्री भी पकड़े।

जोधपुर मंडल पर सघन टिकट जांच अभियान के दौरान ट्रेनों व प्लेटफॉर्म पर कचरा फैलाने पर 1135 यात्रियों से रेलवे ने 1.47 लाख रुपए तथा धूम्रपान करते पकड़े जाने पर 66 यात्रियों से 13 हजार 300 रुपए का जुर्माना वसूला। सभी रेल खंडों पर की सघन टिकट चेकिंग अभियान के दौरान मंडल के लूणी, समदड़ी,भीलड़ी, बाड़मेर, पाली, फलोदी, जैसलमेर, मेड़ता रोड, नागौर, बीकानेर, डेगाना, रतनगढ़ व फुलेरा सेक्शन में टिकट चेकिंग की गई जिससे उल्लेखनीय राजस्व वसूल करने में सफलता मिली।

# बीकानेर में पारा 40 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

**बीकानेर, (निसं)** यहां एक बार फिर तेज गर्मी शुरू हो गई है। दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया है, वहीं रात में भी उमस के साथ बढ़ा हुआ पारा जनजीवन को प्रभावित कर रहा है। मौसम विभाग ने एक बार फिर बारिश की उम्मीद जताई है, ऐसे में लोग बारिश का इंतजार कर रहे हैं।

बीकानेर में पिछले दिनों तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था, लेकिन अब धीरे धीरे फिर बढ़ गया है। मौसम विभाग की माने तो 12 से 18 जुलाई के बीच बीकानेर संभाग में कहीं-कहीं बारिश होने की उम्मीद है। वहीं 17 और 18 जुलाई को ज्यादा तेज बारिश हो सकती है। बीकानेर शहर में बारिश के लिए मौसम विभाग ने कोई भविष्यवाणी नहीं की है, अलबत्ता ये कहा है कि 18 जुलाई तक बारिश नहीं होगी। अगर ऐसा होता है तो तापमान में बढ़ोतरी होना तय है। फिलहाल तापमान 40 डिग्री से ऊपर है, जो 18 जुलाई तक 44 के आसपास आ सकता है।

- दोपहर में बाहर निकलना हुआ मुश्किल

रात में भी बीकानेर में तीस डिग्री सेल्सियस तक पारा हो गया है। इसमें भी बढ़ोतरी की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल उमस और तेज धूप के चलते बीकानेर में जनजीवन काफी प्रभावित हो रहा है। दोपहर के समय सड़कों पर लोगों की आवाजाही कम हो गई है। वहीं, एसी के स्विच ऑन हो चुके हैं।

# स्कूली बस अनियंत्रित होकर पलटने से एक की मौत, 36 छात्र-छात्राएं घायल

## पोकरण हॉस्पीटल से 11 बच्चों को गंभीर हालत में जोधपुर के एमडीएम हॉस्पीटल रेफर किया

**पोकरण,** (निसं)। पोकरण में छात्र-छात्राओं को लेकर जा रही स्कूल बस बुधवार को सुबह आठ बजे पलट गई। हादसे में कंडक्टर की मौत हो गई, जबकि 36 बच्चे घायल हो गए। ड्राइवर को मामूली चोटें आई हैं। हादसा पोकरण के भेसडा गांव का है।

गांव में ज्ञानदीप प्राथमिक स्कूल है। पोकरण में साकडा थाना क्षेत्र के भैसडा गांव मे बुधवार सुबह करीब 8 बजे बच्चों को उनके घर से लेकर बस स्कूल की ओर जा रही थी। स्कूली परिवहन बस में ड्राइवर ने बस में सीटों की संख्या से ज्यादा बच्चों को बैठा रखा था। स्कूल से करीब दो किलोमीटर पहले बस का अचानक संतुलन बिगड़ गया और सड़क से उतर गई। सड़क किनारे गीली मिट्टी होने से बस पलट गई। दुर्घटना स्थल परबच्चों की चीख-पुकार सुनकर आस-पास के ग्रामीण दौड़े।

सूचना पर साकडा थाना पुलिस के एएसआई खुशालचंद मय जाब्ता मौके पर पहुंचे। बस को सीधा कर बच्चों को बाहर निकाला गया। बच्चों के सिर, हाथ और मुंह से खून बहने लगा। पुलिस बच्चों को पोकरण नीजी वाहनों व 108 की सहायता से अस्पताल लेकर गई। स्कूली छात्रों के परिजन भी हॉस्पिटल पहुंच गए।



स्कूल बस पलटने के बाद घायल बच्चों में चीख-पुकार मच गई।

पोकरण हॉस्पीटल से 11 बच्चों को गंभीर हालत में जोधपुर के एमडीएम हॉस्पीटल रेफर किया गया है। पोकरण उप जिला चिकित्सालय में 25 बच्चे भर्ती है।

- **हादसे में बस ड्राइवर को मामूली चोटें आई हैं जबकि कंडक्टर की मौत हो गई**

हादसे में घायल बस ड्राइवर जीवराज सिंह (23) और स्टूडेंट चंचल (6), मनीषा (4), जीवराज (10), पूनम (8), देवीसिंह (8), मांगू सिंह (6), मोती सिंह (8), स्वरूप कंवर (10), धन सिंह (11), दिलीप सिंह (11), जीतू कंवर (6), आवड सिंह (7), खेत सिंह (9), सोना (9), प्रेम सिंह (6), जसू कंवर (8), जितेंद्र सिंह (6), गुलाब सिंह (10), रावल सिंह (5), वसुंधरा (10), लीला (7), विरेंद्र सिंह (7), जीतू सिंह (7), किरण कंवर (8), भोम सिंह (9) का पोकरण जिला चिकित्सालय में इलाज चल रहा है। हादसे में गंभीर घायल स्कूली छात्र एवं छात्राएंपृथ्वी सिंह (4), विमला (10), अंजू कंवर (4), जस्सू पुत्र बाबू सिंह (10), वर्षा कंवर (12), जमना कंवर (11), आमु सिंह (11), जस्स कंवर (11), हंसू कंवर (4), लक्ष्यराज (4) और हैप्पी (12) को जोधपुर के एमडीएम हॉस्पिटल में रेफर किया गया। जोधपुर मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. दिलीप कछवाह ने बताया कि हादसे में बस कंडक्टर विक्रम सिंह (21) की मौत हो गई। तीन बच्चों के हाथ-पैर और एक बच्चे के मुंह पर फ्रैक्चर है। हादसे में बस ड्राइवर को मामूली चोटें आई हैं। जबकि कंडक्टर की मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच की शुरू की।

**20 की सिटिंग और बैठा रखे थे 37 बच्चे :-** जिस बस में हादसा हुआ वह ज्ञानदीप बाल निकेतन स्कूल की है। यह स्कूल जैसलमेर जिले के साकड़ा में है। जिस समय हादसा हुआ बस में 37 जने सवार थे। जबकि मिनी बस लेवल का यह वाहन सिर्फ 20 जनों तक की क्षमता ही संभाल सकता है। ऐसे में बस सहायक और कुछ बच्चे उस समय खड़े थे जब हादसा हुआ।

**बारिश के कारण कीचड़ से हादसा :-** हादसे में पुलिस के अनुसार जब वाहन सड़क से नीचे कच्ची रोड पर उतरा तो वहां बारिश के कारण बड़ी मात्रा में कीचड़ जमा हुआ था। इसी कारण बस का संतुलन बिगड़ गया और बस अचानक से पलट गई।

# सुकड़ी नदी में फंसे पांच लोगों को बाहर निकाला, एक की मौत

## कार से माउंट आबू घूमकर लौट रहे थे सिणधरी निवासी पांच व्यक्ति



जालोर के निकट धुम्बडिया स्थित सुकड़ी नदी में फंसे लोगों को एनडीआरएफ की टीम ने बाहर निकाला।

**जालोर,** (कासं)। एनडीआरएफ की टीम ने जालोर जिले के धुम्बडिया गांव के पास सुकड़ी नदी में फंसे छह व्यक्तियों में पांच को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। वहीं एक व्यक्ति की मौत हो गई।

जालोर के धुम्बडिया के निकट सुकड़ी नदी में मंगलवार देर रात्रि एक बजे छह जनों के फंसे होने की सूचना मिलने पर जिला प्रशासन द्वारा एनडीआरएफ टीम को रेस्क्यू के संबंध में सूचित किया गया। जिस पर एनडीआरएफ टीम कमांडर विनय कुमार भाटी के नेतृत्व में गांव धुम्बडिया पहुंच सुकड़ी नदी में फंसे छह व्यक्तियों को सकुशल बाहर निकाला गया। मंगलवार देर रात्रि को कार से माउंट आबू घूमकर लौट रहे सिणधरी निवासी पांच व्यक्ति तथा अपने रिश्तेदार से मिलने के लिए जा रहा बाइक सवार नदी के तेज प्रवाह में फंसे गये। जिसमें एक आदमी बबूल पर चढ़ गया तथा बाकी सभी आदमी पिल्लर को पकड़ कर रुके रहे।

- **वहीं रिश्तेदार से मिलने जा रहा बाइक सवार नदी के तेज प्रवाह में फंस गया था**

टीम कमांडर (एनडीआरएफ आरआरसी किशनगढ़) इंचार्ज योगेश कुमार मीणा के निर्देशन में एनडीआरएफ टीम घटनास्थल पर मौके पर पहुंची तथा कार सवार चार आदमी व बाइक सवार एक आदमी को सुरक्षित जीवित बाहर निकाला गया। वहीं एक व्यक्ति धनजी का वाडा निवासी भगवानाराम कुभाराम की मौत हो गई। इस दौरान बागोड़ा उपखण्ड अधिकारी गरिमा शर्मा, भीनमाल उप पुलिस अधीक्षक हिम्मतसिंह, बागोड़ा थानाधिकारी कमल किशोर मय पुलिस जाब्ता उपस्थित रहा।

# भाजपा नेत्री प्रियंका चौधरी ने विधायक जैन पर गंभीर आरोप लगाए

**बाड़मेर,** (निसं)। बाड़मेर में रिको की जमीन पर फर्जी पट्टे बनाने को लेकर भाजपा नेत्री डॉ. प्रियंका चौधरी ने बुधवार को प्रेस वार्ता कर बाड़मेर विधायक मेवाराम जैन पर गंभीर आरोप लगाए।

डॉ. चौधरी ने कहा कि रिको की जमीन पर फर्जी पट्टे विधायक जैन की शह के बिना नहीं बन सकते। विधायक जैन भू माफियों को शह दे रहे है। उन्होंने कहा कि हाल ही में विधायक जैन द्वारा प्रेस वार्ता में यह माना है कि भू माफियों द्वारा फर्जी पट्टे बनाए जा रहे है। ऐसे में विधायक जैन और नगर परिषद द्वारा आज दिन तक उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज नही की गई। डॉ. प्रियंका ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में कांग्रेस का राज है। नगर परिषद में भी कांग्रेस का बोर्ड है। ऐसे में नगर परिषद में भ्रष्टाचार चर्म पर है। बाडमेर विधायक भू माफियों को शह दे रहे हैं, इसलिए फर्जी पट्टे बनाए जा रहे हैं। उनकी जांच की जाए। डॉ. चौधरी ने कहा कि बाडमेर में पहाड, नाडियों, गोचर कोई सुरक्षित नही है, वहां पर भी नगर परिषद ने पट्टे जारी कर दिए हैं। यहां तक कि पुलिस की फाईरिंग रेंज पर भी फर्जी पट्टे देने की तैयारी चल रही थी। पुलिस की सतर्कता से नही बन पाए।

- **बाड़मेर में रिको की जमीन पर फर्जी पट्टे बनाने को लेकर डॉ. प्रियंका चौधरी ने प्रेस वार्ता की**

डॉ. चौधरी ने राहत शिविर में जनता को परेशान करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अगर सरकार चाहती तो जन आधार को लिंक करते ही सीधा जनता को लाभ दिया जा सकता था, जबकि राहत शिविर लगाकर सरकार से राजस्व का नुकसान किया है।

उन्होंने विधायक जैन पर विकास पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले 15 साल से जैन स्वयं विधायक है, लेकिन बाडमेर को संभाग तक नहीं बना पाए। विधायक जैन ने हमेशा बाडमेर की जनता को पीछे धकेलने का काम किया है। चौधरी ने दो टुक शब्दों में कहा कि विधायक या तो भ्रष्ट है या दबाव में है तभी वे भू माफियाओं के आगे असहाय है। वहीं चौधरी ने अतिक्रमणों की जांच की मांग की है।

# मसूदा बी.डी.ओ. को ए.पी.ओ. किया

**मसूदा,** (निसं)। भाषा को लेकर लगातार विवादों में रहने वाले मसुदा पंचायत समिति के विकास अधिकारी फिरोज खान को आखिर मसूदा से एपीओ होकर रुखसत होना पड़ा। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के उपायुक्त एवं शासन उप सचिव द्वितीय घनश्याम शर्मा ने आज मंगलवार को मसूदा पंचायत समिति के विकास अधिकारी फ़िरोज खान का एपीओ आदेश जारी कर मुख्यालय पंचायती राज विभाग, राजस्थान जयपुर किया फिरोज खान अविलम्ब अपनी उपस्थिति आदेशों की प्रतीक्षा में मुख्यालय, पंचायती राज विभाग, जयपुर पर प्रस्तुत करेंगे अन्यथा राज्यादेशों की अवहेलना मानी जावेगी।

- **भाषा को लेकर विवादों में रहे हैं**

# 16 जुलाई को भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा की सभा बीलवा में

**जयपुर।** प्रदेश भाजपा आने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर कमर कस ली है। इसी की तैयारियों के लेखक प्रदेश में राष्ट्रीय नेताओं के दौरे लगातार करवाए जा रहे हैं। पिछले महीने ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी सहित अनेक नेताओं के दौरे करवाए गए थे। वही इसके साथ ही 16 जुलाई को एक बार फिर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जयपुर में बड़ी सभा को संबोधित करेंगे। इसके लिए भाजपा नेताओं ने बुधवार को बीलवा स्थित में चंदन वन मे सभा का आयोजन किया जाएगा।

प्रदेश भाजपा के द्वारा चलाए जा रहे अभियान नही सहेगा राजस्थान की शुरुआत राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा बड़ी सभा के द्वारा की जाएगी। इस दौरान बुधवार को भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी, सांसद रामचरण बोहरा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रवन सिह बगड़ी, जयपुर जिला देहात दक्षिण अध्यक्ष रामानंद गुर्जर, जयपुर शहर अध्यक्ष राघव शर्मा, जयपुर देहात उत्तर जितेंद्र शर्मा, स्थानीय बीलवा पंचायत के पूर्व उप सरपंच सरपंच प्रतिनिधि सहकारी समिति के डायरेक्टर शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सतीश शर्मा, सियाराम शर्मा, बगरू देहात युवा मोर्चा पूर्व महामंत्री रामकरण शर्मा, ब्रह्म प्रकाश शर्मा, तारा प्रकाश शर्मा, जिला महामंत्री बृजेश लाटा, जयपुर देहात दक्षिण सह प्रभारी विमल अग्रवाल ने मौके पर जाकर सभा स्थल का अवलोकन किया।

- **भाजपा नेताओं ने सभा स्थल की तैयारियों का लिया जायजा**

इस दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की बड़ी सभा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान भाजपा नेताओं ने कहा कि ये सभा कांग्रेस के कुशासन के खिलाफ होगी। जिसमें किसानों को कर्जा माफ, बेरोजगारों को भत्ता का झुटा झांसा देकर सरकार में आई गहलोत सरकार ने इन इन 4 वर्ष 6 माह में भ्रष्टाचार का नंगा नाच किया, पेपर लीक प्रकरण, आर एस भर्ती में धांधली, सुरक्षा व्यवस्था में नाकाम, महिला उत्पीड़न व बलात्कार प्रकरण में देश में एक नंबर लूट व झूठ की सरकार को अब राजस्थान का युवा महिला किसान मजदूर 36 कौम का यह अन्याय अब नहीं सहन करेगा।

तुष्टीकरण की नीति ने तो बिल्कुल ही झकझोर दिया हिंदू आस्था श्रद्धा व विश्वास से खिलवाड़ रामनवमी आदि के जुलूस पर प्रतिबंध पीएफआई को खुली छूट इस बात का प्रमाण है।प्रदेश की जनता आने वाले समय में निश्चित तौर पर कांग्रेस की कब्र खोदेगी राजस्थान के लिए कांग्रेस को हमेशा हमेशा के लिए मुक्त कर देंगे।

# युवक की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**पिण्डवाड़ा,** (निसं)। पिण्डवाड़ा थाना क्षेत्र के शहर के उदयपुर बस स्टैंड के सामने की गली में किराए के मकान में रहने वाले अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी में कार्यरत दो मजदूरों में जमकर गाली-गलौज के बाद झगड़ा होने पर युवक ने गला रेतकर गुप्तांग काटकर हत्या कर दी।

पुलिस सूत्रों के अनुसार राजू पुत्र सुभाषच्चन निवासी डमरु पीलीभीत उत्तर प्रदेश और मान सिंह पुत्र ब्रह्मानंद बैरवा निवासी कवासपुरा अंता बारा दो जने अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी में कार्यरत हैं। वहीं दोनों जने पिंडवाडा के उदयपुर बस स्टैंड के सामने की गली में महेंद्र कुमार सोनी के मकान में किराए पर रहते हैं। कई दिनों से इन दोनों के बीच तकरार चल रही थी। राजू रोजाना मानसिंह से गाली गलौज करता और अभद्र व्यवहार करता था। आए दिन रोजाना उसको ताने मारता था। इस वजह से राजू तंग आ गया था। नौ जुलाई को शाम को दोनों जने अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी से कम खत्म करके रूम पर आए थे। जिसके बाद दोनों में जमकर गाली-गलौज हुई थी। जिसके बाद मानसिंह में आक्रोश पनप गया और रात्रि को अपने साथ में रह रहे हैं। राजू की गला रेतकर हत्या करने का प्रयास किया। जिसके बाद उसका मन नहीं भरा था। उसने उसका गुप्तांग काट दिया और उसे गले में रस्सी का फंदा लगाकर पंखे पर लटका कर निर्मम हत्या कर दी थी।

हत्याकांड को अंजाम देकर मौके से फरार हो गया था। इस घटना की जानकारी सुबह शहर में फिरते ही सनसनी मच गई थी। वही पास में रह रहे लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी थी। थाने में जानकारी मिलते ही थानाधिकारी चंपालाल बारड ने इस घटना की जानकारी पुलिस उप अधीक्षक जेठू सिंह करनोत के साथ घटनास्थल पर पहुंचे घटना की बारीकी से जांच कर फरार हुए आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए एसआई भंवरलाल सिरवी हेड कानिंस्टेबल ओमप्रकाश विश्नोई, कानिस्टेबल जीवाराम, तुलसाराम, रमेश कुमार, कल्याण सिंह की टीम बनाकर तलाश में लगा दिया। वहीं हत्यारा मानसिंह फरार होने के चलते उदयपुर पहुंचा। जहां बस स्टैंड पर अपने गांव अंता बारा जाने के लिए बस में चढ़ रहा था।

पिंडवाडा पुलिस ने उदयपुर पुलिस की मदद से उसे गिरफ्तार कर लिया और पुलिस थाने ले आए। जिसके बाद उसकी पूछताछ की। तब हत्या का राज उगलते हत्या करना कबूल किया और बताया कि बाबूजी बलिया कि मैं इसकी किच किच और रोज की गाली गलौज से तंग आकर इस घटना को अंजाम दिया है। वहीं पुलिस ने मृतक के पिता की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है।

# अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर दिया

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा प्राध्यापक- राजनीति विज्ञान एवं रसायन विज्ञान विषय की काउंसलिंग दौरान अनुपस्थित रहे विचारित सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों को पात्रता जांच का अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। आयोग के संयुक्त सचिव आशुतोष गुप्ता ने बताया कि उक्त विषयों के लिए विचारित सूचियों को 4 तथा 9 मई 2023 को जारी किया गया था। इन सूचियों में सम्मिलित अभ्यर्थियों की पात्रता जांच के लिए आयोग द्वारा 5 जुलाई से 12 जुलाई 2023 तक काउंसलिंग का आयोजन किया गया था।

इस दौरान उक्त विषयों के अनुपस्थित अभ्यर्थियों को पात्रता जांच के लिए 19 जुलाई 2023 को उपस्थित होने का अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। संस्कृत, भौतिक विज्ञान एवं जीव विज्ञान विषय के लिए आयोजित काउंसलिंग में अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा 11 जुलाई 2023 को उपस्थित होने का अवसर प्रदान किया गया था। इसमें अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों को पात्रता जांच के लिए 18 जुलाई 2023 को आवश्यक रूप से आयोग में उपस्थित होना होगा। अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों को पृथक से एसएमएस एवं पत्र के माध्यम से भी सूचित किया जा रहा है।

# कांस्टेबल पर महिला ने लगाया रेप का आरोप

**टोंक,** (निसं)। जिले के मालपुरा थाने में तैनात एक पुलिसकर्मी पर युवती ने रेप का आरोप लगाया। युवती झुंझुनूं क्षेत्र की निवासी बताई जा रही है, वह युवती मदरसे में पढ़ाने जाती है। युवती की शादी करवाने का झांसा देकर उसे देवली बुलाया गया था तथा लड़का दिखाने के नाम पर युवती के साथ कमरे पर रेप किया गया। देवली थाना प्रभारी जगदीश प्रसाद ने बताया कि इस सम्बन्ध में पीड़ित युवती ने पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया है। इसमें बताया कि युवती की मालपुरा थाना क्षेत्र निवासी पुलिस कांस्टेबल युसूफ अली से जान पहचान हुई। इस दौरान पुलिसकर्मी ने महिला को गत वर्ष देवली बुलाया। उस समय आरोपी देवली पुलिस थाने में तैनात था। जहां उसने कमरे पर ले जाकर चाकू की नोंक पर उसके साथ दुष्कर्म करने की घटना को अंजाम दिया। इस दौरान आरोपी पुलिसकर्मी ने पीड़ित युवती का अश्लील वीडियो भी बना लिया। इसके बाद उसने धमकाया की घटना के बारे में किसी को बताया तो, वह उसका अश्लील वीडियो वायरल कर देगा। इसके अलावा पुलिसकर्मी ने उसे जान से मारने की भी धमकी दी।

- **युवती झुंझुनूं क्षेत्र की निवासी बताई जा रही है**

पुलिस ने बताया कि पीड़िता पढ़ाई करती है। इसके अलावा वह मदरसा में भी नौकरी करती थी। उसने बताया कि आरोपी पुलिसकर्मी ने गत वर्ष उसे शादी के लिए लड़का दिखाने के बहाने उसे देवली बुलाया। जहां उसने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पीड़िता ने बताया कि घटना के बाद आरोपी 2 अगस्त 2022 को फिर उसके पास आया और गलत काम करने के लिए उस पर दबाव बनाया। इसके बाद पीड़िता आरोपी से परेशान होकर अपने गांव आ गई। इसके बाद भी आरोपी बार-बार मोबाइल पर फोन करके गलत काम करने के लिए दबाव डालता और उसकी वीडियो को वायरल करने की धमकी देता रहता है।

# कटारा के बेटे और पी.टी.आई. से पूछताछ

**डूंगरपुर,** (निसं)। पेपर लीक केस में आरोपी आरपीएससी मेंबर बाबूलाल कटारा के डॉक्टर बेटे और करीबी पीटीआई से एसओजी की टीम ने पूछताछ की। एसओजी के अधिकारियों की टीम बुधवार सुबह होते ही डूंगरपुर पहुंच गई। पेपर लीक केस में आरोपी बाबूलाल कटारा के डॉक्टर बेटे दीपेश कटारा और उनके करीबी पीटीआई प्रकाश मनात को पकड़कर कोतवाली थाने लेकर आई। एसओजी की टीम कोतवाली पहुंची। इसके बाद थाने के एक बंद कमरे में ही दीपेश और पीटीआई से पूछताछ की गई। एसओजी ने पेपर लीक और लेनदेन को लेकर कई सवाल पूछे।

एसओजी की टीम ने दोनों से करीब डेढ घंटे तक बंद कमरे में पूछताछ की। दोपहर करीब 12.30 बजे बाद आरपीएससी मेंबर बाबूलाल कटारा का बेटा दीपेश कमरे से बाहर निकला और चला गया। जबकि पीटीआई प्रकाश मनात को लेकर एसओजी की टीम बाहर आई। इसके बाद उसे एक गाड़ी में बैठाया और एसओजी की टीम रवाना हो गई। एसओजी की टीम पीटीआई को लेकर कहां गई है इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। एसओजी ने दोनों लोगों से की गई पूछताछ और गिरफ्तारी को लेकर कोई जानकारी नहीं दी है।

- **एस.ओ.जी. ने बंद कमरे में डेढ़ घंटे तक पूछे सवाल, पीटीआई को साथ लेकर गई**

जानकारी के अनुसार एसओजी ने 18 अप्रैल को सेकंड ग्रेड शिक्षक भर्ती-2022 के पेपर लीक प्रकरण में मुख्य आरोपी आरपीएससी मेंबर बाबूलाल कटारा को गिरफ्तार किया था। इसके बाद बाबूलाल कटारा के भानजे विजय और ड्राइवर को भी गिरफ्तार कर लिया था। एसओजी ने इससे पहले भी डॉक्टर बेटे दीपेश से पूछताछ की थी। एसओजी की टीम कुछ समय के लिए एसपी क्वार्टर के सामने भी रुकी। वहीं इसके बाद एसओजी की टीम ने शहर के एक होटल में खाना खाया और फिर रवाना हो गए।

# मोरन नदी पर बने पुल के उद्घाटन को लेकर विवाद

## लोकार्पण करने पहुंचे बी.टी.पी. विधायक को प्रशासन ने रोका

**डूंगरपुर,** (निसं)। जिले के सागवाडा विधानसभा क्षेत्र में मोरन नदी पर बने पुल के उद्घाटन को लेकर राजनीतिक विवाद हो गया। सागवाडा विधायक रामप्रसाद डेंडोर बुधवार को अपने समर्थकों के साथ जखडा टामटिया के बीच मोरन नदी पर पुल का उद्घाटन करने के लिए पहुंच गए, लेकिन प्रशासन को पता लगने पर विधायक को उद्घाटन करने से रोक दिया गया। इसके बाद मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया है। कांग्रेसी नेता 13 जुलाई को इस पुल का उद्घाटन करने वाले हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सागवाडा विधानसभा क्षेत्र में जखडा टामटिया के बीच मोरन नदी पर पुल बनकर तैयार हो गया है। पुल के उद्घाटन को लेकर कांग्रेस नेताओं की ओर से एक कार्ड सोशल मीडिया पर शेयर हो रहा है, जिसमें 13 जुलाई को पुल के उद्घाटन को लेकर जानकारी दी गई है। पुल के उद्घाटन की जानकारी सागवाडा से बीटीपी विधायक रामप्रसाद डिंडोर और उनके समर्थकों को मिली तो वह अपने समर्थकों के साथ एक दिन पहले ही पुल का उद्घाटन करने पहुंच गए। उनकी ओर से भी सोशल मीडिया पर 12 जुलाई को पुल के उद्घाटन का मैसेज शेयर किया गया था।

मामले की गंभीरता को देखते हुए डूंगरपुर से एडीएम हेमेंद्र नागर और एएसपी निरंजन चारण मौके पर पहुंचे। सागवाडा डीएसपी विक्रमसिंह, सागवाडा एसडीएम यतीन्द्र पोरवाल, तहसीलदार डॉ.रमेशचंद्र वडेरा, सागवाडा और वरदा थानाधिकारी की मौजूदगी में करीब 200 पुलिस जवानों का जाब्ता तैनात रहा। अधिकारियों ने विधायक और समर्थकों से पुल का उद्घाटन नहीं करने की समझाइश की और उद्घाटन करने से रोक दिया। इसके बाद विधायक अपने समर्थकों के साथ टामटिया मंदिर मंदिर पहुंचे। विधायक रामप्रसाद डिंडोर ने कहा कि ऐसे गड्ढे खोदकर हमें रोका नहीं जा सकता है। क्षेत्र का विधायक होने के नाते इस कार्य की स्वीकृति मुख्यमंत्री से कराई थी। प्रोटोकॉल के अनुरूप उद्घाटन में मेरी मौजूदगी आवश्यक होने के बाद भी कार्ड पर मेरा नाम नहीं होने से समर्थकों ने एक दिन पहले उद्घाटन करने की योजना बनाई थी।

- **सोशल मीडिया पर 12 जुलाई को पुल के उद्घाटन का मैसेज शेयर किया गया था**

**उद्घाटन कार्ड और पट्टिका की राजनीतिः-** डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा, दिनेश खोडनिया, सागवाडा ब्लॉक अध्यक्ष धीरज मेहता और गलियाकोट ब्लॉक अध्यक्ष रोहित पाटीदार की मौजूदगी में 13 जुलाई को पुल के उद्घाटन होने का एक कार्ड सोशल मीडिया पर शेयर हो रहा है,जिसमें निवेदक ग्राम पंचायत छानी और टामटिया, कांग्रेस के पदाधिकारी सुरेश जोशी व सरपंच संघ के अध्यक्ष कैलाश रोत है।

दूसरी ओर विधायक रामप्रसाद डिंडोर के समर्थकों की ओर से एक उद्घाटन पट्टिका बनाई गई थी। जिस पर विधायक रामप्रसाद डेंडोर, वरदा जिला परिषद माया कलासुआ व पंचायत समिति सदस्य सरला डोंडियार का नाम है। इसमें निवेदक आदिवासी परिवार सागवाडा भील प्रदेश को बनाया गया है।

# ऋषिकेश-बाडमेर रेलसेवा रद्द रहेगी

**जोधपुर,** (कासं)। रेलवे द्वारा उत्तर रेलवे पर मानसून की भारी बारिश के कारण पानी भराव हो जाने के कारण रेल यातायात प्रभावित रहे। मंडल रेल प्रबंधक पंकज कुमार सिंह के अनुसार उपरोक्त के कारण गाडी संख्या 14887, ऋषिकेश-बाडमेर आज को रद्द की गई।

SANITATION WATER AND COMMUNITY HEALTH PROJECT
निदेशालय- स्वच्छ परियोजना, उदयपुर
बडी रोड (हवाला खुर्द) पुलिस अन्वेषण भवन के आगे, उदयपुर (राज.) 313001
Emal:directoreswach@rajasthan.gov.in,swachhoudaipur@gmail.com CONTACT NO.9509869140
क्रमांक: एफ ( )/निविदा/निदे./स्वच्छ/2023-24/2224-31 दिनांक: 12.07.2023
बोली सूचना संख्या- 13/2023-24
UBN-SWP2324WSSS00032, SWP2324WSSS00033, SWP2324WSSS00034, SWP2324WLSS00035, SWP2324WSSS00036, SWP2324WLSS00037, SWP2324WLSS00038, SWP2324WLSS00039,
जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग अन्तर्गत स्वच्छ परियोजना के मार्फत मा बाडी केन्द्रों पर टायलेट ब्लॉक मरम्मत, सौलर पनघट स्थापना, सौर उर्जा आधारित सामुदायिक जलोत्थान सिंचाई योजना स्थापना एवं विभिन्न नवीन छात्रावास निर्माण कार्य (बांरा, डूंगरपुर, टोंक एवं जालोर) करवाये जाने हेतु ई-बोली सूचना दिनांक 13.07.2023 से 21.07.2023 तक आमंत्रित की जाती है। उक्त बोली से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकेगी।
निदेशक

# हिस्ट्रीशीटर राहुल मीणा के ढाबा व दुकान पर चला बुलडोजर

## आरोपी ने कई सालों से सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर रखा था

**जयपुर।** राजधानी के विद्याधर नगर थाने के हिस्ट्रीशीटर राहुल मीणा के कई सालों से सरकारी भूमि पर कर रखे अतिक्रमण को बुधवार को पुलिस ने जेडीए की मदद से बुलडोजर चला कर ध्वस्त कर दिया है। जानकारी में सामने आया कि बदमाश राहुल मीणा ने

- **ऑपरेशन वज्र प्रहार के तहत पुलिस ने जेडीए की मदद से की कार्रवाई**

सरकारी जमीन पर कई सालों से ढाबा और दुकान बना रखी थी, जिस पर जेडीए की टीम ने गिरा कर सरकारी जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर धर्मेन्द्र सागर ने बताया कि विद्याधर नगर थाने के हिस्ट्रीशीटर राहुल मीणा के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज है। विद्याधर नगर थाना पुलिस ने उसकी हिस्ट्रीशीट खोली हुई हैं। हाल ही में पुलिस को जानकारी मिली की आरोपित राहुल मीणा ने सरकारी जमीन पर होटल और दुकान खोल रखी हैं। जिस पर होटल और दुकान के दस्तावेजों की जांच जेडीए से कराई गई तो पता चला कि बदमाश ने सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा किया हुआ हैं। इस पर जेडीए के अधिकारियों को इस विषय की जानकारी देते हुए जेडीए की टीम के साथ मिलकर थाना इलाके के किशनबाग में बदमाश राहुल मीणा के ठिकाने पर बुधवार सुबह कार्रवाई की गई। जेडीए के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रघुवीर सैनी ने बताया कि ऑपरेशन वज्र प्रहार के तहत अपराधियों द्वारा सरकारी भूमि पर अवैध क़ब्ज़े व अतिक्रमण की जानकारी जेडीए को दी थी कि किशन बाग स्वर्ण जयंती गार्डन के पीछे की सरकारी जमीन पर विद्याधर नगर पुलिस थाने के हिस्ट्रीशीटर व हार्डकोर क्रिमिनल राहुल मीणा ने ईट, एंगल, चद्दरों से अवैध व्यावसायिक निर्माण कर अवैध रेस्टोरेंट चला रहा हैं। इस पर टीम ने बदमाश राहुल मीणा के अतिक्रमण को गिराया और सरकारी जमीन को बदमाश से मुक्त कराया।






कई सालों से सरकारी भूमि पर कर रखे अतिक्रमण को पुलिस ने जेडीए की मदद से बुलडोजर चला कर ध्वस्त कर दिया।

# अल्पसंख्यक छात्रावासों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**जयपुर**, 12 जुलाई। राजस्थान सरकार के अल्पसंख्यक मामलात विभाग द्वारा जयपुर जिले में संचालित बालक एवं बालिका छात्रावासों में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये गए हैं। पात्र एवं इच्छुक आवेदक 30 जुलाई तक तक अपना आवेदन मय वांछित दस्तावेज जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी शकील अहमद ने बताया कि कक्षा 9 एवं उससे उच्चत्तर कक्षा में जयपुर शहर के किसी भी राजकीय एवं निजी शिक्षण संस्थान में नियमित अध्ययनरत अल्पसंख्यक वर्ग (जैन, सिख, मुस्लिम, बौद्ध, ईसाई, पारसी) के विद्यार्थी अपना आवेदन पत्र 30 जुलाई तक जमा करवा सकते हैं।

# राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट का आगाज कल से

**जयपुर**, 12 जुलाई। राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट (आरडीटीएम) का तीसरा संस्करण 14 जुलाई से 16 जुलाई तक आयोजित होगा। 14 जुलाई की शाम को, सभी विदेशी टूर ऑपरेटरों, ट्रैवल एजेंटों, डेलिगेट्स को आमेर फोर्ट का अद्भुत अनुभव प्रदान करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। उन्हें आमेर में साउंड एंड लाइट शो देखने का भी मौका मिलेगा। अगले दिन, 15 जुलाई को आरडीटीएम का आधिकारिक उद्घाटन राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में सुबह 10 बजे राजस्थान सरकार के पर्यटन मंत्री, विश्वेंद्र सिंह और प्रमुख सचिव, पर्यटन, गायत्री राठौड़ द्वारा किया जाएगा।

फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म ऑफ राजस्थान (एफएचटीआर), अध्यक्ष, अपूर्व कुमार; प्रेसिडेंट ऑनर, एफएचटीआर, भीम सिंह; इंडियन हेरिटेज होटल्स एसोसिएशन (आईएचएचए), अध्यक्ष, रणधीर विक्रम सिंह मंडावा, एफएचटीआर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष और होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (एचआरएआर), अध्यक्ष, कुलदीप सिंह चंदेला और राजस्थान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स (राटो), अध्यक्ष, महेंद्र सिंह राठौड़ भी उपस्थित रहेंगे। राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट का आयोजन पर्यटन विभाग, राजस्थान सरकार और एफएचटीआर द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है।

# सचिवालय में महिला ने मैनेजर पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया

**जयपुर।** राजधानी के अशोक नगर इलाके में सचिवालय में तैनात एक कंप्यूटर एजेंसी के बॉस (मैनेजर) के महिला कर्मचारी से छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है।

बॉस के साथ डेटिंग से मना करने पर टॉर्चर कर आरोपी ने जॉब से निकालने की धमकी दी। अशोक नगर थाने में पीड़िता ने आरोपी बॉस के खिलाफ दर्ज करवाई है। मामले की जांच कविता यादव कर रही है। पुलिस ने बताया कि प्रताप नगर निवासी 31 वर्षीय महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। वह सचिवालय के एक डिपार्टमेंट पर जॉब करती है। आरोप है कि ऑफिस का बॉस पिछले 2-3 महीने से मानसिक-शारीरिक टॉर्चर कर रहा है। उससे गलत डिमांड की जाती है। अकेले होने पर उसे केबिन में बुलाकर देर तक खड़ा रखकर बात करते हैं। सिर से पैर तक अश्लील तरीके से घूरते हैं। कैबन में बुलाकर काम से जुड़ी कोई बात नहीं करते। सिर्फ अश्लील बात करते है। ऑफिस के बाद कॉफी के लिए किसी कैफे में चलने के लिए दबाव बनाते हैं। कई बार मना करने के बाद भी शाम को देर तक रुकने के लिए दबाव बनाते है। पीड़िता का आरोप है कि बॉस कहते है कि अगर तुम मेरे साथ बाहर नहीं चली तो तुम्हें नुकसान भी उठाने पड़ेगे।

# आई.एन.आई.एफ.डी. ने अपना नया परिवार लांच किया

**जयपुर**, (का.सं.)। इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन डिजाइन (आईएनआईएफडी) जयपुर ने 1 जुलाई को मानसरोवर, जयपुर में अपना नया और अत्याधुनिक परिसर लॉन्च किया। कमला पोद्दार ग्रुप "आईएनआईएफडी जयपुर" की सफलता की यात्रा के 25वें वर्ष की पूर्व संध्या पर छात्रों ने वार्षिक प्रदर्शनी 2023 "एसएटीएटी" में अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।

प्रकृति के तत्वों आकाश, पृथ्वी और महासागर का उपयोग करके जीवन निरंतरता की थीम पर। रचनात्मक, पुनर्चक्रित और पुनर्नवीनीकरण उत्पादों के माध्यम से चित्रित माहौल, जिसने याद दिलाया कि हर चीज में जन्म, विकास, मृत्यु और पुनर्जन्म का एक चक्र होता है। प्रतिष्ठित अतिथियों, गणमान्य व्यक्तियों, अभिभावकों और छात्रों ने प्रदर्शनी देखी। आईएनआईएफडी 3 महाद्वीपों में स्थापित डिजाइन संस्थानों का सबसे बड़ा वैश्विक नेटवर्क है, इसने इंटीरियर और फैशन डिजाइन के क्षेत्र में पूरे भारत में 180 केंद्रों के साथ डिजाइन शिक्षा को जन-जन तक पहुंचाने में अग्रणी भूमिका निभाई है।



छात्रों ने वार्षिक प्रदर्शनी 2023 "एसएटीएटी" में अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।

# ड्रग्स माफियाओं व अवैध हथियार रखने वालों को पकड़ा

**जयपुर।** जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ड्रग्स माफियाओं एवं अवैध धारदार हथियार रखने वालों के खिलाफ झोटवाड़ा एवं महेश नगर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए एक महिला सहित पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही पुलिस ने आरोपितों के पास से 37.32 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक, 115 ग्राम गांजा, बिक्री राषि 16 हजार 400 रुपये,अवैध धारदार हथियार चाकूनुमा गुप्ती व तलवार बरामद की गई है।

अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर (प्रथम) कैलाश चन्द विश्नोई ने बताया कि ड्रग्स माफियाओं एवं अवैध धारदार हथियार रखने वालों के खिलाफ झोटवाड़ा एवं महेश नगर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुएनितिन चौधरी (23)निवासी दांतारामगढ जिला सीकर हाल कृष्णानगर झोटवाडा जयपुर, दीपक नोई (23) निवासी सरदारशहर जिला चुरु हाल कृष्णानगर झोटवाडा जयपुर, रानी देवी सांसी (37) निवासी गुर्जर की थड़ी महेश नगर जयपुर,नरेन्द्र कुमार कस्वा (24) निवासी दांतारामगढ जिला सीकर हाल करधनी जयपुर और हेमराज रैगर (20) निवासी सरदार शहर चुरु हाल झोटवाडा जयपुर का गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार आरोपित नितिन चौधरी एवं दीपक नोई से प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आा कि यह अवैध मादक पदार्थ स्मैक भानु प्रताप सिंह व संतोष कवंर से खरीदकर लाए है। साथ ही गिरफ्तारी महिला आरोपित रानी देवी सांसी अवैध मादक पदार्थ गांजा की छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर बस्ती व आसपास रहने मजदूर वर्ग में बेचती है।

# शातिर नकबजन गिरफ्तार

**जयपुर।** जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने करणी विहार थाना इलाके में नकबजनी की वारदात करने वाला के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शातिर नकबजन विनोद मेहरा उर्फ सांवरा को गिरफ्तार किया गया है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (अपराध) सुलेश चौधरी ने बताया कि सीएसटी ने करणी विहार थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए शातिर नकबजन विनोद मेहरा उर्फ सांवरा (23)निवासी सुशीलपुरा सोडाला जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही आरोपी के पास से चोरी की 11 तोला (110 ग्राम सोना) सोने की चैन बरामद की है। गिरफ्तार आरोपित विनोद मेहरा उर्फ सांवरा स्मैक का नशा करने का आदि है और सूने मकानों में घुसकर नकबजनी एवं चोरी की वारदात को अंजाम देता है। आरोपी नशे एवं मौज शौक के लिये नकबजनी एवं वाहन चोरी करता है।

# आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज

**जयपुर।** माणक चौक थाना इलाके में कुछ दिनों पहले हुए युवक की आत्महत्या करने के मामले में एक नया मोड़ आया है। पीड़ित पिता ने सुसाइड़ नोट और मोबाइल फोन में मिले मैसेज के आधार पर अज्ञात साइबर ठग के खिलाफ धोखाधड़ी कर लाखों रूपए ऐंठने का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने पीड़ित पिता की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- **पुलिस ने चैट में आए नम्बर के आधार पर जांच शुरू की**

पुलिस के अनुसार अर्पित कासलीवाल (25) ने 1 मई को अज्ञात कारणों के चलते फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली थी। जिसके दो महिने बाद अनन्त कासलीवाल ने अपने बेटे का लैपटॉप संभाला तो उसके अन्दर से सुसाइड़ नोट मिला। जिसमें कुछ साइबर ठगों ने अर्पित ने चार लाख तैतीस हजार रूपए ऑन लाईन ट्राजेक्शन करवाने की बात लिखी हुई थी।

पीड़ित पिता ने जब मृतक की चैट देखी तो उसमें डेटा क्रेप्ट होने और रिकवरी के लिए पांच लाख रुपए की बात लिखी देखी। जिसके बाद पीड़ित पिता ने ऑन लाइन ट्राजेक्शन और चैट पुलिस को दिखा कर अज्ञात साइबर ठगो के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने चैट में आए नम्बर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

# जे.वी.वी.एन.एल. का कनिष्ठ अभियंता रिश्वत लेते पकड़ा

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड अमरसर शाहपुरा सब स्टेशन कार्यालय के कनिष्ठ अभियंता को खातेदारी कृषि भूमि एवं मकान पर बिजली कनेक्शन जारी करने के एवज में परिवादी से 7 हजार 500 रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक हेमन्त प्रियदर्शी ने बताया कि एसीबी की जयपुर नगर चतुर्थ टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि खातेदारी कृषि भूमि एवं मकान पर बिजली कनेक्शन जारी करने के एवज में जेवीवीएनएल का कनिष्ठ अभियंता राजेश महला बीस हजार रुपये की रिश्वत राशि की मांग कर रहा है।

एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलराम सिंह मीणा के निर्देशन में शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्रवाई की गई। इस दौरान जेवीवीएनएल का कनिष्ठ अभियंता राजेश महला को 7 हजार 500 रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि आरोपित कनिष्ठ अभियंता ने एसीबी में शिकायत करने से पूर्व ही परिवादी से 15 हजार रुपये रिश्वत के रूप में वसूल कर लिए थे।



आरोपी जेवीवीएनएल का कनिष्ठ अभियंता

# आंदोलन की रणनीति के लिए 26 को बैठक

**जयपुर।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत ) ने 26 जुलाई को बैठक रखकर गत चुनावों से पूर्व कर्मचारियों से किए गए वायदे पूर्ण करने कर्मचारियों के लिए की गई घोषणाओं के आदेश जारी करने एवं महासंघ (एकीकृत) के साथ हुई वार्ताओं में बनी सहमतियों की क्रियान्वित नहीं करने की लंबित मांगों को लेकर आंदोलन करने की रणनीति बनाने का निर्णय लिया है

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि वर्तमान सरकार ने गत चुनाव से पूर्व कर्मचारियों से कई वायदे किए थे जैसे वेतन कटौती वापस लेना, संविदा कर्मचारियों को नियमितीकरण, निगम बोर्ड को सातवां वेतनमान निर्धारित दिनांक से देने जैसे कई वायदे किए थे। सरकार ने इनके आदेश आज तक जारी नहीं हुए या फिर तोड़मरोड़ कर आदेश जारी किए गए हैं जिससे उनका लाभ कर्मचारियों को नहीं मिल पाया है।

# टैक्सी चालकों से मारपीट कर लूटपाट करने वाले पुलिस के हत्थे चढ़े

**जयपुर।** राजधानी की मालपुरा गेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए टैक्सी चालकों से मारपीट कर लूटपाट करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से लूटपाट के दौरान छीने मोबाइल और रुपये जब्त किए गए है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व ज्ञानचंद यादव ने बताया कि मालपुरा गेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए टैक्सी चालकों के साथ मारपीट कर लूटपाट करने वाले कमलेश बैरवा (28) और रामावतार बैरवा (30) को गिरफ्तार किया गया है। दोनों ही आरोपी रेनवाल मांझी जिला जयपुर के रहने वाले है।

पुलिस ने आरोपियों से लूटपाट के दौरान छीने गए मोबाइल और रुपये सहित वारदात में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन भी जब्त किया गया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी शातिर किस्म का अपराधी है और जिनसे पूछताछ में कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।



पुलिस ने टैक्सी चालकों से मारपीट कर लूटपाट करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

## सार-समाचार

### अनापत्ति प्रमाण पत्र के लिए तैयारी बैठक



**जयपुर।** प्रदेश में नए हॉस्पिटल खोलने या संचालित हॉस्पिटल्स के लिए समय-समय पर विभिन्न विभागों से जारी किए जाने वाले आवश्यक प्रमाण पत्र व अनापत्ति प्रमाण पत्र सिंगल विंडो सिस्टम से जारी किए जाने के लिए शुरुआत किया जाना है। इसकी तैयारियों को लेकर निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर की अध्यक्षता में बुधवार को स्वास्थ्य भवन में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर आवश्यक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। निदेशक जनस्वास्थ्य ने बताया कि हितधारक विभिन्न विभागों द्वारा जारी किए जाने वाले प्रमाण पत्र व एनओसी की सुची, इसमें लिए जाने वाला मेटाडाटा, इत्यादि जरूरी कार्यवाहियों की जानकारी संबंधित विभागों से आगामी 5 दिवसों में भिजवाने के लिए कहा है। इससे सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से त्वरित व सुलभता के साथ आवश्यक स्वीकृतियां आवेदक संस्थानों को प्राप्त हो संकेंगी।

### श्रुत पंचमी प्रतियोगिता के परिणाम घोषित

**जयपुर**, (का.सं.)। अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर द्वारा श्रुत पंचमी के अवसर पर अखिल भारतीय स्तर पर व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई थी, जिसमे देश के विभिन्न भागों -बूंदी, कोटा, भीलवाड़ा, झालावाड़, जयपुर, सवाई माधोपुर, टोंक, उदयपुर, नीमच, ओरंगाबाद, हैदराबाद, खरगोन, गुलबर्गा, सनावन, बाराबंकी, विदिशा, पूना, मनाली, दिल्ली, चांदखेड़ी, सागर, विजयनगर, हरिद्वार, जबलपुर, गुरुग्राम, इंदौर, लखनऊ, बिलासपुर आदि स्थानों से प्रतिभागियों ने भाग लेने में अपनी रुचि दर्शाई। प्रतियोगितायें प्रथम स्थान पर प्रेमलता जैन, सुखदा, द्वितीय स्थान पर आरती (डोली) जैन, चित्रांशु जैन, तृतीय स्थान पर गुणमाला, लता जैन, मुकेश जैन, अनिता, कल्पना, प्रेरणा, कांता पहाड़िया, चातुर्मास के दौरान विजेताओं को एक समारोह में पुरस्कार वितरित किया जाएगा।

### रंगदारी मांगने वाला बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर।** राजधानी में एक बिजनेसमैन से 1 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि सांगानेर प्रताप नगर निवासी बिजनेसमैन लोकेश सिंह मीना (30) ने रविवार रात को रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। शिकायत में बताया कि उनके इंडिया के 15 राज्यों में कई बिजनेस है। 9 जुलाई को अलग-अलग मोबाइल नंबर से कॉल कर धमकी मिलने लगी। मोबाइल कॉल पर धमकी देने वाले ने खुद का नाम हनुमान सहाय बताया। एक करोड़ रुपए की रंगदारी के लिए उसे धमकाया। रुपए नहीं देने पर उसे और परिवार को गोलियों से शूट कर मारने की धमकी दी। रात करीब 7:26 बजे कॉल कर बदमाश हनुमान सहाय ने धमकी दी। धमकाया कि एक घंटे के अंदर-अंदर एक करोड़ रुपए भिजवा दो। नहीं तो तेरे और तेरे परिवार को गोलियों से छलनी कर मार देगे। धमकी से घबराया बिजनेसमैन ने प्रताप नगर थाने में मोबाइल नंबर के आधार पर दर्ज करवाई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई कर मोबाइल नंबर की लोकेशन ट्रेस की। पुलिस टीम ने धमकी देने वाले हनुमान सहाय (30) निवासी बासना जमवारामगढ़ को अरेस्ट किया। पुलिस ने मंगलवार दोपहर कोर्ट में पेश कर आरोपी को जेसी भेज दिया।

# अपहरण करने के मामले में फरार दो बदमाश गिरफ्तार

## पुलिस मामले में पांच आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है

**जयपुर।** राजधानी की मालपुरा गेट थाना पुलिस ने अपहरण कर तीन लाख की फिरौती मांगने के मामले में दो जनों को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी और उसका साथी ढाई महीने से फरार चल रहे थे। पुलिस इस मामले में पांच आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

डीसीपी पूर्व डॉ. ज्ञानचन्द यादव ने बताया कि इस संबंध में परिवादी रुपेन्द्र मीना ने बताया था कि उसका छोटा भाई पुष्पेन्द्र मीना किराए से इंडिया गेट शताब्दी नगर सांगानेर के पास रहता है। 27 अप्रेल को वह मकान मालिक के लडके धनराज मीणा के साथ गोवर्धन नगर सांगानेर आया था। उसको तीन चार अज्ञात व्यक्ति एक कार में शिव मंदिर के सामने गोर्वधन नगर से अपहरण कर ले गए और उसे छोड़ने के बदले में तीन लाख रुपए मांग रहे थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर तीन आरोपियों को घटना के बाद गिरफ्तार कर लिया था। जबकि दो आरोपियों को घटना के कुछ बाद पकड़ा था। इस मामले में दो आरोपी फरार चल रहे थे। पुलिस ने फरार चल रहे गोर्वधन नगर टोल टैक्स सांगानेर निवासी वीरेन्द्र और गोविन्दपुरा सांगानेर सदर निवासी सागर बैरवा को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने बताया कि मुख्य आरोपी वीरेन्द्र गुर्जर ने 11 जुलाई को अदालत में समर्पण किया। जिसे न्यायालय से प्राप्त कर किया गया। दूसरे आरोपी सागर बैरवा को मुखिबर से सूचना मिलने के बाद गोर्वधन नगर से गिरफ्तार कर लिया। मुख्य आरोपी के खिलाफ बजाज नगर थाने में मारपीट, छीना झपटी लड़ाई के आपराधिक प्रकरण दर्ज है। प्रकरण में मुख्य आरोपी वीरेन्द्र से वारदात के समय काम में ली गई कार जब्त कर ली।



मालपुरा गेट थाना पुलिस ने अपहरण कर तीन लाख की फिरौती मांगने के मामले में दो जनों को गिरफ्तार किया।

# धोखाधड़ी मामले में फरार आरोपी उदयपुर से गिरफ्तार

**जयपुर।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने कार्रवाई करते हुए आदर्श क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटी द्वारा किए गए करोड़ों रूपये के गबन के मामले में फरार चल रहे एक और आरोपी को उदयपुर से दस्तयाब कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया है।

- **आदर्श क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटी गबन प्रकरण**

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एटीएस और एसओजी अशोक राठौड़ ने बताया कि आदर्श क्रेडिट कॉपरेटिव सोसायटी द्वारा देश के 28 राज्यों और चार केन्द्र शासित प्रदेशों में सोसायटी की 806 शाखाएं खोलकर 10 लाख निवेशकों द्वारा निवेशित लगभग 800 करोड़ रुपये की जमा पूंजी का गबन किया था। इस संबंध में एसओजी द्वारा मामला दर्ज कर संचालक मुकेश कुमार मोदी सहित 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपित पारस बोलिया निवासी हिरण मगरी जिला उदयपुर फरार चल रहा था। जिसे एसओजी की टीम ने उदयपुर से दस्तयाब कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया है।

जांच में पाया गया कि सोसायटी के संचालकों ने गिरफ्तार आरोपित पारस बोलिया तथा उसके पारिवारिक सदस्यों के नाम से निर्मित कम्पनियों द्वारा आपराधिक षड्यंत्र करते हुए करोड़ों रुपये का ऋण वापस नहीं करने के उद्देश्य से दिया गया था।

गिरफ्तार आरोपित पारस बोलिया की कम्पनियों नाकोड़ा बिल्ड स्ट्रक्चर प्राईवेट लिमिटेड, वायु बिल्ड टैक प्राईवेट लिमिटेड, वासु इन्फ्रा स्काई प्राईवेट लिमिटेड, विनायक बिल्ड क्रियेशन को आदर्श सोसायटी द्वारा करीब 130 करोड़ रूपयों का ऋण दिया गया। जिसका आपराधिक दुर्विनियोग किया गया। आदर्श सोसायटी के संचालक मुकेश मोदी की कम्पनी वायु बिल्ड टैक में आरोपी पारस बोलिया निदेशक एवं शेयर होल्डर रहा है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।



## International Rock Day


Where would we be without rocks? Go on a rock hunt and see how many different kinds you can find, including some surprisingly beautiful and rare ones.The Rock or stone is a naturally occurring solid aggregate of one or more minerals or mineraloids. For example, the common rock granite is a combination of the quartz, feldspar and biotite minerals. The Earth's outer solid layer, the lithosphere, is made of rock. From the Stone Age, rocks have been used for tools. The minerals and metals found in rocks have been essential to human civilization.



#CINEMA

# The Show Must Go On!

The 25 best stunts in cinema - ranked!



### Safety Last! (1923)

Harold Lloyd dangles from the minute hand of a Los Angeles office building's clock. It's the stunt that exemplifies the thrills of the silent-comedy era - and it's just one example of how Lloyd, more than his contemporaries, gloried in the hazards of 20th century metropolitan life, with its trolley cars, bustling crowds and ever taller buildings.

In the forthcoming Mission: Impossible film, Tom Cruise drives a motorbike off a cliff and wrecks a 70-tonne train. But how does such derring-do compare with cinema's most hair-raising escapades?

### The Burglars (1971)

Inspired, perhaps, by Buster Keaton's Seven Chances, Henri Verneuil's French-Italian caper climaxes with Jean-Paul Belmondo's jewel thief being tipped out of a dump truck and tumbling into a quarry. In two out of the three shots in the sequence, you can see that it's Belmondo doing the tumbling, rather than a stunt double. Afterwards, he brushes back his hair and strolls off. Incroyable!

### The Spy Who Loved Me (1977)

The best ever Bond pre-credits sequence has legendary stuntman Rick Sylvester (in for Roger Moore) skiing right off the edge of Canada's Asgard Peak and free falling down, down, down into a valley. After a nerve-shredding wait, he pulls the ripcord and a union jack parachute blooms above him. Carly Simon starts singing Nobody Does It Better and it's hard to argue.

### Steamboat Bill, Jr (1928)

Buster Keaton was one of the most gifted athletes in cinema history, so it's ironic that his signature stunt didn't require him to run, jump, climb or fall, but to stand totally still. In Steamboat Bill, Jr, a house's facade topples right on to him, but he is positioned just where the hole for an attic window happens to be. Heart-stopping.

### Stagecoach (1939)

Yakima Canutt pioneered countless stunts which would be copied for decades afterwards, most famously in the Indiana Jones films. The greatest of these is from John Ford's Stagecoach. Canutt is dragged along by a team of horses, and then lies in the sand as the hooves and the coach's wheels thunder by on either side.

### Project A (1983)

Each of Jackie Chan's Hong Kong action comedies could fill this list on its own. In Project A, he pays homage to both Harold Lloyd (hanging from a clock hand) and Buster Keaton (plummeting down a building, through two awnings). The drop was 60 feet; he performed the stunt twice - the first time walking away unscathed, the second, landing on his head and leaving him with permanent spinal problems.

### Death Proof (2007)

Why did Quentin Tarantino make Death Proof? Quite possibly as an elaborate excuse to have Zoë Bell spend many minutes on top of a speeding 1970 Dodge Challenger, with just a bit of seatbelt in each hand for security. Then Kurt Russell starts ramming the car from behind.

### Ben-Hur (1959)

During the epic chariot race, Judah Ben-Hur's chariot bounces over some wreckage, and there is a shocking moment when Charlton Heston's double, Joe Canutt (also the son of the second-unit director) is - in what was tactfully described as an "unplanned event" - flipped head over heels into the air and thundering horses below. Happily, he got away with a scraped chin.

### Police Story 3: Supercop (1992)


Scenes in which the performer drives a motor vehicle haven't made the cut here, so no space for Michelle Yeoh's astounding motorcycle jump on to a train in Supercop. But in the same film, she rolls off the top of a van and on to Jackie Chan's car bonnet, at high speed, on a motorway, while being shot at. "Even stunt people would say, 'You're insane,'" she recalled.

### Mission: Impossible - Rogue Nation (2015)

The Mission: Impossible series exists, first and foremost, to show the world's biggest movie star risking life and limb, by, for instance, clinging to the side of a cargo plane as it roars into the sky. Why do your own stunts, Tom Cruise was asked at Cannes. "Would you ask Gene Kelly why he does all his own dancing?" he replied.

### RRR (2022)

SS Rajamouli's Telugu-language epic won this year's Hollywood Critics Association's prize for best stunts. Any number of the film's bonkers set pieces might have qualified for the award, not least a jaw-dropping forest scene in which NT Rama Rao Jr heaves at the ropes keeping a ravenous tiger in a net.



RRR .

# A Paean To The Charri Mubarak



Charri Mubarak taken to Shankaracharya Temple



Baba Amarnath



Late RV Smith
*Subaltern Historian & Raconteur*

The story goes thus: Once while descending from his Himalayan abode, Shiva met a lame man who couldn't move out of his way fast enough. His retort brought the reply from the lame man that he too would move fast if he had a silver walking stick. The kind hearted God immediately handed over his mace to him. The *charri* remained in the man's possession ever since. It was handed down from the father to son until it came to the ex - pandit. Well, he revered the heirloom all right and on the final day of the pilgrimage distributed sweets to mark the culmination of a great event.

The *Charri Mubarak* or the silver mace of Lord Shiva finally reached its annual destination, the holy cave of Amarnath and the ice lingam which waxes with the full moon. There are many stories about the mace and how it came to be associated with the pilgrimage. But off the beaten path one heard this one at the shrine of Sheikh Kalimullah, in Delhi, where the Kashmiri labourers camp during their winter migration. Incidentally, Kalimullah means *one who talks to God,* and the name was originally given to the partiarch Moses. But Kalimullah, the saint whose shrine is situated opposite the Red Fort was a religious reformer in the reign of Aurangzeb and had his hospice at the spot where he was later buried.

In 1960s the Kashmiri labourers used to migrate to the Capital in large numbers to escape the rigours of winter in their home State. Since one did not stay very far from the shrine, it was possible to visit it every evening for the *qawwalis* that were a regular feature then. Sitting outside one of the tents before a logwood fire on which the *handi* was being cooked, it was a pleasure to listen to a bearded man who spoke of the time when the custodian of the *Charri Mubarak* was a Kashmiri Pundit who had embraced Islam.

## #LIVE-TALES

The man, who will have to remain nameless as the storyteller just referred to him as the 'former Pandit', would bring out the *Charri* every year to cries of *Nare taqbi*. His family saw to it that the occasion turned into a real festive one, which drummers playing before the house since early morning. After the community feast the pilgrims used to assemble. Swinging the *charri*, the ex - *pandit* would proceed towards the *mahant* and hand it over to him with due ceremony amid cries of *Har har Mahadev*.

The custodian, his sons and other male members of the family would accompany the procession for 500 yards while the women looked on. Then after embracing the *mahant* and enjoining on him the duty of bringing back the *charri* safely the custodian would return, but five of his relatives accompanied the mace right up to Amarnath. On the day of full moon on reaching the holy cave the mahant would offer the *charri* to the ice lingam, the visible form of the ever present Shiva, for it was actually his walking stick, which he missed the whole year. How it was bestowed to mankind is another story.

The story goes thus: Once while descending from his Himalayan abode, Shiva met a lame man who couldn't move out of his way fast enough. His retort brought the reply from the lame man that he too would move fast if he had a silver walking stick. The kind hearted god immediately handed over his mace to him. The *charri* remained in the man's possession ever since. It was handed down from the father to son until it came to the ex - *pandit*. Well, he revered the heirloom all right and on the final day of the pilgrimage distributed sweets to mark the culmination of a great event.

And then on the return journey, when the runners brought word that the *chhari* procession was only a few miles away, the ex - *pandit* and his family began preparing for the reception. Preceded by the *nishan* (flag) and drummers as the *Charri* came into view, the custodians went forward to receive it. He embraced the *mahant* again and swung the mace three times in the air to a deafening cheer and slogans by both Hindus and Muslims. Everybody in the family rejoiced that the priceless heirloom had arrived safely, to be kept away with thanksgiving for another year.

We know how the *Charri* begins its journey from Jammu, arrives in Srinagar where it is kept at the *Dashnami Akhara,* and then taken by *Mahant* Dipender Giri after the *puja* to Pahalgam, from where it proceeds to the cave shrine via Chandanwari, Sheshnag and Panchtarni. But the bearded man's tale, redolent with cries of *Allah ho Akbar*, *Nare taqbi* and *Har har Mahadev*, had its own charm and comes to mind as a symbol of communal amity, more so now because of the threat by the Harkat-ul-Ansar and other terrorists.

> We know how the Charri begins its journey from Jammu, arrives in Srinagar, and then taken by Mahant Dipender Giri after the puja to Pahalgam, from where it proceeds to the cave shrine via Chandanwari, Sheshnag and Panchtarni. But the bearded man's tale, redolent with cries of Allah ho Akbar, Nare taqbi and Har har Mahadev, had its own charm



Mahant Dipendra Giri and others leave with the Charri for Amarnath

The pilgrimage may have culminated but the magic of the *Charri Mubarak*, with its lovely Urdu name, lingers on the whole year. One does not know if that old man still comes for his annual sojourn at the shrine of Kalimullah Sahib, but even if he isn't there must surely be someone still who relates such tales while the evening meal is cooked. For how can a Kashmiri forget the hallowed mace of Lord Shiva? Even Allama Iqbal, such a proponent of the initial idea of a Pakistan homeland, revered the god because of his Kashmiri Pandit ancestry that made him refer to Lord Rama as *Imam-e-Hind* and the Ganges as the life - sustaining sacred rivers.

To quote from the poet Mohammad Iqbal:

'*Ai Ab-e-rood Ganga woh din yaad hai tujko / Uttara tere kinare jab karavan hamara*'.

A lucid reference to the arrival of the Aryans. The *Charri Mubarak* also is a relic of that cherished past.

The same *shair* went on to eulogize the mother country with this remarkable verse:

'*Yunan, Misr, Rooma sab mit gaya jahan se / kuch baath hai ke hasti mitthi nahin hamari*' (Greece, Egypt and Rome have gone into oblivion after their heyday. Isn't it amazing that Indian civilization still continues to flourish as of old). The Amarnath Yatra, started for the cave shrine with its ice lingam on June 28, is a vital strant in the perennial fabric that envelops *Bharat Mata*.



According to another story, the mace of Shiva was welded under the supervision of Vishwakarma which was originally seven feet in length and weighed 20 seers. Once the demons sneaked into *Swarg* to steal the *Amrit* churned out from the ocean, Parvati woke up the god from his trance and told him to protect the nectar which could have made the *Rakshas* immortal. Shiva look hold of his mace and threw it at the demons with whose impact they were buried under Mount Kailash. Every year they tried to get out of the crushing burden and every year Shiva used the mace to subdue and keep them in bondage, until they were finally annihilated.

With a view to keep this happening alive, *Bhole Nath* told *Rishi Markandeya* to organize a yearly *yatra* to his cave in Amarnath. *Chhari Mubarak* was handed over to the Rishi, who had defied death by sending back Yama with his *tapasya* when he came to take his *prana* after he had attained the age of 16, which had been fixed as his lifespan by Shiva, following the penance by the rishi's parents for the birth of a son and heir.

Rishi Markandeya sought out a man who could keep the Lord's mace in safe custody for the *yatra*. He eventually found a Pandit who was a celibate and had never casted an evil glance at any woman, despite the efforts of *apsaras* sent by Indra to tempt him to break his vow of *brahamacharya*. He was a Kashmiri *pandit* named Pran Nath, who lived to the grand old age of 150 years after Bhraspati, the physician of the gods, who had prolonged his life by making him drink a few drops of his own blood.

When the time came for Pran Nath to relinquish his mortal coil, he called his chief disciple, Gopal Nath and handed over the mace to him. Thereafter, it was handed down generation after generation to the Akhara members of Pran Nath, and is still with them. When the end of the world comes the *Charri Mubarak* will pass on to Kalpi Maharaj who will, after his sojourn on earth, return it to Shiva so that he can use it to usher in a new world order after *pralaya*. How true these stories are is a moot point but they nevertheless perpetuate the legend of the *Charri Mubarak* that leads lakhs of pilgrims to the Amarnath Shrine.

*rajeshsharma1049@gmail.com*



Chandanwari.

# Tantalizing Flavours of South India



From the soft and flavourful idlis to the aromatic curries and delectable desserts and not to forget the quintessential South Indian filter coffee, Banana Leaf offers an authentic dining experience for the food enthusiasts in Jaipur, all at an affordable price.

## #FOOD REVIEW



Tusharika Singh
*Freelancer writer and city blogger*

South Indian cuisine, with its diverse flavours and healthy options, has always been a favourite among people of all ages and dietary preferences. While Jaipur has had a few well-established South Indian restaurants, recent offerings have left food enthusiasts disappointed due to high prices, inconvenient locations, and subpar service. However, there is now a promising addition to the culinary landscape of the Pink City as Banana Leaf, a renowned and award-winning South Indian fine dining restaurant has recently opened its doors.

Located in the heart of the city's most premium and easily accessible location - Mahavir Marg at C-Scheme, Banana Leaf offers an authentic South Indian culinary experience. Banana Leaf, with its establishment in 2006 and multiple branches across Mumbai, Pune, and Indore, has built a loyal following over the years. Now, the food enthusiasts of Jaipur can experience the authentic and unique flavours that Banana Leaf is famous for, at an affordable price.

From the iconic Mulgai Idli, known for its soft texture and served with delectable sambar, to the flavourful and fiery Guntur Idli, there is a wide variety of idlis to choose from. Those seeking a unique culinary experience can savour Thatte Idli, a flat and delicate rice cake. For Wada lovers, Banana Leaf offers the irresistible Onion Wadai made with onions, lentils, and spices, as well as the healthy Palak Wadai, prepared with spinach, lentils, and spices. Dosa lovers must sample the Bangalore masala dosa or the Rajani dosa. The butter soft uttapam as well as the podi oonion uttapam seem promising too.









In the main course, guests can delight their taste buds with the aromatic Malabar Curry, a coconut-based curry from the Malabar region, or indulge in the savoury Mushroom Sukka, a dry dish made with mushrooms, roasted spices, and coconut. The culinary journey continues with Neer Dosa, a thin and delicate rice crepe perfect for savouring curries and chutneys. Another interesting option to pair with the curries is Idiyappam, which are steamed rice noodles.

For those who prefer to eat rice, Banana Leaf presents the Dakshin Biryani, a fragrant and flavourful rice dish prepared with a blend of spices and an array of vegetables. Another option is the wholesome Bisse Balle Baath, a traditional Karnataka dish made with rice, lentils, and vegetables, offering a balanced and satisfying meal. Wash it down with a glass of flavourful masala chaas.


To complete the culinary experience, Banana Leaf offers refreshing Filter Coffee, a strong and aromatic coffee brewed in a traditional South Indian filter. For those with a sweet tooth, the delightful Yalneer Payassam awaits-a creamy rice pudding flavoured with cardamom and garnished with nuts.

Talking about the initiative, Nandan Honawar, Partner, Indus Foods said: "We are delighted to bring the flavours and culture of South India to Jaipur. Banana Leaf is committed to delivering an authentic dining experience that showcases the culinary heritage of South India. We look forward to serving the people of Jaipur with our distinctive menu and warm hospitality."


The ambiance of Banana Leaf in Jaipur caters to various preferences and occasions. Whether guests prefer the charm of outdoor seating or the comfort of the indoor dining area, they are sure to find the perfect spot. For those seeking an exclusive experience, Banana Leaf also provides a private dining room, ideal for special celebrations and gatherings. The decor and staff uniforms, representing the traditions of Southern India, add an extra touch of authenticity to the overall dining experience. With its commitment to authentic flavours, exceptional service, and inviting ambiance, Banana Leaf will soon become the go-to destination for South Indian cuisine in Jaipur.

---------------------------

***Time:*** 11 am to 11 pm
**Location:** Valentine Peak, Mahavir Marg, C-Scheme



### THE WALL





### BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




### ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# पानी की समस्या को लेकर जलदाय कार्यालय के बाहर महिलाओं ने मटके फोड़े

## पानी की समस्या को लेकर गंज क्षेत्र के बाशिंदों ने जलदाय विभाग के नगर खंड प्रथम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया

**अजमेर,** (कासं)। पूर्व शिक्षा राज्य मंत्री और अजमेर उत्तर विधायक वासुदेव देवनानी ने कहा कि बीसलपुर बांध में पर्याप्त पानी होने के बावजूद अजमेर शहर में जल वितरण की गड़बड़ाई स्थिति को लेकर जलदाय विभाग बिलकुल भी गंभीर नहीं है। पानी की समस्या को लेकर बुधवार को गंज क्षेत्र के बाशिंदों ने विधायक देवनानी और पार्षद सुभाष जाटव की अगुवाई में महावीर सर्कल स्तिथ जलदाय विभाग के नगर खंड प्रथम कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। पानी की समस्या को लेकर अक्रोशित महिलाओं और जनप्रतिनिधियों ने कार्यालय के बाहर मटके फोड़ और अपने गुस्से का इजहार किया।

विधायक वासुदेव देवनानी भी मौके पर एक्सईएन के दफ्तर में नही मिलने पर प्रदर्शन कर रहे लोगों के साथ धरने पर बैठ गए। विधायक देवनानी ने विभाग पर जलापूर्ति करने में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए कहा कि जल वितरण में भेदभाव किया जा रहा है। देवनानी ने कहा की कमला बावड़ी,रैगर बस्ती, कोली बस्ती,गंज,नया बाजार,नला बाजार क्षेत्र,नगीना बाग मैं 72 से 96 घंटे मैं भी इन जगह पर पर्याप्त सप्लाई नहीं हो रही है। देवनानी ने कहा की घसेटी बाजार इलाके में छह महीने से लाइन नही जोड़ी गई हैं। कई जगह लीकेज है जिसकी शिकायत करने के बाद भी सुधार नही किया गया। देवनानी के साथ धरने पर पार्षद सुभाष जाटव, राजू साहू, अशोक मुद्गल, जिला मंत्री राजेश शर्मा और लवलेश बंसल आदि भाजपा कार्यकर्ता और वार्ड वासी मौजूद रहे।



विधायक देवनानी ( बाएं से तीसरे ) और पार्षद सुभाष जाटव की अगुवाई में जलदाय विभाग के नगर खंड प्रथम कार्यालय के बाहर लोगों ने प्रदर्शन किया।

विधायक देवनानी ने पानी की समस्या को लेकर जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित से मुलाकात की और उन्हें शहर में अव्यवस्थित रूप से हो रही जलापूर्ति सहित विभिन्न समस्याओं के बारे मे बताया और समाधान करने के लिए कहा। साथ ही देवनानी ने बारिश मे उखड़ चुकी सड़कों की बदहाली से भी कलेक्टर को अवगत कराया और तुरंत पेचवर्क करवाने के लिए कहा। साथ ही सिवरेज की समस्या और मैन होल्स के कई जगह टूटे फूटे पड़े होने पर कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका जताते हुए इसके लिए अविलंब कार्यवाही करने के लिए कहा। देवनानी ने आनासागर झील से आ रही दुर्गंध को लेकर और आनासागर की पाल पर एकत्रित हुए कचरा और बह कर आई हुई मिट्टी को हटाया जाए और कलेक्टर से इसका स्थाई समाधान करने के लिए भी कहा। देवनानी ने फायसागर रोड स्थित डिफेंस कॉलोनी, दादा विहार, गोटा कॉलोनी आदि जलभराव कॉलोनी का भी दौरा किया।

- **पर्याप्त पानी होने के बावजूद जलापूर्ति में लापरवाही कर रहे अधिकारीः देवनानी**

# अध्यापकों की कमी को लेकर स्कूल गेट पर जड़ा ताला

## अध्यापकों की कमी के कारण पढ़ाई नहीं होने से ग्रामीण व अभिभावक भड़क गये



छात्राओं ने अध्यापकों की कमी को लेकर प्रदर्शन किया।

**मसूदा,** (निसं)। बुधवार को उच्च माध्यमिक विद्यालय लोरड़ी में अध्यापकों की कमी के कारण पढ़ाई नहीं होने से ग्रामीण व अभिभावक भड़क गए। उन्होंने स्कूल के मुख्य द्वार पर ताला जोड़ते हुए शिक्षकों के रिक्त पद भरने की आवाज उठाई।

ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय में 16 शिक्षकों की नियुक्ति है। वर्तमान में 8 शिक्षक कार्यरत है अध्यापकों की कमी के चलते कई विद्यार्थी निजी विद्यालय और अन्य स्कूलों में जाने को मजबूर हैं। अभिभावकों ने बताया कि 3 पद व्याख्याता के व प्रधानाचार्य का पद, तृतीय श्रेणी के 2 पद रिक्त होने के साथ ही विगत 5 वर्षो से गणित का पद भी रिक्त है। छात्र-छात्राओं का बुरी तरह से प्रभावित हो रहे है। अध्ययन को लेकर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी से लेकर जिला शिक्षा अधिकारी ,उपखण्ड अधिकारी तक की जा चुकी है शिकायतें। पिछले दिनों 27 जून को जिला कलेक्टर को अवगत कराने पर जिला कलेक्टर ने रिक्त पद भरने का आश्वासन दिया था। शिक्षा विभाग में जनप्रतिनिधियों को बार-बार अवगत कराने के बावजूद रिक्त पदों को नहीं भरने से विद्यार्थियों व ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

ग्रामीण एवं अभिभावकों ने बताया कि जिला एवं स्थानीय प्रशासन की ओर से कोई भी अधिकारी एवं कार्मिक नहीं पहुंचा जिसके चलते ग्रामीणों व अभिभावकों में अच्छा खासा रोष दिखाई दे रहा है। सहानुभूति के लिए दौलतपुरा प्रथम सीनियर स्कूल के पीओ ने पहुंचकर कोई ठोस आश्वासन नहीं दिया। छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीण व अभिभावकों द्वारा दूसरे दिन भी धरना प्रदर्शन एवं स्कूल की तालाबंदी रहेगी।

# बांठिया ने विधायक मदन प्रजापत पर लगाये आरोप

**बालोतरा,** (निसं)। पचपदरा विधायक मदन प्रजापत जो स्वयंभू विकास पुरुष बने घूम रहे हैं, लेकिन धरातल पर क्षेत्र के अनेकों गांव आज भी मूलभूत सुविधाओं से दूर है। ये बात भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य गणपत बांठिया ने बुधवार को मीडिया से रूबरू होते हुए कही। बांठिया ने पचपदरा विधायक मदन प्रजापत पर गभीर आरोप भी लगाये।

बाठिया ने प्रेस कांफ्रेंस करते हुए कहा कि विधायक ने जिले के नाम पर आमजन का जनजीवन बेहाल कर दिया है। बालोतरा को जिला बनवाया इसके लिए उनका बतौर स्थानीय निवासी शुक्रिया अदा करता हूँ लेकिन जब आमजन की तकलीफ देखते है तो दुःख होता है। उन्होंने ने कहा कि बालोतरा में ड्रेनेज सिस्टम देखें तो शहर को दो हिस्सों में बांट दिया है। हल्की बारिश में ही शहर दो हिस्सों में बंट जाता है और आम जनजीवन बेहाल हो जाता है। अगर इस दौरान कोई इमरजेंसी घटना हो जाए तो वहां तक समय पर सहायता तक नहीं पहुंचेगी। बिना भविष्य की प्लानिंग के ऐसे काम हुए है जिससे शहर का व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। वहीं भ्रष्टाचार पचपदरा विधानसभा में शिष्टाचार बन गया है।

उन्होंने ने कहा कि किसी भी विभाग में चक्कर लगाकर आमजन से पूछे तो आपको जवाब मिल जाएगा। पचपदरा विधानसभा में इतना सुनियोजित भ्रष्टाचार कभी नहीं हुआ था। बायतु विधानसभा के जिला परिषद सदस्य ने रिफाइनरी से करीब 5 करोड के ई एस आर फंड लेकर विकास कार्य करवाए है, वहीं हमारे विधायक फिसड्डी साबित हुए है। विधायक को जमीनी समस्याओं की जानकारी नहीं है, हालाँकि जमीन के बारें में पूरी जानकारी रखते है। इस दौरान उन्होंने पचपदरा विधायक मदन प्रजापत को जन्मदिन शुभकामनाएं भी दी।


# थाने के बाहर लड़की पक्ष पर हमला

**हनुमानगढ़,** (निसं)। यहां महिला पुलिस थाना में हुए राजीनामा के बाद लड़का पक्ष के लोगों ने लड़की पक्ष के 2 लोगों पर हमला कर दिया। इस दौरान लड़की के पिता के दांत टूटे गए। मौके पर मौजूद दोनों पक्षों के लोगों ने बीच-बचाव किया। हमला उस समय हुआ जब महिला पुलिस थाना में राजीनामा होने के बाद दोनों पक्ष के लोग कलेक्ट्रेट के सामने लिखित समझौता टाइप करवाने के लिए टाइपिंग की दुकान पर गए थे। पीड़ित मुखराम, गांव मुंडा ने रिपोर्ट दी कि उसकी बेटी ममता की शादी अनिल भादवां के साथ हुई थी। ममता ने अपने देवर सुरेन्द्र, सास मीरा और ननद संतोष के खिलाफ महिला पुलिस थाना में परेशान करने और मारपीट करने का केस दर्ज कराया था।

# अवैध शराब से भरा ट्रक जब्त, एक गिरफ्तार

**सादुलपुर,** (निसं)। महानिरीक्षक पुलिस बीकानेर रैंज बीकानेर द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान (वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी व अवैध शराब की धरपकड) के चलते राजेश कुमार मीना आईपीएस पुलिस अधीक्षक चूरू के निर्देशन में अशोक कुमार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजगढ, इस्लाम खान आरपीएस वृताधिकारी वृत राजगढ व थानाधिकारी पुलिस थाना राजगढ सुभाषचन्द्र पुलिस निरीक्षक के निकटतम सुपरविजन में राजीव रॉयल उपनिरीक्षक की टीम भोजूराम कानि., भीवसिंह कानि., चालक सत्यवीर कानि., के जिला स्पेशल टीम के विशेष सहयोग से बुधवार 12 जुलाई को नाकाबंदी के दौरान आरोपी ईशराराम जाट निवासी जिला बाडमेर को गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जा से एक बन्द बॉडी कन्टेनर में कुल 320 कार्टून अंग्रेजी शराब पंजाब निर्मित जब्त कर थाने में प्रकरण दर्ज किया गया है। जब्त शुदा अवैध शराब की अनुमानित किमत 25 लाख रूपये के लगभग है। कार्यवाही में राजगढ थाना टीम में राजीव रॉयल उपनिरीक्षक, भोजूराम कानि., भीवसिंह कानि., सत्यवीर चालक डीआर व जिला स्पेशल टीम चूरू के सुरेश कस्वा पुलिस निरीक्षक प्रभारी जिला स्पेशल टीम चूरू, मोहरपाल कानि., मुकेश कानि., अजय कानि. व रामफल कानि., चालक आदि शामिल रहे।

- **अवैध शराब की अनुमानित किमत 25 लाख रूपये**



पुलिस ने अवैध शराब सहित आरोपी को गिरफ्तार किया।





सुजानगढ़। सुजला जिले की मांग के समर्थन में सुजला महासत्याग्रह द्वारा गांधी चौक में दिया जा रहा धरना बुधवार को भी जारी रहा। धरने पर राजकुमार सैन, श्रीराम भामा, एड. तिलोक मेघवाल, रूपाराम सांसी, भंवरलाल गिलाण, मूलचंद रैगर, हाकम अली खान, गोविन्द जोशी, असलम खिलजी, ओमप्रकाश स्वामी, सनी, अरबाज खान, अशोक कुमार टाक, अब्दुल वकास गौरी, रामनिवास भाट, किशोर सिंधी, राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, राजु मेघवाल, सांवरमल मेघवाल, मोहित प्रजापत सहित अनेक लोग धरना स्थल पर उपस्थित थे।

## दहेज हत्या के आरोप में युवक गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। करीब डेढ़ माह पहले नहर में मिले विवाहिता के शव के मामले में मृतका के पति को दहेज हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई महिला उत्पीड़न मामलों की अनुसंधान की विशेष सेल के प्रभारी आरपीएस पुष्पेंद्रसिंह ने की है। आरोपी को अदालत में पेशकर न्यायिक हिरासत में भिजवा दिया है।

मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपी के माता-पिता और बहन की भूमिका की जांच की जा रही है। जांच अधिकारी ने बताया कि आरोपी साधुवाली के वार्ड 10 निवासी अविनाशदीप नायक पुत्र अमरचंद नायक को पत्नी आरती नायक की दहेज की खातिर हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। मीरा चौक चौकी के सामने 9 जुलाई की अलसुबह ईंट मारकर सुनील वाल्मीकि की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किए गए युवक विपिनसिंह उर्फ दानिया पुत्र कावलसिंह मजबी सिख निवासी राणाप्रताप कालोनी को न्यायिक हिरासत में भिजवाया गया है। आरोपी की पहचान तथा गिरफ्तार करने में मीरा चौक चौकी के एएसआई सुरेंद्र ज्याणी, कांस्टेबल कृष्ण साहु की विशेष भूमिका रही।

## कांग्रेस सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ महाघेराव

**अलवर,** (निसं)। किसान मोर्चा महाघेराव जिला कलेक्ट्रेट झुंझुनू कार्यक्रम का आयोजन हुआ। राजस्थान में कांग्रेस सरकार के जन विरोधी नीतियों के खिलाफ यह महाघेराव का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस राज में किसान कर्ज माफी का मात्र छलावा देकर किसी प्रकार के ऋण माफ नहीं किया गया, पानी बिजली और खाद बीज के लिए जनता त्राहिमाम कर रही है। वहीं अगर महिलाओं की ओर देखें तो आए दिन बलात्कार, दुराचार एवं अपराधियों को संरक्षण देने का कार्य कांग्रेस सरकार करती आ रही है।

प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने का वक़्त आ चूका है। निर्मल सुरा जिला प्रभारी किसान मोर्चा, राष्ट्रीय सचिव हिंदूवादी संगठन एवं प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय औड महासभा ने कहा कि किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्टर झुंझुनू के घेराव हेतु सभा स्थल से हजारों कार्यकर्ताओं के साथ कूच किया। सीपी जोशी प्रदेश अध्यक्ष भाजपा के नेतृत्व में राजेंद्र सिंह राठौड़ प्रतिपक्ष नेता, भागीरथ सिंह किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष, मुकेश दाधीच प्रदेश उपाध्यक्ष, भजनलाल शर्मा प्रदेश महामंत्री, अलवर से भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष गोरधन सिंह, जिला महामंत्री योगेंद्र, जिला उपाध्यक्ष मुकेश सहित अन्य जिलों से पदाधिकारियों ने भाग लिया।

## नोखा से उखाड़ कर ले जाया गया ए.टी.एम. बरामद

**नोखा,** (निसं)। कस्बे में दो पहले बदमाश एटीएम को उखाड़ ले गए थे। नोखा पुलिस ने एटीएम को अजतीगढ़ पुलिस के सहयोग से बरामद कर लिया है। वारदात में काम ली गई गाड़ी भी जब्त कर ली है। वहीं, मौके से कई फर्जी नंबर प्लेटें मिली है। एटीएम व चोरी की गाड़ी को लेकर नोखा पुलिस मंगलवार शाम को नोखा लेकर पहुंची।

एटीएम चुराकर भागने वाले चोरों की गाड़ी का पिछला सीसा टूट गया था। जिस कारण लूटरों ने एक दुकान पर सीसा बदलने के लिए रूके तो संदिग्ध गाड़ी को देखकर मिस्त्री ने पुलिस को गाड़ी की सूचना दी। कुछ देर भागने के बाद गाड़ी व एटीएम को छोड़कर चोर भाग गए। जिस पर पुलिस ने गाड़ी को अपने कब्जे में ले लिए। थानाधिकारी ईश्वरप्रसाद जांगिड़ ने बताया कि वारदात करने वाले आरोपियों को शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस को गाड़ी में कटर, लोहे की भारी सांकले, फर्जी नम्बर प्लेट, कैमरे पर स्प्रे करने वाला सफेद व ब्लैक स्प्रे, लोहे की राड़ें, पेट्रोल के लिए प्लास्टिक के डिब्बे मिले हैं। लोहे की रॉड आगे से नुकली थी जो बेहद खतरनाक प्रतीत हो रही थी।

# बारिश के कारण दर्जन से अधिक रेल गाड़ियां रद्द

**अजमेर,** (कासं)। रेलवे द्वारा कम यात्री भार को देखते हुए कुछ रेलसेवाओं को रद्द कर दिया है। वहीं अनेक जगह पानी का भराव होने तथा बरसात के कारण कुछ रेल सेवाओं रद्द किया जा रहा है। वहीं कुछ का यातायात मार्ग परिवर्तित किया गया है।

जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 09523, ओखा-दिल्ली सराय साप्ताहिक एक्सप्रेस रेलसेवा 18 जुलाई 23 से 29 अगस्त 23 तक रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 09524, दिल्ली सराय-ओखा साप्ताहिक एक्सप्रेस रेलसेवा 19 जुलाई 23 से 30 अगस्त 23 तक रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 09039, बान्द्रा टर्मिनस-अजमेर साप्ताहिक एक्सप्रेस रेलसेवा 19 जुलाई 23 से 27 सितम्बर 23 तक रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 09040, अजमेर-बान्द्रा टर्मिनस साप्ताहिक एक्सप्रेस रेलसेवा 20 जुलाई 23 से 28 सितम्बर 23 तक रद्द रहेगी।गाड़ी संख्या 09007, वलसाड-भिवानी साप्ताहिक एक्सप्रेस रेलसेवा 20 जुलाई 23 से 28 सितम्बर 23 तक रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 09008, भिवानी-वलसाड साप्ताहिक एक्सप्रेस रेलसेवा 21 जुलाई 23 से 29 सितम्बर 23 तक रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 09067, वलसाड-उदयपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस रेलसेवा 17 जुलाई 23 से 31 जुलाई 23 तक रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 09068, उदयपुर-वलसाड साप्ताहिक एक्सप्रेस रेलसेवा 18 जुलाई 23 से 01 अगस्त 23 तक रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 09093, उधना-भगत की कोठी साप्ताहिक एक्सप्रेस रेलसेवा 15 जुलाई 23 से 26 अगस्त 23 तक रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 09094, भगत की कोठी-उधना साप्ताहिक एक्सप्रेस रेलसेवा 16 जुलाई 23 से 27 अगस्त 23 तक रद्द रहेगी।

इसी प्रकार रेलवे द्वारा उत्तर रेलवे पर भारी बारिश के कारण पानी भराव हो जाने के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। इस कारण अजमेर मण्डल से सबंधित गाड़ी संख्या 05615, उदयपुर-गुवाहाटी 12 जुलाई 2023 को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 05616, गुवाहाटी-उदयपुर 16 जुलाई 2023 को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 12315, कोलकाता-उदयपुर 13 जुलाई 2023 को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 12316, उदयपुर-कोलकाता 17 जुलाई को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 14312, भुज-बरेली रेलसेवा जो 11 जुलाई को भुज से प्रस्थान करेगी वह परिवर्तित मार्ग वाया दिल्ली सराय-नई दिल्ली-साहिबाबाद-गाजियाबाद होकर संचालित होगी।

## साक्षात्कार का परिणाम जारी

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक कृषि अनुसंधान अधिकारी (एग्रीकल्चर केमिस्ट्री) के साक्षात्कार का परिणाम जारी कर दिया गया है। आयोग के संयुक्त सचिव आशुतोष गुप्ता ने बताया कि उक्त पदों के लिए साक्षात्कार का आयोजन 4 जुलाई से 6 जुलाई 2023 तक किया गया था। साक्षात्कार उपरांत संबंधित सेवा नियमों के अनुसार 39 अभ्यर्थियों को मुख्य सूची में सफल घोषित किया गया है।

## रंजिश को लेकर जान से मारने का आरोप

**सादुलपुर,** (निसं)। गाँव गागडवास निवासी एक व्यक्ति ने गाँव के ही लोगों के खिलाफ रंजिश को लेकर जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला राजगढ थाने में दर्ज करवाया है। थाने में दर्ज प्रकरण के अनुसार ईश्वर सिंह जाट निवासी गागडवास तहसील राजगढ जिला चूरू ने इस आरोप मामला दर्ज करवाया है कि 5 जुलाई को उसके बाडे में पशुओ को पानी पिलाने जा रहा था, तो रास्ते में आरोपी संजय कालिरामणा ने उसका रास्ता रोककर उसके साथ मारपीट की। तभी राजगुरू पुत्र तरखाराम भागकर आया व गालिया देते हुए धमकी दी।

# करौली जिले के दौरे पर रहे गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव

## वॉटरमैन डॉ. राजेन्द्र सिंह की पुस्तक का किया विमोचन

**कोटपूतली,** (निसं)। क्षेत्रीय विधायक, उच्च शिक्षा व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव बुधवार को करौली जिले के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने रमन मैग्सेस पुरस्कार विजेता वॉटरमैन डॉ. राजेन्द्र सिंह के साथ करौली जिले के सपोटरा तहसील में महाराजपुरा, भुडखेड़ा, कोरीपुरा, केशुपुरा आदि गांवों का दौरा कर उनके द्वारा प्राचीन पद्धति से जल संचयन, प्रबंधन व संरक्षण की जानकारी ली।

वहीं वॉटरमैन डॉ. राजेन्द्र सिंह द्वारा लिखित पुस्तक पुर्नजीवित सभ्यता की सरिता : पार्वती-सैरनी पुस्तक का भी विमोचन किया। यादव ने कहा कि यह पुस्तक राज्य सरकार द्वारा प्रदेश भर के पुस्तकालयों में भिजवाई जायेगी ताकि इससे सभी को प्रेरणा मिल सकें। यादव ने यह भी कहा कि गांवों की जल संरक्षण की प्राचीन कला व ग्रामीणों की विधा को सम्मान मिलना बेहद आवश्यक है। पुस्तक के लेखक डॉ. राजेन्द्र सिंह ने कहा कि दुनिया के आधुनिक संकट जलवायु परिवर्तन के कारण बेमौसम बारिश एवं इसी के कारण मिट्टी का कटाव व जमाव होता है। जिसका समाधान यह पुस्तक करके दिखाती है।

नालंदा प्रकाशन के नीरज कुमार ने कहा कि वॉटरमैन की तीसरी पुस्तक को नालंदा की ओर से प्रकाशित किया गया है। यह पुस्तक चम्बल क्षेत्र के करौली, धौलपुर जिलों पर आधारित है। जहाँ के लोगों ने पानी से लाचार होकर बंदूक उठा ली थी एवं पुरा चम्बल अशांत व असुरक्षित हो गया था। इस दौरान उन्होंने सामान्य जीवन में लौटकर सामाजिक कार्य कर रहे कुंवर राज गुर्जर, डुलेशाह गुर्जर व रामसहाय गुर्जर एवं ग्रामीणों के अथक सहयोग से चंदा एकत्रित कर जो तालाबों का निर्माण कार्य हुआ उसके लिए साधुवाद ज्ञापित किया।



चम्बल क्षेत्र का गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव ( बीच में ) व राजेन्द्र यादव तथा अन्य ने दौरा किया।

साथ ही रूंधपुरा स्थित ढाणी की ताल में तरूण भारत संघ के द्वारा निर्मित पोखरों की भी जानकारी ली। वॉटरमैन डॉ. सिंह ने विभिन्न स्थानों पर जल संरक्षण के कार्यों से विस्तार से अवगत करवाया। इस मौके पर सभी ने ब्रिटेन के लंदन से आई पत्रकार व फिल्म मेकर लूसी मार्टिन की डॉक्युमेंट्री शुटिंग में भी भाग लिया।

साथ ही सैरनी नदी के उद्गम स्थलों पर विभिन्न स्कूलों का दौरा किया एवं ग्रामीणों से संवाद भी किया। यादव समेत सभी अतिथियों का स्थानीय ग्रामीणों की ओर से जल पुरूष डॉ. सिंह की अगुवाई में साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान पीसीसी मेम्बर मधुर यादव, सामाजिक कार्यकर्ता नित्येन्द्र मानव, तरूण भारत संघ के चम्मन सिंह, रणवीर सिंह, मुकेश कुमार व छाजुराम समेत अन्य मौजूद थे।

## संक्षिप्त

### तहसीलदार को सीमाज्ञान के आदेश

**मालपुरा** (निस) लम्बे समय से मालपुरा थाना प्रशासन एवं आवासीय कॉलोनीवासियों के बीच चल रहै भुखण्डो पर स्वामित्व के अधिकार विवाद मामले मे बुधवार को हाईकोर्ट ने मालपुरा तहसीलदार सहदेव मंडा को सीमाज्ञान के आदेश दिये। मिली जानकारी मे सामने आया कि मालपुरा कस्बा थाना प्रशासन व आवासीय कॉलोनीवासिंदो के बीच भूखण्डो के स्वामित्व को लेकर चल रहै विवाद मामले मे बुधवार को हाईकोर्ट मे हुई सुनवाई मे जस्टिस गणेश राम मीणा की अदालत मे सुनवाई हुई

### हादसे में बालिका की मौत

**मालपुरा** (निस) पचेवर कस्बे के बस स्टेण्ड पर वाहन की टक्कर से घायल हुई बालिका ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। बालिका के परिजनो ने बताया कि बुधवार की दोपहर को घर लौट रही बालिका निशा पुत्र जवाहर लाल को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार गंभीर घायल कर दिया था।

# मालपुरा को जिला बनाने की मांग, अनशन जारी




मालपुरा को जिला बनाने की मांग को लेकर एसडीएम आवास के सामने अनशन जारी रहा।

**मालपुरा** (निस) मालपुरा को जिला बनाने की मांग को लेकर जिला बनाओं कोर कमेटी के बैनर तले शुरू किया गया जनआंदोलन दिन-प्रतिदिन जोर पकडता जा रहा है।

जिला बनाने की मांग को लेकर एसडीएम आवास के सामने शुरू किया गया धरना व अनशन बुधवार को भी जारी रहा। शहरी व ग्रामीण क्षैत्र से पहुंचे महिला-पुरूषो ने धरना स्थल पर जमकर नारेबाजी की। बुधवार को बडी संख्या मे महिलाओं व युवाओं ने धरना स्थल पर पहुंच कोर कमेटी के आंदोलन को समर्थन देते हुए मालपुरा क्षैत्र की जनता की आवाज व जनमानस के अधिकार एवं स्वाभिमान के लिए आंदोलन का हिस्सा बन जरूरत पडने पर जयपुर कुच करने व विधानसभा के सामने प्रदर्शन किये जाने की बात कही।

आगामी विधानसभा सत्र पर क्षैत्रवासियो की निगाहे टिकी हुई है तो तीन महिनो से चल रहै जनआंदोलन के तहत दिये गये सैंकडो ज्ञापन एवं दो बार मालपुरा पूर्णरूप से बंद रहने व हजारो की संख्या मे सामुहिक गिरफतारियां देने सहित स्टेट हाईवे पर धरना व जाम लगाने जैसे कार्यक्रम आयोजित कर सरकार तक क्षैत्र की जनता की आवाज पहुंचाई गई तथा तीस साल से हार रही कांग्रेस को इस बार जीत का ताज पहनाने के लिए आतुर क्षैत्र की जनता व मतदाता महज मुख्यमंत्री द्वारा मालपुरा को जिला बनाने की घौषणा का इंतजार कर रहै है। मुख्यमंत्री जनभावनाओं को प्राथमिकता दे मालपुरा को जिला बनाने की घौषणा का दांव खेलते है तो क्षैत्र से निश्चित कांग्रेस को सफलता मिलने के दावे राजनैतिक गलियारे मे सुर्खिया बनी हुई है।

## मेजर दलपत सिंह बोर्ड गठन पर आभार

**फुलेरा।** राजस्थान सरकार द्वारा राजस्थान में जन्में भारत के वीर सपूत व रावणा राजपूत समाज की शान और अभिमान हाइफा हीरो मेजर दलपत सिंह की स्मृति में ''राजस्थान राज्य मेजर दलपत सिंह (हाइफा स्मृति) कल्याण बोर्ड'' का गठन किये जाने पर रावणा राजपूत समाज समाज की ओर से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का आभार किया गया है।

अखिल रावणा राजपूत समाज राजस्थान प्रदेश प्रतिनधि गोविन्द सिंह बडगुर्जर ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा रावणा राजपूत समाज को एक बेशकीमती उपहार दिया गया है। इसी क्रम में जोधपुर की विधायिका मनीषा पंवार, रावणा राजपूत समाज के प्रदेश अध्यक्ष रणजीत सिंह सोढाला, मंजीतपाल सिंह सांवराद, योगिता सिंह सांवराद का भी आभार व्यक्त किया। साथ ही इस उपलक्ष फुलेरा रावणा राजपूत समाज के लोगो मिठाईयां बांटकर ने खुशिया मनाई। इस अवसर पर गोविन्द सिंह बडगुर्जर, तहसील अध्यक्ष गिरधारी सिंह शेखवात, युवा मोर्चा तहसील अध्यक्ष महनोर सिंह, उपाध्यक्ष महेश सिंह बडगुर्जर, नगर अध्यक्ष हनुमान सिंह परिहार, गणेश सिंह शेखवात हरसोली, दिलीप सिंह मोरसर सहित समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### सी.पी. जोशी का स्वागत



**श्रीमाधोपुर।** कस्बे के ब्रह्मचारी मोड पर सीपी जोशी प्रदेश अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी राजस्थान का श्रीमाधोपुर पहुनें पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, व सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ स्वागत किया गया। भाजप किसान मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष, पूर्व प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम चौधरी मऊ, डॉक्टर माधव सिंह चिकित्सा प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक, कर्मवीर सिंह घोसल्या पूर्व जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा, मक्खन लाल शर्मा पूर्व प्रधान अजीतगढ़,डॉक्टर मंगल यादव चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला सह संयोजक, बद्री सैनी मूंडरू, रोहिताश, आशुतोष कुमावत, नाथूराम मूंडरू, गणेश कुमावत, गुरु (महन्त कालिया मंदिर) महेंद्र सैनी, महेंद्र सिंह शेखावत, सुरेश यादव, झाबर हरितवाल, कैलाश सहित सैकडों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### पेंशनर्स की समस्याओं पर चर्चा

**फुलेरा**। कस्बे की न्यू कॉलोनी स्थित वरिष्ठ नागरिक भवन परिसर में रेलवे पेंशनर सोसाइटी शाखा फुलेरा की मासिक बैठक शाखा अध्यक्ष रमेश चन्द्र वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के दौरान दिवंगत साथियों को श्रद्धांजलि दी गई एवं शाखा में नवीन सदस्य गोविन्द राम, कृष्णकान्त विश्वकर्मा, सच्चिदानन्द, राम सिंह का माला पहनाकर स्वागत अभिनन्दन किया गया। इसके बाद बैठक में पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया। वहीं उपस्थित सभी को जानकारी बैंकों के संयुक्त खातों में पेन्शनर्स की मृत्यु के पश्चात पारिवारिक पेंशनर का नया खाता खुलवाया जा रहा है। जो नियम विरुद्ध है, इस पर उचित कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान महेशसहाय शर्मा, गिरधर गोपाल, शेष नारायण सैनी, श्याम लाल सैनी, आसिफ अली, रामेश्वरदास कुमावत व लाल चन्द कुमावत ने संबोधित किया। इस अवसर पर धन्ना लाल कुमावत, सीपी त्रिपाठी, राजकुमार, सत्य प्रकाश, बृजमोहन, चेनाराम, सुरेश चन्द, विनोद जांगिड़, गंगाराम, बजरंग सिंह, कानाराम, सरोज गुप्ता, देवेन्द्र कुमार, किशन लाल, चेतन प्रकाश, ललित मोहन ओबेरॉय सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

### प्रतिमा का अनावरण 15 को

**बहरोड / नीमराना।** भगवान आदियोगी की 21 फुट ऊंची निर्मित भव्य मूर्ति का अनावरण 15 जुलाई शनिवार को होगा। प्रतिमा के अनावरण पर 51 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन होगा। मुख्य अतिथि हरियाणा के जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय चौटाला, बहरोड विधायक बलजीत यादव होंगे। सिद्ध सेवा धाम के महंत अनिल पुरोहित द्वारा 51 कुंडीय महायज्ञ करते विशाल भंडारा एवं मनोरंजन कार्यक्रम सहित हजारों लोगों के पहुंचने से किया जाएगा। आश्रम के मुकुल शर्मा ने बताया कि आमंत्रित कलाकार अमित सैनी रोहतकिया एंड पार्टी के अमित चौधरी एवं संजय शर्मा है। सुरेश दिल्ली वाले, सुविधा शास्त्री, महेश बोहरा, अनूप यादव, सनी पार्षद रेवाड़ी, बेदू सरपंच, सचिन यादव अटेली, सोनू यादव आदि सहित हजारों लोगों के कार्यक्रम में पहुंचने का प्रचार प्रसार करते देखा गया।

### शपथ ग्रहण समारोह हुआ



**कोटपूतली।** कस्बे के बानसूर रोड़ स्थित श्री जयसिंह गौशाला नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह बुधवार को चुनाव अधिकारी सुरेश मोठुका के मुख्य आतिथ्य में समपन्न हुआ। इस अवसर पर नवगठित कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों को गौशाला पंजीयन संविधान के अनुरूप शपथ दिलाई गई। वक्ताओं ने गौ हित सहित गौशाला के विकास के लिए हरसम्भव प्रयास व कार्य करने का निर्णय लिया। इस दौरान भामाशाह सत्यनारायण भोमिया ने 41 हजार रूपयों की राशि गौशाला को भेंट की। शपथ ग्रहण समारोह में संरक्षक मौजीराम गुर्जर, अध्यक्ष सुरेश पायोनियर, उपाध्यक्ष रोहिताश सैनी व महेन्द्र सैमाला, महामंत्री नन्दलाल जोशी, मंत्री दिनेश राठौड़, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र बालास्या व कोष परीक्षक कुलदीप जोशी सहित अन्य कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ दिलाई गई। इस मौके पर नृसिंहदास अग्रवाल, किशन लाल बंसल, शिम्भुदयाल गर्ग, कुलदीप बंसल, मनोज गौड़, विक्रम शर्मा, रामचन्द्र सैनी, कमल किशोर गुप्ता, घनश्याम अथोनिया, नरेश अग्रवाल, लालाराम कांवर, जुगल किशोर शर्मा, नरेश शर्मा, संदीप शर्मा, मुकेश सराधना, राजू पायला व हंसराज योगी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# 'सांगानेर क्रिकेट लीग 15 को'



''सांगानेर क्रिकेट लीग'' के आयोजक विधायक डॉ. अशोक लाहोटी ( दाएं से तीसरे ) ने खिलाड़ियों के लिए टी-शर्ट जारी किए।

**जयपुर।** सांगानेर विधायक व पूर्व महापौर जयपुर डॉ अशोक लाहोटी ने बताया कि सांगानेर विधानसभा के प्रतिभावान खिलाड़ियों के प्रोत्साहन हेतु भव्य ''सांगानेर क्रिकेट लीग'' का आयोजन किया जा रहा है।

लाहोटी ने बताया कि ''सांगानेर क्रिकेट लीग'' का क्रिकेट स्टार, पदमश्री, युवा सांसद गौत्तम गंभीर एवं भाजपा संगठन महामंत्री चंद्रशेखर, 15 जुलाई दोपहर 3 बजे केएल सैनी स्टेडियम मानसरोवर में उद्घघाटन करेंगे। लाहोटी ने बताया कि ''सांगानेर क्रिकट लीग'' में 221 टीमों के नि:शुल्क रजिस्ट्रेशन हुए हैं। जिसमें 3000 से भी ज्यादा प्रतिभावान खिलाडियों को लीग में खेलने का मौका मिलेगा। लाहोटी ने बताया कि ''सांगानेर क्रिकेट लीग'' 5 अलग-अलग क्रिकेट ग्रांउडों पर लगभग 20 दिनों तक चलेगी। इसमें यलो, ब्ल्यू, ग्रे, पिंक ग्रीन ग्रुप में टर्नामेंट होंगे।लाहोटी ने बताया कि क्रिकेट लीग में भाग लेने वाले प्रत्येक खिलाड़ियों को पुरूस्कार के साथ सैकड़ों बडे-छोटे पुरूस्कारों से सभी खिलाडियों को सम्मानित किया जाएगा।

# बी.एल.ओ. को दो दिवस में पद ग्रहण करने का आगाह

■ विधानसभा क्षेत्र अलवर शहर में 9 कार्मिकों को बूथ लेवल अधिकारी नियुक्त किया गया था किन्तु अपने पद पर कार्य ग्रहण नहीं करने पर दो दिवस में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गए हैं।

**अलवर।** निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक कलक्टर अलवर सुश्री नवज्योति कंवरिया ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी जयपुर एवं लोक प्रतिनिधित्व की धारा के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्रा अलवर शहर में 9 कार्मिकों को संबंधित मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल अधिकारी नियुक्त किया गया था किन्तु अपने पद पर कार्य ग्रहण नहीं करने पर संबंधित कार्मिकों को दो दिवस में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गए हैं।

उन्होंने बताया कि राजकीय गौरी देवी महिला महाविद्यालय अलवर के सहा. प्रशा. अधिकारी सुरेश जोरवाल, राउप्रावि ठेकडा का बास के प्रबोधक राजेन्द्र चौधरी, राजकीय गांधी नेशनल उमावि के वरिष्ठ अध्यापक अरूण मित्तल, राउमावि दिवाकरी की अध्यापक सरोज जैन, नगर विकास न्यास अलवर के कनिष्ठ सहायक मधुर शर्मा, राउप्रावि भाखेडा की वरिष्ठ अध्यापक अम्बाला सोनी, राज. प्रताप उमावि की अध्यापक अल्का, राउप्रावि जालवाला कुआं के वरिष्ठ अध्यापक पुरेन्द्र सिंह एवं राउप्रावि सुकल की शारीरिक शिक्षक मोनिका वर्मा को विधानसभा क्षेत्रा अलवर शहर में संबंधित मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल अधिकारी का कार्य ठाहण नहीं करने पर कार्यालय द्वारा कारण बताओं नोटिस जारी किए थे लेकिन संबंधित कार्मिकों द्वारा आदिनांक तक कार्यठाहण नहीं करने पर उक्त कृत्य को राजकार्य एवं पदीय दायित्वों में गंभीर लापरवाही व उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना माना गया है। अत: संबंधित कार्मिकों को इस कार्यालय द्वारा निलम्बन की कार्यवाही से पूर्व अंतिम अवसर प्रदान करते हुए निर्देशित किया गया है कि संबंधित कार्मिक दो दिवस में कार्य ठाहण कर अपना स्पष्टीकरण निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एसीईएम) अलवर शहर के समक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें अन्यथा कार्मिक के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 के विधिक उपबंधों तथा राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्राण एवं अपील) नियम 1956 के प्रावधानों के तहत निलम्बन की कार्रवाई की जावेगी।

# युवा महोत्सव का आगाज 17 जुलाई से

■ 15 से 29 वर्ष के युवाओं को 20 हजार तक मिलेंगे नकद पुरस्कार

**रामगढ पचवारा।** उपखंड मुख्यालय पर 17 जुलाई से युवा महोत्सव कार्यक्रम का आगाज होगा जिसमें अव्वल आने वाले प्रतिभागी को बीस हजार रुपए तक रुपए के नगद पुरस्कार मिलेंग।

इस युवा महोत्सव कार्यक्रम में 15 से 29 वर्ष के युवाओं को ऑनलाइन पंजीयन कराकर इस कार्यक्रम में भाग लेना होगा। इसमें सामूहिक लोक नृत्य सामूहिक लोक गायन एकाभिनय एकल गायन आशुभाषण चित्रकला हरमोनियम गिटार भरतनाट्यम मांडना लुप्त दुर्लभ कला, हिंदुस्तानी गायन शास्त्रीय नृत्य कथक ओडिशी मणिपुरी कचीपुड़ी प्रतियोगिता होगी राजस्थान युवा बोर्ड के तत्वावधान में राजस्थान सरकार के बजट घोषणा के क्रियान्वयन हेतु राज्य के युवाओं में विभिन्न कला कलात्मक क्षेत्रों अपनी प्रतिभा को विकसित करने एवम् युवा प्रतिभाओं की खोज हेतु हो रहे युवा महोत्सव को लेकर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मुरारी लाल जांगिड की अध्यक्षता में आयोजन समिति सदस्य प्रिंसिपल रामावतार मीना भारत स्काउट स्काउट गाइड सचिव श्रीकांत शर्मा की मौजूदगी में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामगढ पचवारा में बैठक का आयोजन किया गया।

स्काउट सचिव श्रीकांत शर्मा ने बताया कि ब्लॉक स्तरीय युवा महोत्सव का लक्ष्य राज्य के प्रतिभाशाली युवा कलाकारों की खोज करके, उन्हें प्रशिक्षण एवम् छात्रवृति की सुविधा देकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु तैयार करके उनको स्वावलंबन बनाना है। ब्लॉक स्तर पर प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान के विजेताओं को जिले स्तर पर भेजा जाएगा। मीटिंग में कन्या महाविद्यालय रामगढ़ पचवारा से राजेश मीणा लाल चंद गंडालिया राजकुमारी मीना सुरेश सैनी उपस्थित रहे।।

## प्रतिभाओं को सम्मानित किया

**अलवर।** भारत विकास परिषद अलवर शाखा का परिषद स्थापना दिवस प्रतिभा सम्मान समारोह बड़ा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शाखा सचिव हेमेंद्र बंसल ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि भामाशाह सुभाष भार्गव और विशिष्ट अतिथि डॉ विजय गुप्ता रहे रीजन महासचिव डॉक्टर तिम्रो त्रिभुवन शर्मा कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रहे अध्यक्ष दिलीप गोयल द्वारा सभी का स्वागत किया गया कार्यक्रम संयोजक डॉ राजीव सक्सेना ने स्थापना दिवस के साथ ही डॉक्टर सूरज प्रकाश जी के जीवन पर प्रकाश डाला सम्मान समारोह संयोजक डॉ कुमकुम कपूर ने बताया कि कार्यक्रम में शहर के प्रतिष्ठित समाज से योगा एवं आत्मरक्षा शिक्षा के लिए सुमन यादव साहित्य क्षेत्र के लिए कुसुमलता शर्मा नाटक रंगमंच क्षेत्र से डॉक्टर देशराज मीणा आदि मौजूद थे।

# सांसद बोहरा ने विकास कार्यों का लिया जायजा

**जयपुर।** भाजपा के महा जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत विकास तीर्थ यात्रा कार्यक्रम के तहत जयपुर सांसद रामचरण बोहरा ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ जयपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन पर हो रहे विकास कार्यों का अवलोकन किया।

सांसद बोहरा ने जयपुर रेलवे स्टेशन के कॉर्नकोर्स हॉल में स्थापित जयपुर स्टेशन के पुनर्विकास संबंधित मॉडल का अवलोकन किया। इसके बाहर सांसद बोहरा ने जयपुर रेलवे स्टेशन पर भविष्य में होने वाले विकास कार्यों की एक छोटी सी फिल्म भी भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ देखी। इस दौरान सांसद बोहरा ने जयपुर स्टेशन रि-डेवलपमेंट, स्टेशन पर प्रदान की जाने वाली यात्री सुविधाओं, पार्किंग की व्यवस्था,स्टेशन पर पिक एंड ड्रॉप मार्ग,कॉर्नकोर्स एरिया, स्टेशन बिल्डिंग की डिजाइन एवं अधिकतम स्पेस यूटिलाइजेशन की जानकारी ली एवं द्वितीय प्रवेश द्वार पर चले रहे पुनर्विकास कार्य को देखा तथा यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए दिशा-निर्देश प्रदान किये।

सांसद बोहरा ने जयपुर, गांधीनगर खातीपुरा, सांगानेर रेलवे स्टेशन पर चल रहे कार्य के बारे में भी विस्तृत जानकारी ली। साथ ही सांसद बोहरा ने जयपुर जंक्शन एवं गांधीनगर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए चिकित्सा सुविधाएं जल्द से जल्द उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान डीआरएम नरेंद्र कुमार एवं रेलवे के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और भाजपा के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विधानसभा चुनावों को लेकर फिडबैक लिया

**मालपुरा** (निस) प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा द्वारा कांग्रेस जिलाध्यक्ष पद पर मानोनीत हरिप्रसाद बैरवा का कांग्रेसजनो ने जोरदार स्वागत किया।

पूर्व उपजिला प्रमुख अवधेश शर्मा व उनकी टीम ने जिलाध्यक्ष को श्रीजी का दुपट्टा व माला पहना स्वागत अभिनन्दन करते हुए जिलाध्यक्ष पद पर बैरवा की नियुक्ति से संगठन को एक नई उर्जा व मजबूती मिलने की बात कही। इस दौरान अल्प समय में हुई अवधेश शर्मा की मुलाकात व शिष्टाचार के दौरान जिलाध्यक्ष ने मालपुरा विधानसभा क्षेत्र में संगठन की मजबूती के साथ-साथ विधानसभा चुनावो को लेकर चर्चा कर फिडबैक लिया।

विधित रहै कि अवधेश शर्मा बीते कई सालो से संगइन की मजबूती को लेकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर स्थानीय की मांग को जोर-शोर से उठा रहै है तथा इस बार मालपुरा टोडारायसिंह विधानसभा क्षैत्र से उठ रही स्थानीय व सामान्य वर्ग की मांग मे अवधेश शर्मा कांग्रेस के प्रबल दावेदार माने जा रहै है।

अवधेश शर्मा ने गांव-ढाणी मे कांग्रेस की अलख जगाने के लिए चलाये जा रहै विभिन्न अभियान व कार्यक्रमो की जानकारी दे युथ मे मजबूत पकड का दावा किया।

# तारण क्षेत्रवासियों ने दिया कलेक्टर को ज्ञापन



नाली निर्माण की मांग को लेकर तारण गफुरपुरा वार्ड नं. 22 लोगों ने कलेक्टर को ज्ञापन दिया।

**टोंक।** तारण गफुरपुरा वार्ड नं. 22 क्षेत्रवासियों ने क्षेत्र में नाली निर्माण व बीसलपुर का पानी उपलब्ध कराने के क्रम में जिला कलेक्टर टोंक, चिन्मयी गोपाल को ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में बताया कि गफूरपुरा तारण वार्ड नंबर 22 पिछले 35 साल से नगर परिषद टोंक में होने के बावजूद आज भी शहरी क्षेत्र की सेवाओं से वंचित है। गांव में हर वक्त सड़क पर पानी भर जाता है। बरसात के समय में तो गंदा पानी घरों में घुस जाता है इससे गांव वाले काफी परेशान है। बिसलपुर परियोजना का पानी गांव में आज भी नहीं पहुंचा है। पानी तो पहुंचना दूर पाइप लाइन का कार्य भी पूरा नहीं हुआ है। पीने का पानी भी गांव वाले दूसरे गांव से या शहर से भर कर लेकर आते हैं। लाइट की भी गांव में काफी परेशानी है। कम वोल्टेज से गांव में पंखे भी सही तरीके से नहीं चल पाते हैं। क्षेत्रवासियों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर क्षेत्र में नाली निर्माण,बीसलपुर परियोजना का पानी पहुंचाने व लाइट की परेशानी से निजात दिलाने की मांग करी।

ज्ञापन देने वालों में संतोष,काली, मीरा, कमलेश, पंकज, ममता, आशा, कजोड़ ,राजेश, नरेंद्र, राधा, सीताराम, कैलाश, सोहन, रामेश्वर, रामकिशोर, कजोड, राकेश, जगदीश, कमलेशी,अयोध्या, मंजू, बिना, पप्पू, समोदरा, मनभर, कमला, मोहनी, सचिन, राजू सहित अन्य क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

### 'अवैध खनन पर सख्त कार्रवाई करे'

टोंक। जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने अवैध खनन व परिवहन की रोकथाम के लिए बुधवार को कलेक्ट्रेट कक्ष में पुलिस, खनिज, वन एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने खनिज विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे राजस्व, पुलिस, परिवहन और वन विभाग के सहयोग से जांच दल गठित कर अवैध खनन कर्ताओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें।

जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले में हो रहे अवैध खनन की रोकथाम के लिए संयुक्त जांच दल औचक निरीक्षण करें। उन्होंने राजस्व, पुलिस, परिवहन और वन विभाग को निर्देश दिए दल अपने कार्मिकों के साथ खनन क्षेत्रों वाले स्थान पर लगातार गश्त कर आवश्यक कार्रवाई करे। जिला कलेक्टर ने जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए कि ओवरलोड वाहनों पर सख्त कार्रवाई करे। उन्होंने वन एवं खनिज विभाग को निर्देश दिए कि अवैध खनन के उपयोग में ली जा रही मशीनों को सीज किया जाए।

## मेवाती का टोंक आगमन पर स्वागत

**टोंक।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी मोहम्मद विकार खान ने बताया कि अल्पसंख्यक मोर्चा के नव नियुक्त प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती का 12 जुलाई को जयपुर से कोटा जाते समय टोंक जिले में जगह जगह स्वागत किया गया। जिसमे सुबह 9.30 बजे निवाई में जिला उपाध्यक्ष इशाक मुगल एवम पार्षद अल्लाह रक्खा द्वारा स्वागत किया गया। जहाँ मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा माला पहना कर साफ बंधा कर और मुह मीठा करा कर स्वागत किया उसके पश्चात सुबह 10.30 टोंक हाईवे पर तौसीफ खान,आलम जेब, नुसरत खान एवम अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया, उसके पश्चात माधोपुर पुलिया के नीचे प्रदेश मीडिया प्रभारी मोहम्मद विकार खान एवम मोर्चा जिलाध्यक्ष अब्दुल रशीद द्वारा एवम सभी मोर्चा कार्यकर्ता द्वारा आतिश बाजी कर 51 किलो की माला पहनाकर,साफा बंधाकर स्वागत किया, जिसमे पूर्व सभापति लक्ष्मी देवी जैन मौजूद रही जिन्होंने प्रदेशाध्यक्ष हमीद मेवाती को माला पहना कर और साफा बंधा कर स्वागत किया ,प्रदेशाध्यक्ष जी के साथ प्रदेश मिडिया प्रभारी मेहबूब कुरेशी,आई टी सह संयोजक इरशाद खान का भी स्वागत किया। जिसमे प्रदेश मे मंत्री आसिफ अली नकवी,प्रदेश कार्य समिति सदस्य मोहम्मद असलम खान,तारिक अजीज, महामंत्री नावेद खान,उपाध्यक्ष रफीक अब्बासी,शादाब खान,जाकिर खान शहर अध्यक्ष मोहसिन खान,गुल्लू भाई,दानिश अहमद एवम अन्य कार्य कर्ता मौजूद रहे।

# आरएसएस पर दिया गया डोटासरा का बयान मानसिक दिवालियापन : देवनानी

■ 'संघ को समाप्त करने वाले खुद समाप्त हो गए'

**जयपुर।** पूर्व शिक्षा राज्य मंत्री और अजमेर उत्तर विधायक वासुदेव देवनानी ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को लेकर दिए गए बयान को उनका मानसिक दिवालियापन बताया है।

देवनानी ने कहा कि कांग्रेस की सोच शुरू से ही राष्ट्रवाद और राष्ट्रवादी सोच के खिलाफ रही है। देवनानी ने कहा कि कांग्रेस ने जब-जब संघ को कोसा है तब-तब संघ ने अपने आप को अधिक विस्तार दिया है। देवनानी ने कहा की कांग्रेस का हाल विनाश काले विपरीत बुद्धि वाला हो गया है। इसलिए उनके नेता इस तरह के बयान दे रहे है। डोटासरा कभी नाथी का बाड़ा बोलते है तो कभी आरएसएस को बिल के घुसा देने जैसा बयान देते है। देवनानी ने कहा की आरएसएस को समाप्त करने की बात करने वाले खुद ही समाप्त हो गए है। लेकिन संघ राष्ट्रवाद के साथ लगातार आगे बढ़ता जा रहा है।

देवनानी ने कहा की कांग्रेस शुरू से संघ के खिलाफ ज़हर उगलती आई है और कई बार उस पर प्रतिबंध लगाने की कोशिशें हुई, पंडित नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी तक ने संघ पर प्रतिबंध लगाने का प्रयास किया लेकिन संघ ने राष्ट्र प्रथम की नीति के साथ समाजसेवा में अपने काम को जारी रखा है।

देवनानी ने कांग्रेस मंत्रिमंडल के मंत्री राजेंद्र गुढ़ा के देवी सीता को लेकर दिए बयान पर भी तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा की राजनैतिक लाभ हासिल करने के लिए कांग्रेस हमेशा से धार्मिक भावनाएं भड़काने का काम करती आई है। कांग्रेस का हाल खिसियानी बिल्ली खंभा नोंचे जैसी हो गई है। सत्ता और संगठन में बैठे जिम्मेदार लोग आगामी विधानसभा चुनाव में अपनी हार को महसूस करने लग गए है इसलिए इस तरह के बयान बिना सोचे समझे दे रहे है।

देवनानी ने मंत्री गुढ़ा के भगवान श्री राम और देवी सीता पर के संदर्भ में की गई अभद्र टिप्पणी की कड़े शब्दों में निंदा की और तत्काल मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग भी की। कांग्रेस की मानसिकता शुरू से ही हिंदुओं की भावना को आहत करने वाली रही है। भगवान श्री राम जी के प्रति इनकी सोच शुरू से ही नकारात्मक रही है देवनानी ने बताया कि ये वो ही कांग्रेस है जिसने भगवान श्री राम के अस्तित्व पर सवाल खड़े किए। कांग्रेस की तुष्टिकरण वाली नीति और हिंदू विरोधी विचारधारा का बदला जनता आने वाले चुनाव में लेगी।

## संक्षिप्त

### हेड कांस्टेबल की हादसे में मौत

**राजगढ़** । मंडावर मार्ग पर डोरोली बस स्टैंड के समीप बसवा थाने में कार्यरत हेड कांस्टेबल रामकेश मीना की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। राजगढ़ पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बसवा दौसा थाने में कार्यरत हेड कांस्टेबल रामकेश मीना पुलिस कार्य से पिनान की ओर आया था। स्नान की तरफ से आ रहे बाइक सवार 2 लोगों ने हेड कांस्टेबल की बाइक को टक्कर मार दी जिसके कारण हेड कांस्टेबल की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव को राजगढ़ के चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया। मृतक रामकेश मीणा 45 वर्ष पुत्र सरूपा मीणा निवासी टोडा नगर थाना लक्ष्मणगढ़ केशव का पोस्टमार्टम कराकर पुलिस ने लाश परिजनों को सौंप दी।

### तिवाड़ी का स्वागत किया

**मनोहरपुर** । आर. आर. तिवाड़ी को राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जी ओर शीर्ष नेतृत्व ने जयपुर शहर कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया हैं । तिवाड़ी को जयपुर शहर कांग्रेस के अध्यक्ष बनाये जाने पर सिराज मौहम्मद पूर्व उपाध्यक्ष जयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी व (वार्ड 65 के कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी ) हाजी शाहिद मौहम्मद सदस्य राजस्थान हज कमेटी व मोहम्मद रफिक (उर्फ बाबा ) पूर्व सचिव जयपुर शहर कांग्रेस कमेटी व अब्दुल रऊफ ओर बहुत से कांग्रेसियों ने ख़ुशी ज़ाहिर की हैं ।

### छात्राओं को मिलेगा अनुदान

**दूदू** । राजकीय कन्या महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को परिवहन वाउचर योजना के अन्तर्गत 10 किमी दूरी से महाविद्यालय में आने वाली छात्राओ को किराया भत्ता दिया जायेगा । प्राचार्य डॉ. सन्दीपन आर्य ने बताया कि मासिक न्युनतम उपस्थिति 75 प्रतिशत अनिवार्य होगी तथा 20 रूपये प्रतिदिन राशि का भुगतान किया जावेगा।

### जन्मदिन पर पौधे रोपे

**दूदू** । ब्लाक कांग्रेस कार्यलय में कमेटी के कोषाध्यक्ष पवन जैन का जन्म दिन मनाया जाकर वृक्षारोपण किया । इस दौरान युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अरिफ शेख कैलाश शर्मा बी.सी भाकर आदि मौजूद थे।

# विधायक रामलाल शर्मा ने खेलकूद किटों का वितरण किया



विधायक रामलाल शर्मा ने विद्यार्थियों को सम्बोधित किया।

**चौमूं / कालाडेरा** । राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोरिजा और महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय भोजलावा में विद्यार्थियों के लिए विधायक रामलाल शर्मा ने खेलकूद किट का वितरण किया।

युवाओं के किट में बॉलिवाल, फुटबॉल, बेट, बैटमिंटन किट, कॉक, बॉल, रस्सी कूद किट, हाकी टेबिल टेनिस आदि खेल की आवश्यक वस्तुए बच्चो को भेंट की। विधायक रामलाल शर्मा द्वारा खेलकूद किट पाकर बच्चों के

- खेलकूद किटों को पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे

चेहरे खिल उठे। विधायक शर्मा ने कहा कि युवाओं की प्रतिभाओं को तराशने के लिए विधालयो में खेलकूद किट का वितरण किया गया है। इस मोके पर ओबीसी मोर्चा ज़िलाध्यक्ष गौरव यादव, पूर्व पंचायत समिति सदस्य सुरेश जांगिड, पार्षद गजेंद्र यादव, नवरत्न शर्मा, विद्यालय प्राचार्य, स्टाफ़ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहें। सड़कों की मंजूर : सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा विधायक रामलाल शर्मा के अथक प्रयासों से विधानसभा क्षेत्र में 7 करोड़ 23 लाख की लागत से बनने वाली 9 सड़कों की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की है। जिनमे ग्राम भूतेड़ा सड़क से किरत सिंह का बास तक सड़क 85.38 लाख, सिंगोदकला से शिव मंदिर तक सड़क 108.98 लाख, बागा का बास से चेता का बास तक सड़क 99.58 लाख, विजयनगर सड़क से आष्टीकलां बस स्टैंड तक सड़क 84.03 लाख, सान्दरसर से चारणवास तक सड़क 80.68 लाख, गुडलिया से हीरा का बास तक सड़क 75.63 लाख, सिंगोद कला से कल्याण मोड़ 78.68 लाख, हाडौता से राजवाली कोठी तक 73.71 लाख, आष्टीकलां से आष्टीखुर्द तक 37.13 लाख की स्वीकृति जारी की है। विधायक रामलाल शर्मा ने बताया कि उक्त सड़को के निर्माण कार्य के लिए मैंने माँग की थी, जिनकी सानिवि द्वारा स्वीकृति जारी की गई, उक्त सड़को के निर्माण से आमजन को आवागमन में सुगमता आयेगी।

## गर्भ कल्याणक मनाया

**फागी** । कस्बे के श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर ,पारसनाथ जैन मंदिर , चंद्रप्रभु नसिया, चंद्रपुरी जिनालय तथा त्रिमूर्ति दिगंबर जैन मंदिर सहित परिक्षेत्र के चकवाडा, चोरू, नारेड़ा ,मंडावरी, मेहंदवास, निमेडा, लदाना, के जिनालयों में आज जैन धर्म के सतरहवें तीर्थंकर कुंथुनाथ भगवान का गर्भ कल्याणक महोत्सव भक्ति भाव के साथ जोर शोर से मनाया गया।

जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने मीडिया को अवगत कराया कि कार्यक्रम में इससे पूर्व अभिषेक, शांतिधारा एवं अष्टद्रव्यों से पूजा हुई, तथा पूजा के दौरान कुंथुनाथ भगवान का सामूहिक रूप से भक्ति भाव के साथ गर्भ कल्याणक काअर्घ्य चढ़ाते हुए सुख समृद्धि और शांति की मंगलमय कामना की,कार्यक्रम में फागी जैन समाज के चंपालाल जैन, सरावगी समाज के अध्यक्ष महावीर अजमेरा, सुरेश गंगवाल,मंदिर समिति के अध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार झंडा, अशोक नला , सुनील गंगवाल, पवन गंगवाल, बाबूलाल पहाडिया, सुनील बजाज, विकास पहाडिया, नरेंद्र झंडा, तथा अविनाश पहाडिया एवं गीता नला, संतरा बजाज, मुन्ना अजमेरा, गैदी झंडा, बरखा गंगवाल, रेखा गंगवाल,मैना नला ,शोभा पहाडिया सहित सभी श्रावक श्राविकाएं मौजूद थे।

## सार-समाचार

### सड़क पर पानी से राहगीर दुखी



**दूदू** । कस्बे से मालपुरा नरेना मौजमाबाद सड़क मार्ग के साथ ही मुख्य चोराहे कृषिमंडी रोड की क्षतिग्रस्त हालत हो जाने पर आम जन को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड रहा है। इन मार्गा पर गहरे गडढे हो जाने पर जगह जगह पानी भर गया है। वाहन चालको का दुर्घटना का शिकार होना पड रहा हैं। इस सम्बन्ध मे ग्रामीणो द्वारा प्रशासन एवं विधायक को गत सप्ताह अवगत कराने के बाद विधायक बाबुलाल नागर ने स्थानीय नेताओ अधिकारीयों को साथ लेकर नालियो साफ कराने गहरे खडे को भरने के निर्दश दिए लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी समस्या जस की तस हें। विधायक के निर्देश हवा होते नजर आ रहै। मजे की बात यह कि इस सडक से न्यायिक मजिस्टेड प्रशासनिक अधिकारी नियमित कार्यलयो मे जाने के लिए गुजरते है। लेकिन कोई राहत आम राहगीरो एंव विद्यालय मे पढाई करने आने वाले बालक बलिकाओं को नही मिल पा रही है। । प्रशासन की लापरवाही से आमजन परेशान है।

### सत्याग्रह में जुली ने हिस्सा लिया

**अलवर** । कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी को मोदी सरनेम केस में दो साल की सजा सुनाए जाने के बाद कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के आव्हान पर जयपुर के शहीद स्मारक पर काली पट्टी बांधकर मौन सत्याग्रह किया। पूर्व केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने कहा कि केन्द्र सरकार तानाशाह रवैया अपनाते हुए भारत जोडो यात्रा के बाद देश की आवाज बन चुके उनके नेता की आवाज को दबाने के लिए निरंतर औछी हरकते कर रही है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि इतिहास में पहली बार ऐसा हो रहा है जब सच बोलने वाले कि आवाज बंद करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी मजबूत है, उनकी पैदल यात्रा ने देश को एक नई दिशा दी है। भारतीय जनता पार्टी की यह सरकार एवं इनकी साम्प्रदायिक ताकते तथा सरकारी एजेन्सियों का दुरूपयोग अब जनमानस के पटल पर अच्छी तरह छप गया है। आने वाले विधानसभा व लोकसभा चुनाव में जनता इन्हें जवाब देगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा से राहुल गांधी की सदस्यता रद्द कर भाजपा यह सोच रही है कि राहुल पीछे हटने वाले है तो यह उनकी गलतफहमी है। अलवर से सत्याग्रह में जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, बाल संरक्षण की सदस्य वंदना व्यास, नगरपालिका चेयरमैन हिम्मत सिंह चौधरी, प्रदेश सचिव राहुल मीना, गब्बर मीना, एडवोकेट जाकिर प्रधान, रिपुदमन गुप्ता,बेनजीर खान सहित बडी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### जन सुनवाई की

**पावटा** । सफाई कर्मचारी आयोग उपाध्यक्ष दीपक डंडोरिया ने मंगलवार को पावटा प्रागपुरा नगरपालिका परिसर में मुयमंत्री अशोक गहलोत के निर्देशानुसार जन सुनवाई करते हुए अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें अधिशाषी अधिकारी मनीषा यादव को अस्थाई व स्थाई सफाई कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं से रूबरू होते हुए उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। आयोग उपाध्यक्ष ने पालिका कार्यालय में नियुक्त सफाई कर्मचारियों को उनके किसी अन्य पद पर कार्य करने को भी गंभीरता से लिया और निर्देश दिए कि सफाई कर्मी का उसके मूल पद पर ही कार्य करना सुनिश्चित किया जाए ताकि अन्य कार्मिकों के साथ भेदभाव न हो। वही गैर वाल्मीकि सफाई कर्मचारियों को तुरंत प्रभाव से हटाकर उनके मूल पद पर लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान अधिशाषी अधिकारी मनीषा यादव व सफाई कर्मचारियों द्वारा सफाई कर्मचारी आयोग उपाध्यक्ष दीपक डंडोरिया का माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान लल्लू बाबू, सामाजिक कार्यकर्ता सुरेंद्र वाल्मीकि, रोहिताश, अर्जुन, सुंदरलाल, विनोद, नरसीनरसी सहित वाल्मीकि समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### नि:शुल्क खाना खिलाया

**श्रीमाधोपुर**। कस्बे में रेलवे स्टेशन के सामने विनायक महिला विकास समिति द्वारा नगरपालिका के सौजन्य से संचालित इंदिरा रसोई संख्या 664 पर पर कैनरा बैंक शाखा श्रीमाधोपुर के द्वारा दोपहर का 51 जरूरतमंद व्यक्तियों को निशुल्क भोजन करवाया गया व साथ ही शाम का भोजन भी 51 व्यक्तियों के लिए बुक किया गया है। रसोई प्रबंधक संतोष कुमार सैनी ने बताया कि शाखा प्रबंधक नीरज झरवाल ने अपने हाथों से जरूरतमंद व्यक्तियों को भोजन की थाली परोसी। शाखा प्रबंधक ने कहा कि जरूरतमंद व्यक्ति को भोजन करवाना पुण्य का कार्य है। इस अवसर पर बैंक के ऋण अधिकारी प्रदीप व सुनील सेन आदि उपस्थित रहे।भामाशाह आगे आकर इंदिरा रसोई पर मात्र 25 प्रति व्यक्ति का भुगतान करके अपनी तरफ से नि:शुल्क भोजन करवा सकते हैं।

### अधिकारियों ने पौधारोपण किया

**सांभरझील**। सांभर साल्ट द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम के तहत सांभर साल्ट कार्यालय के बाहर पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर सांभर जीएम कर्नल रक्षपाल सिंह खंगारोत, नावां जीएम कमांडर सतीश दशरथ चौथनकर, वरिष्ठ प्रबंधक दिलबाग सिंह, नीरज कुमार नाग, निर्माण संस्था खंडेल के रामेश्वर लाल वर्मा, ओमप्रकाश माली, रमेश सैनी, आदि मौजूद थे। इसी प्रकार यहां देवयानी तीर्थ स्थल के आसपास व सड़क किनारे आज पीपल व बड़ के पौधे रोपित किए गए। पेड़ वाले बाबा के नाम से प्रसिद्ध हुए समाजसेवी निरंजन लाल सूत्रकार की ओर से देवयानी मार्ग के दोनों तरफ काफी तादाद में पीपल और बड़ के लगाए गए पौधे आज वृक्ष का रूप ले चुके हैं। बुधवार को पौधारोपण के दौरान जय प्रकाश केसकुवानी, प्रदीप सिंगला, किशन सिंधी ने भी योगदान दिया।

## बारिश में फंसे लोग विधायक के प्रयासों से रवाना हुए

**पावटा** ।हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश से मची तबाही के बीच वहां घूमने गए विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के कई लोग वहां फंस गए हैं। तीन दिन से सभी से संपर्क कटने से परिजन परेशान हैं।

विराटनगर के जयसिंहपुरा निवासी आशीष अग्रवाल व शोभित गुप्ता सहित कुल 24 आदमी मनाली हिमाचल प्रदेश में घूमने गए हुए है। यह सभी मनाली होटल एवरग्रीन में ठहरे थे।

भारी बारिश से मची तबाही के कारण मोबाइल नेटवर्क खराब होने से सभी के मोबाइल बंद हुए तो परिजनों की परेशानी बढ गई। जिस पर परिजनों ने क्षेत्रीय विधायक इंद्राज गुर्जर से संपर्क कर मदद मांगी।


उन्होंने वहा मुख्यमंत्री कार्यालय, विधायक तिलकराज शर्मा व जिला कलेक्टर आशुतोष गर्ग से संपर्क किया। बताया कि भारी बारिश के चलते बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई है। कई मोबाइल टावर भी बंद हो गए हैं। वहाँ सिर्फ सैटेलाइट फोन से ही संपर्क हो पा रहा है।बाहर जाने के रास्ते भी खराब हो गए।

- विराटनगर से गये लोगों का तीन दिन से संपर्क कटने से परिजन परेशान हो रहे थे
- परिजनों ने विधायक इंद्राज गुर्जर से संपर्क कर मदद मांगी, तब उन्होंने कलेक्टर के सहयोग जानकारी मिली

इसलिए जो जहाँ रुका हुआ था उनको अभी वही रोक रखा था।

वही वहा के मुयमंत्री सुखजिंदर सिंह सुक्खू, विधायक तिलकराज शर्मा व जिला कलेक्टर आशुतोष गर्ग व उनकी टीम के सहयोग से वहा फँसे लोगों की परिजनों से संपर्क हो पाया व उन सभी को सुरक्षित वहाँ से रवानगी दी गई।

# डीगवाल ने दी निजी सहायक शर्मा को जन्म दिन की बधाई



भाजपा नेता ने मूल चंद डीगवाल को बधाई दी।

**अलवर**। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं अलवर ग्रामीण विधानसभा सीट से भाजपा के प्रबल दावेदार ठेकेदार मूल चंद डीगवाल बिजनेस,राजनीति के साथ रिश्ते निभाने में भी किसी से कम नही है उन्होंने अपने निजी सहायक जोनी शर्मा को जन्मदिन की बधाई देने अपने कार्यालय बुलाकर उन्हें गुलदस्ता भेंट कर उनके लंबे जीवन की कामना की है

डीगवाल ने बताया कि उनके निजी सहायक जोनी शर्मा का आज जन्म दिन है तो उन्होंने अपने सारे काम छोड कर जोनी शर्मा को गुलदस्ता भेट कर जन्मदिन की बधाई दी और भगवान से उनके लम्बे जीवन की कामना करते हुए उनका एवं सभी कर्मचारियों का मुंह मीठा कराया डीगवाल के इस कार्य को देख उनके सभी कर्मचारियों ने उनकी प्रशंसा की और कहा कि ऐसा मालिक हमने अपने जीवन में नही देखा है जो कर्मचारियों के जन्मदिन तक याद रखते है।

# गो-संरक्षण से शुरू की कथा

**लालसोट** । उपखंड मुख्यालय पर 11 जुलाई से 17 जुलाई तक चलने वाली श्रीमद् भागवत कथा अमृत के शुभारंभ सत्र के दूसरे दिन बुधवार को कथा वाचन करते हुए कथा व्यास रामचंद्र दास महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा जीव विज्ञान एवं सनातन धर्म की संस्कृति डालने की कथा है ।

कथा व्यास द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ वह संरक्षण के आ ान के साथ एवं जय गोमाता जय गोपाल की स्तुति के साथ शुरू की गई । श्रीमद् भागवत कथा शुभारंभ के प्रथम दिन कथा व्यास रामचंद्र दास महाराज ने कहा कि मातृशक्ति के आशीर्वाद से ही हमारा समाज संस्कारवान है.. व्यासपीठ से कथा वाचन करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत का गुणगान करते हुए कथा व्यास तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य के उत्तराधिकारी आचार्य रामचंद्र दास महाराज ने कहा कि संतो की महिमा का किसी भी शब्दों में या किसी भी माध्यम से पूर्ण गुणगान करना संभव नहीं है। कथा व्यास ने कहा कि जिसका आचरण उत्तम है वही आचार्य है. कथा व्यास ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही मनुष्य के दुख दरिद्र दूर हो जाते है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा जीव मात्र के कल्याण के लिए है । जहां भारत भूमि में विवाद ने जन्म लिया वहां संवाद ने भी जन्म लिया । कथा व्यास ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि ईश्वरीय यस श्री ज्ञान बैराग आदि छह प्रकार के ज्ञान होते हैं । इन्हीं छह गुणों का संदेश और सद संकल्प इस श्रीमद् भागवत कथा के माध्यम से मिलता है । कहा कि जहां राम भगवान जैसे व्यक्तिव वाले जीव हो वहां सत्य का आचरण है और समागम है । परमात्मा ही सृष्टि का निर्माण करते हैं और वही इस सृष्टि में जीव मात्र का कल्याण करते हैं । भगवान हमारे माता-पिता भी हैं और गुरु भी हैं.. इसलिए अपने गुरुदेव को अपने माता पिता को गौमाता को और अगर ब्राह्मण सामने मिलने जाए तो उन्हें प्रणाम कर अपने शुभ कार्य आरंभ करने चाहिए.. इस श्रीमद् भागवत अमृत कथा कार्यक्रम के दौरान महामंडलेश्वर ईश्वर दास महाराज ऋषिकेश चंद्रमा दास महाराज कथा आयोजक मदन मोहन दास महाराज आदि द्वारा संबोधन दिया गया.. कार्यक्रम के दौरान नगरपालिका चेयरमैन रक्षा मिश्र अधिशासी अधिकारी सीमा चौधरी पूर्व चेयरमैन दिनेश मिश्र पीसीसी सदस्य कमल मीणा नंदकिशोर पांचला शिव शंकर जोशी मुकेश सैनी गोविंद सहाय शर्मा मोहन लाल सोनी एडवोकेट अमित कुमार संजीव जोशी आदि आयोजन कार्यक्रम से जुड़े लोग एवं बाहर से आए कई प्रख्यात संत मौजूद रहे ।

## शिवमहापुराण कथा 23 से

**मनोहरपुर**। शाहपुरा शहर के श्री गुरुकृपा सेवा समिति एंव धार्मिक, सामाजिक संगठनों के सहयोग से संगीतमय शिवमहापुराण कथा का आयोजन रविवार 23 तारीख से हो रहा है।जिसकी कलश यात्रा प्रातः 8 बजे चौपड़ शिव मंदिर से रवाना होकर दिल्ली दरवाजा से पुराना दिल्ली रोड होती हुई मुख्य बाजार से चोपड़ मोतीमहल पहुंचेगी। जानकारी देते हुए समिति के दुर्गाप्रसाद शर्मा ने बताया कि कथाव्यास वृन्दावन धाम से श्री महेश कृष्ण ठाकुरजी महाराज अपनी ओजस्वी वाणी में कथा का वाचन करेंगे। साथ ही कार्यक्रम में आचार्य पद पर विभूषित वैदिक रमाकांत टीलावत ने बताया कि नवदिवसीय रामचरितमानस पारायण पाठ होगा। अशोक सैनी, बनवारीलाल गंगावत ने बताया कि इस आयोजन में प्रतिदिन यजमानों से भगवान शिव के रुद्राभिषेक, पार्थिव शिवलिंग पूजन कर सकते है।

## पार्षदों व ग्रामीणों ने पालिका पर लगाया ताला

**पावटा**। विराटनगर में विद्युत विभाग द्वारा 20० दिन पहले रोड लाइटों के कनेक्शन काटने के मामले को लेकर वार्ड पार्षदों व ग्रामीणों ने विराटनगर नगरपालिका प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए पालिका के ताला जड दिया। वही मामले को लेकर चेयरमेन को मौके पर बुलाने पर भी उनके नही आने पर आक्रोश व्यापत हो गया। जिस पर वाइस चेयरमेन रामेश्वर यादव ने मौके पर उपखंड अधिकारी बजरंग लाल स्वामी से बातचीत की जिस पर उनके द्वारा ईओ मनीषा यादव को भेजा गया। ईओ मनीषा यादव ने मौके पर जाकर जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों की समस्याओ को सुन उनका समाधान का आश्वाशन देते हुए समझाईश करते हुए पालिका पर लगा ताला खुलवाया। इसके बाद नगरपालिका अधिशासी अधिकारी मनीषा यादव और विधुत विभाग जेईएन गौतम के बीच नगर पालिका वाइस चेयरमैन रामेश्वर यादव के सामने वार्ता हुई। नगरपालिका के 2० लाख रुपए का चेक जमा कराने की बात पर सहमति हुई। इस पर रोड लाइटों के बकाया बिजली के बिलों में नगरपालिका प्रशासन की ओर से 2० लाख रुपए का चेक द्वारा भुगतान किया गया। इसके बाद बिजली निगम द्वारा रोड लाइटों के कनेक्शन जोडने की कवायद शुरू की गई। इस मौके पर वाइस चेयरमैन रामेश्वर प्रसाद यादव, पार्षद मुखराम गुर्जर, विजय छिपा, वीरेंद्र सैनी, देशराज सैनी, भैरू सैनी, पिंटू किराड, रामकवार गुर्जर, नित्यानंद छत्रवाल, किशन सैनी, विनिता जैन, हेमलता सैनी, सादिक खान, सलीम खान, विकास शर्मा, रोमेश मिश्रा, बनारसी देवी, पतासी देवी सहित वार्ड पार्षद व ग्रामीण मौजूद रहे।

# भागवत कथा का आयोजन 23 से, व्यवस्था की जिम्मेदारी दी

**नारायणपुर**। कस्बे के राजपुरा मोहल्ले में स्थित माधवानंद आश्रम में साध्वी विदुषी सरस्वती के सानिध्य में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन को लेकर बुधवार को ग्रामीणों के साथ बैठक आयोजित की गई ।

बैठक में 23 जुलाई से होने जा रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई । इस दौरान साध्वी द्वारा भक्तो को भागवत कथा की व्यवस्थाओं को संभालने की जिम्मेदारी दी गई । साध्वी विदुषी सरस्वती ने बताया कि 7 दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारम्भ कलश यात्रा के साथ 23 जुलाई को होगा । कथा प्रतिदिन माधवानंद आश्रम में कथावाचक सुनीता बहन त्रिवेणी धाम द्वारा दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे तक सुनाई जायेंगी । कथा का समापन 30 जुलाई को भंडारे के साथ होगा । श्रीमद् भागवत कथा को लेकर भक्तो में काफी उत्साह देखने को मिल रहा हैं एवं तैयारी में जोर-शोर से लगे हुए हैं । वही बैठक से पूर्व श्री कृष्णा शिक्षा एवं ग्रामीण विकास समिति द्वारा आश्रम में अर्जुन (ताल) का पेड़ लगाया गया । इस मौके पर रोहिताश सैनी, सोहन लाल सैनी, रामनिवास प्रजापत, वैद्य भवानी शंकर शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, महेश सैनी, ललित शर्मा, कालू जोशी, गोपाल पारीक, योगेश सैनी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे ।



नारायणपुर कस्बे के राजपुरा मोहल्ले में साध्वी विदुषी सरस्वती के सानिध्य में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 23 से किया जायेगा।

## वन महोत्सव मनाया

**श्रीमाधोपुर**। कस्बे के एसबीएन पीजी महाविद्यालय के द्वारा वृक्षारोपण व पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए बाबा विशंभर दास राजकीय कन्या महाविद्यालय होद व एसबीएन पीजी महाविद्यालय श्रीमाधोपुर के कैंपस में खेजड़ी के पांच, गुलमोहर के पांच, शीशम के पांच, अर्जुन के चार, जामुन के पांच, बील के पांच, गूलर के चार, चांदनी के पांच, देसी श्यामा के दो, पारिजात के चार, पपीता के 10 व अमरूद के 10 पेड़ों सहित कुल 65 पेड़ लगाए।इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुरेश कुमार जाट, निदेशक डॉ. मुकेश कुमार बल्डवाल ,महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ डीडी गुप्ता, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. हंसराज चौहान,महाविद्यालय के खेल निदेशक बनवारी लाल जीतरवाल, महाविद्यालय के विज्ञान संकाय प्रभारी प्रवीण शर्मा, महाविद्यालय के व्याख्याता ओम प्रकाश वर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, राजेंद्र वर्मा, दीपक सैनी, धर्मेंद्र कुमार जीतरवाल, मोनिका शर्मा, संजू भावरिया,कोमल सैनी, ज्योत्सना शर्मा, युवराज पारीक ,जितेंद्र मिठारवाल, राजेंद्र सिंह बिजारनिया, श्रवण कुमार महला, रसना देवी, मदन लाल सैनी, झाबरमल बिजारणिया,रवि राज शर्मा, एनसीसी सीटीओ सांवर मल सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# राजीव गांधी ऑलम्पिक मशाल रथ पहुंचा मालपुरा



मशाल रथ के मालपुरा पहुंचने पर तहसीलदार सहदेव मंडा आदि ने स्वागत किया।

**मालपुरा** (निस) शहरी व ग्रामीण क्षैत्रो मे छिपी खेल प्रतिभाओं को निखारने व राज्य व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल कौशल का प्रदर्शन किये जाने का अवसर प्रदान करने के उदेश्य को लेकर राज्य सरकार द्वारा शुरू किये गये राजीव गांधी शहरी व ग्रामीण औलम्पिक खेलो के शुभारम्भ से पूर्व बुधवार को मालपुरा पहुंचे मशाल रथ का जोरदार स्वागत किया गया।

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मालपुरा मे पहुंचे मशाल रथ के साथ यात्रा के सदस्यो व पदाधिकारियो का जिला खेल अधिकारी प्रतिनिधि अब्दुल रब्ब नकवी, तहसीलदार सहदेव मंडा,सीबीईईओ श्योजीराम बैरवा, युसीईईओ अनुपम कालरा व प्रधानाचार्य गिरधर सिंह सहित वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक राकेश कुमार चौधरी, प्रवीण कुमार वर्मा, बुद्धिप्रकाश खटीक, गिरधर शर्मा, बाबूलाल यादव, राजेन्द्र शर्मा, दीपक गुप्ता, शारीरिक शिक्षक अजय शर्मा, सुरेश शर्मा, पंकज खंगार, नानूराम रेगर, अब्दुल वाह अजीम,सहित खेल जगत से जुडे खेल प्रेमियो ने जोरदार स्वागत कर मशाल थमाई। मशाल रथ के साथ आये कलाकारो ने नुक्कड नाटक के माध्यम से राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की आमजन को जानकारी दी तथा जागरूक रहकर लाभ लेने का संदेश दिया।



"खेलने से हमें सीखने का अच्छा अनुभव मिलेगा। आगामी एशियाई खेलों की तैयारी के लिये ये मैच महत्वपूर्ण होंगे। पिछले कुछ महीनों में अपनी ताकत और कमजोरियों पर काम करने के बाद हम जर्मनी और स्पेन में अपना सर्वश्रेष्ठ देने का लक्ष्य रखेंगे।" **सविता पूनिया**

भारतीय हाकी कप्तान, यूरोप दौरे को लेकर

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** — **शरत कमल**



अनुभवी भारतीय टेबल टेनिस खिलाडी शरत कमल ने बुधवार को कहा कि अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) के चौथे सत्र से खिलाडियों को सितंबर में हांग्झोउ में होने वाले एशियाई खेलों से पहले मैच अभ्यास करने का बेहतरीन मौका मिलेगा। गुरुवार से शुरू होने वाली इस लीग की चार साल के अंतराल के बाद वापसी हो रही है। सत्र के शुरूआती मुकाबले में पिछली विजेता चेन्नई लायंस की टीम पुनेरी पलटन से भिडेगी। शरत ने बुधवार को टूर्नामेंट पूर्व संवाददाता सम्मेलन में कहा, "यूटीटी चार साल के अंतराल के बाद वापसी कर रहा है। इस लीग से हमें अच्छा अनुभव मिला है।

**क्या आप जानते हैं ?...** क्रिकेट विश्व कप के इतिहास में पहली गेंद 7 जून 1975 को लार्ड्स के मैदान पर भारत के मदनलाल द्वारा इंग्लैण्ड के डैनिश एमिस को फेंकी गई थी।

## भारत की नजरें बांग्लादेश का 3-0 से सूपड़ा साफ करने पर

मीरपुर, 12 जुलाई। भारतीय महिला क्रिकेट टीम बल्लेबाजी की कमजोरियों से पार पाते हुए बांग्लादेश के खिलाफ बृहस्पतिवार को यहां तीसरे और आखिरी टी20 मैच के लिये उतरेगी तो फोकस श्रृंखला 3-0 से जीतने पर रहेगा। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने पहले दो मैच आसानी से जीते। दूसरे मैच में हालांकि भारत की बल्लेबाजी निराशाजनक रही जब 20 ओवर में टीम आठ विकेट पर 95 रन ही बना सकी। भारतीय गेंदबाजों ने हालांकि बल्लेबाजों की नाकामी की भरपाई करते हुए बांग्लादेश को 87 रन पर ही समेट दिया था।

दो मैचों में नाकाम रहने के बाद एक बार फिर सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा पर सभी की नजरें होंगी। पिछले मैच में उन्होंने 14 गेंद में 19 रन बनाये जो भारतीय पारी में सर्वोच्च स्कोर था लेकिन उसे अपनी क्षमता और लोगों की अपेक्षाओं का अहसास है। उनके पास 16 जुलाई से शुरू हो रही वनडे श्रृंखला से पहले फॉर्म में लौटने का एक और मौका है। उपकप्तान स्मृति मंधाना को भी बडी पारी का इंतजार है। भारतीय सलामी बल्लेबाज टीम को अच्छी शुरूआत देने में नाकाम रहे हैं और अब उनके पास अपनी गलतियों में सुधार करने का एक और मौका है। जेमिमा रौड्रिग्स ने बीच के ओवरों में 21 गेंद खेलकर सिर्फ आठ रन बनाये। पहले मैच में शानदार प्रदर्शन के बाद दूसरे मैच में खाता भी नहीं खोल सकी कप्तान हरमनप्रीत फिर लय में आने की कोशिश में होंगी। भारतीय गेंदबाजों दीप्ति शर्मा, मीनू मनी और शेफाली ने दूसरे मैच में शानदार प्रदर्शन किया।

मेजबान टीम के बल्लेबाज भी बेहतर प्रदर्शन की कोशिश करेंगे। उसके गेंदबाजों ने हालांकि अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन भारत जैसी मजबूत टीम को हराने के लिये उन्हें एक ईकाई के रूप में अच्छा खेलना होगा।

# सबालेंका विंबलडन सेमीफाइनल में

विंबलडन, 12 जून। एरिना सबालेंका ने बुधवार को यहां मेडिसन कीज के खिलाफ सीधे सेट में जीत के साथ लगातार दूसरी बार विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में जगह बनाई। बेलारूस की दूसरी वरीय सबालेंका 2021 में भी सेमीफाइनल में पहुंची थी जबकि 2022 में उन्हें प्रतिबंधित किया गया था।

यूक्रेन में युद्ध के कारण पिछले साल की प्रतियोगिता में बेलारूस और रूस के खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में हिस्सा लेने की स्वीकृति नहीं दी गई थी। सबालेंका ने कीज को 6-2, 6-4 से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया। उप विजेता कैरोलिना प्लिसकोवा के खिलाफ 2021 में सेमीफाइनल में शिकस्त झेलने वाली सबालेंका ने कहा, "सेमीफाइनल में एक बार फिर जगह बनाकर शानदार महसूस हो रहा है। मैं विंबलडन में अपने दूसरे सेमीफाइनल में खेलने के लिए इंतजार नहीं कर सकती। उम्मीद करती हूं कि मैं पिछली बार से बेहतर कर पाऊंगी।"

इस साल ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में सबालेंका की जीत-हार का रिकॉर्ड 17-1 है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया ओपन का खिताब जीता जबकि फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची। विंबलडन में भी वह पांच जीत दर्ज कर चुकी हैं ग्रैंडस्लैम के क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में सबालेंका की यह लगातार छठी जीत है। सबालेंका सेमीफाइनल में गत चैंपियन एलिना रिबाकिना और ओन्स जेब्युर के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से भिड़ेंगी। टूर्नामेंट के 10वें दिन रानी कैमिला भी रॉयल बॉक्स में मैच देखने के लिए मौजूद थीं। लगभग एक हफ्ता पहले वेल्स की राजकुमारी केट भी रॉयल बॉक्स में मैच देखने पहुंची थी।

## एशिया जूनियर चैंपियनशिप में भारतीय शटलरों का जोरदार आगाज

नयी दिल्ली, 12 जुलाई। लक्ष्य और अनमोल ने बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप में बुधवार को कौशल और दढ़ संकल्प का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दूसरे चरण में प्रवेश किया। लडकों की एकल प्रतियोगिता के पहले चरण में, लक्ष्य ने बंगलादेश के एम जॉय के खिलाफ 21-9, 21-9 की मज़बूत जीत दर्ज की, जबकि उनके हमवतन आयुष शेट्टी ने इंडोनेशिया के अल फजरी को रोमांचक मैच में 21-14, 18-21, 21-19 से हराया। समरवीर ने भी अपनी अद्भुत क्षमताओं का प्रदर्शन करते हुए हांग कांग के अवान उस्मान को 21-19, 21-19 से हराया, लेकिन जापान के युदाई ओकिमोतो की कडी चुनौती का सामना करते हुए ध्रुव 13-21, 13-21 से हार गये।

# 24वें ग्रैंड स्लैम से दो कदम दूर जोकोविच

लंदन, 12 जुलाई। सर्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच साल के तीसरे और कुल 24वें ग्रैंड स्लैम खिताब की ओर कदम बढ़ाते हुए विंबलडन 2023 के सेमीफाइनल में पहुंच गये हैं।

जोकोविच ने मंगलवार को खेले गये क्वार्टरफाइनल में रूस के आंद्रे रुबलेव के खिलाफ पिछड़कर वापसी करते हुए 4-6, 6-1, 6-4, 6-3 से जीत हासिल की। फाइनल में जगह बनाने के लिये जोकोविच का मुकाबला इटली के आठवीं वरीयता प्राप्त जैनिक सिनर से होगा। सिनर ने रूस के रोमन सफीउलिन को 6-4, 3-6, 6-2, 6-2 से हराकर पहली बार ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में कदम रखा है।

जोकोविच अपना 46वां बड़ा सेमीफाइनल खेलते हुए सर्वाधिक सेमीफाइनल खेलने में रोजर फेडरर के पुरुष एकल रिकॉर्ड की बराबरी करेंगे। दूसरी ओर, 25 वर्षीय रूबलेव आठवीं बार प्रमुख क्वार्टरफाइनल खेल रहे थे, लेकिन वह अब भी अपने पहले सेमीफाइनल की तलाश में हैं। ओपन युग में किसी भी खिलाड़ा ने जीत के बिना इतने ग्रैंड स्लैम क्वार्टरफाइनल नहीं खेले हैं। रुबलेव ऑस्ट्रेलियाई ओपन क्वार्टर फाइनल में भी जोकोविच से भिडे थे, जहां सर्बियाई खिलाड़ा ने जीत हासिल की थी। जोकोविच ने रुबलेव के बारे में कहा, "मैंने जब ग्रैंड स्लैम में उनका सामना किया तो वह अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर थे। यह ऐसी चीज है जिसकी उनके जैसे खिलाड़ी से उम्मीद की जाती है। वह खेल के प्रति बहुत समर्पित हैं और हमेशा सुधार करने की कोशिश करते हैं।"

उन्होंने कहा, "मैं बिना किसी संदेह के उनके खेल में सुधार देख सकता हूं। मुझे लगता है कि आज उसने बहुत बढिया टेनिस खेला। वह बहुत दबाव डाल रहा था, बहुत तेज खेल रहा था।"

सिनर के साथ जोकोविच का सेमीफ़ाइनल मुकाबला पिछले साल विंबलडन में इस जोडी के क्वार्टरफ़ाइनल का रीमैच होगा जब जोकोविच ने दो सेटों से पिछडने के बाद 5-7, 2-6, 6-3, 6-2, 6-2 से जीत हासिल की थी। उसके बाद से दोनों खिलाड़ा आमने-सामने नहीं आये हैं।

सिनर ने कहा, "यह (सेमीफाइनल) मेरे लिये बहुत मायने रखता है। बहुत खुश हूं कि मैं अपना पहला सेमीफाइनल यहां इस विशेष जगह, एक विशेष सतह पर खेलने वाला हूं। देखते हैं कि आगे क्या होता है।" सिनर से हारने वाले सफीउलिन विंबलडन में पदार्पण कर रहे थे। उन्होंने अपने अभियान में कई आक्रामक प्रदर्शन किये और 2014 में विश्व नंबर 144 निक किर्गियोस के बाद क्वार्टरफाइनल में पहुंचने वाले सबसे निचले रैंक वाले व्यक्ति बन गये।

# शाह और अशरफ ने तय किया एशिया कप का कार्यक्रम, भारत पाक मैच दाम्बुला में

नयी दिल्ली, 12 जुलाई। भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप का बहुचर्चित मैच श्रीलंका में होगा जिस पर मेजबान पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के पूर्व पदाधिकारियों ने मंजूरी जताई थी। आईपीएल चेयरमैन अरूण धूमल ने बुधवार को इसकी पुष्टि की।

धूमल इस समय डरबन में आईसीसी मुख्य कार्यकारियों की बैठक के लिये गए हैं। उन्होंने पुष्टि की कि बीसीसीआई सचिव जय शाह और पीसीबी प्रमुख जाका अशरफ की बृहस्पतिवार को होने वाली आईसीसी बोर्ड की बैठक से पहले मुलाकात हुई ताकि एशिया कप का कार्यक्रम तय हो सके।

इस महीने की शुरूआत में पद संभालने वाले अशरफ ने नजम सेठी की अध्यक्षता वाले पीसीबी के पूर्व प्रशासन द्वारा हाइब्रिड मॉडल को मंजूरी दिये जाने पर नाराजगी जताई थी। पीसीबी 31 अगस्त से 17 सितंबर तक होने वाले एशिया कप का मेजबान है जो पाकिस्तान और श्रीलंका में खेला जायेगा। धूमल ने कहा, "हमारे सचिव ने पीसीबी प्रमुख जाका अशरफ से मुलाकात की और एशिया कप के कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया। यह उसी के अनुरूप है जिस पर पहले बात की गई थी। पाकिस्तान में लीग चरण के चार मैच होंगे जिसके बाद नौ मैच श्रीलंका में होंगे। इसमें भारत और पाकिस्तान का मैच शामिल है। दोनों टीमें फाइनल खेलती हैं तो वह भी श्रीलंका में होगा।"

उन्होंने पाकिस्तान मीडिया में आ रही इन अटकलों को खारिज किया कि भारतीय टीम पाकिस्तान जायेगी। पाकिस्तान के खेल मंत्री अहसान मजारी के हवाले से ऐसी खबरें आ रही थीं। धूमल ने कहा, "इस तरह की कोई बात नहीं हुई। भारतीय टीम या हमारे सचिव पाकिस्तान नहीं जायेंगे। सिर्फ कार्यक्रम तय किया गया है।"

भारतीय टीम श्रीलंका के दाम्बुला में पाकिस्तान से खेल सकती है। पाकिस्तान का अपनी धरती पर एकमात्र घरेलू मैच नेपाल के खिलाफ होगा। इनके अलावा पाकिस्तान में अफगानिस्तान बनाम बांग्लादेश, बांग्लादेश बनाम श्रीलंका और श्रीलंका बनाम अफगानिस्तान मैच होंगे। हाल ही में पाकिस्तान के खेल मंत्री मजारी ने कहा था कि अगर भारतीय टीम एशिया कप खेलने पाकिस्तान नहीं आयेगी तो पाकिस्तानी टीम भी वनडे विश्व कप खेलने भारत नहीं जायेगी। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि शायद पाकिस्तानी खेलमंत्री को एशियाई क्रिकेट परिषद की पूर्व में हुई बैठक के बारे में पता नहीं है जिसमें कार्यकारी समिति ने हाइब्रिड मॉडल को मंजूरी दी थी जिसका सुझाव पूर्व पीसीबी अध्यक्ष सेठी ने दिया था। बैठक के दौरान मौजूद एसीसी बोर्ड के एक वरिष्ठ सदस्य ने पीटीआई को बताया, "हमें पीसीबी की अंदरूनी घटनाओं से कोई सरोकार नहीं है। हमें इतना पता है कि हाइब्रिड मॉडल पर पीसीबी ने मंजूरी जताई थी। इसके बारे में पीसीबी ने आधिकारिक प्रेस विज्ञिप्त भी जारी की थी कि चार मैच पाकिस्तान में होंगे और बाकी श्रीलंका में।" जहां तक विश्व कप का सवाल है तो पीसीबी को आईसीसी सदस्य प्रतिभागिता समझौता मानना होगा जिस पर 2015 में आठ साल के लिये सभी पूर्ण सदस्यों ने हस्ताक्षर किये थे।

## विहारी के अद्धर्शतक से दक्षिण क्षेत्र संभला

बेंगलुरु, 12 जुलाई। कप्तान हनुमा विहारी (63) के जुझारू अद्धर्शतक की बदौलत दक्षिण क्षेत्र ने पश्चिम क्षेत्र के खिलाफ दलीप ट्रॉफी के फाइनल के पहले दिन बुधवार को सात विकेट के नुकसान पर 182 रन बना लिये।

पश्चिम क्षेत्र ने टॉस जीतकर दक्षिण को पहले बल्लेबाजी के लिये आमंत्रित किया। चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच गेंदबाजों के लिये अत्यधिक मददगार नहीं थी, लेकिन चिंतन गज ने मौसमी हवाओं का फायदा उठाते हुए सलामी बल्लेबाज रविकुमार समर्थ (सात) को विकेटकीपर हार्विक देसाई के हाथों कैच आउट करवा दिया। मयंक अठावाल ने धैर्य के साथ 47 गेंदें खेलीं लेकिन अनुशासन खोने के कारण 28 रन बनाकर पवेलियन लौट गये।

शुरुआती दो झटके लगने के बाद तिलक वर्मा ने हनुमा विहारी के साथ 79 रन की साझेदारी की, लेकिन वह भी अद्धर्शतक पूरा करने से पहले ही पवेलियन लौट गये। तिलक ने 87 गेंद की पारी में पांच चौकों और एक छक्के के साथ 40 रन बनाये।

इस वर्षाबाधित दिन में विहारी के अलावा दक्षिण क्षेत्र का कोई बल्लेबाज 50 का आंकडा नहीं छू सका। विहारी ने 130 गेंदें खेलकर नौ चौके जडते हुए 63 रन बनाये जबकि शम्स मुलानी ने उन्हें बोल्ड करके पवेलियन लौटाया।

सचिन बेबी (सात) और रिकी भुई (नौ) के छोटे स्कोर पर आउट होने के बाद वाशिंगटन सुंदर और साई किशोर दक्षिण क्षेत्र के लिये दिन का खेल खत्म कर सकते थे, लेकिन अर्ज़न नागवासवाला ने स्टंप्स से कुछ देर पहले साई किशोर को पांच रन के स्कोर पर आउट कर दिया। सुंदर नौ रन बनाकर जबकि विजयकुमार विशाक पांच रन बनाकर नाबाद रहे।

## मीराबाई की गैर मौजूदगी में ज्ञानेश्वरी ने स्वर्ण पदक जीता

ग्रेटर नोएडा, 12 जुलाई। स्टार भारोत्तोलक मीराबाई चानू की गैरमौजूदगी में ज्ञानेश्वरी यादव ने बुधवार को यहां राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप की महिला 49 किग्रा स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर घरेलू दर्शकों को जश्न मनाने का मौका दिया।

छत्तीसगढ़ की 20 साल की ज्ञानेश्वरी ने स्नैच और क्लीन एवं जर्क दोनों वर्ग में अपना निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने कुल 176 किग्रा (78 किग्रा और 98 किग्रा) वजन उठाकर शीर्ष स्थान हासिल किया। पिछले साल अक्टूबर में एशियाई चैंपियनशिप में ज्ञानेश्वरी को पछाड़ने वाली हमवतन झिली डालबेहडा ने इस बार भी उन्हें कड़ी चुनौती दी।

झिली ने 169 किग्रा (75 किग्रा और 94 किग्रा) वजन उठाकर पिछली बार की तरह रजत पदक जीता।

# मेरी पत्नी को लगा कि मैं मजाक कर रहा हूं: टूटे हुए जबडे के साथ गेंददबाजी पर बोले कुंबले

नयी दिल्ली, 12 जुलाई। भारत के महान स्पिनर अनिल कुंबले ने जब 2002 के एंटीगा टेस्ट में टूटे हुए जबडे के साथ वेस्टइंडीज टीम के खिलाफ गेंदबाजी का फैसला लिया तो उनकी पत्नी चेतना को लगा कि वह मजाक कर रहे हैं।

उस समय कैरेबियाई टीम में ब्रायन लारा जैसे बल्लेबाज थे जिन्हें कुंबले सबसे कठिन प्रतिद्वंद्वियों में से एक मानते हैं। उनके पास एक गेंद के लिये तीन शॉट हुआ करते थे।

इसके बावजूद कुंबले ने ऐसा साहसिक फैसला लिया और टूटे हुए जबड़े के साथ लगातार 14 ओवर डाले और लारा को भी आउट किया।

कुंबले ने जियो सिनेमा को दिये एक इंटरव्यू में कहा, "मैने अपनी पत्नी चेतना को बताया और कहा कि मुझे आपरेशन के लिये भारत लौटना है। उसने बेंगलुरू में सब व्यवस्था कर दी।"

उन्होंने कहा, "फोन रखने से पहले मैने उसे कहा कि मैं गेंदबाजी करने जा रहा हूं। उसे लगा कि मैं मजाक कर रहा हूं। उसने इसे गंभीरता से नहीं लिया।"

पूर्व कप्तान ने कहा कि जबड़ा टूटने के बावजूद उन्हें लगा कि टीम के लिये कुछ विकेट लेना उनकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, "मैं ड्रेसिंग रूम में गया तो मैने देखा सचिन गेंदबाजी कर रहा है क्योंकि वही टीम में ऐसा था जो गेंदबाजी कर सकता था। उस समय वावेल हाइंड्स बल्लेबाजी कर रहे थे।"

उन्होंने कहा, "मुझे लगा कि मेरे लिये यही मौका हैं। मुझे जाकर विकेट लेने होंगे। अगर हम उनके तीन या चार विकेट ले सके तो मैच जीत सकते हैं। मैने एंड्रयू लीपस से कहा कि मुझे जाना है।" कुंबले को अगले दिन बेंगलुरू लौटना था। उन्होंने उस समय कहा, "कम से कम मैं इस सोच के साथ तो घर जाऊंगा कि मैने पूरी कोशिश की।"

कुंबले को सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए मर्विन डिल्लों की गेंद लगी थी लेकिन खून बहने के बावजूद उन्होंने 20 मिनट और बल्लेबाजी की।

अपने समय के सबसे कठिन बल्लेबाजों में उन्हें लारा, सईद अनवर, जाक कैलिस और अरविंद डिसिल्वा का नाम लिया। उन्होंने कहा, "यह अच्छी बात है कि उस दौर के अधिकांश बेहतरीन बल्लेबाज मेरी टीम में थे। सचिन, राहुल, सौरव, वीरू, लक्ष्मण इन सभी को गेंदबाजी करना कितना मुश्किल होता। वैसे अरविंद डिसिल्वा को गेंदबाजी करना कठिन था और लारा के पास तो हर गेंद के लिये तीन शॉट होते थे।" भारत की नजरें बांग्लादेश का 3- 0 से सूपडा साफ करने पर रहेगी।

## पिता-पुत्र की जोड़ी को आउट करने वाले एकमात्र टेस्ट गेंदबाज बने अश्विन

रोसू, 12 जुलाई। रविचंद्रन टेस्ट क्रिकेट में पिता-पुत्र की जोडी को आउट करने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बन गए हैं अश्विन ने साल 2011 में खेले गए अपने डेब्यू टेस्ट मैच में शिवनारायण चंद्रपॉल को आउट किया था। अब 12 साल बाद अपने 93वें टेस्ट में शिवनारायण चंद्रपॉल के बेटे तेगनारायण चंद्रपॉल का शिकार किया है। ऑफ स्पिनर अश्विन ने तेगनारायण चंद्रपॉल (12) को क्लीन बोल्ड करते हुए पहले टेस्ट के पहले दिन वेस्टइंडीज को पहला झटका दिया। इसी के साथ वह टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा बोल्ड मारने वाले भारतीय गेंदबाज भी बन गए हैं। भारतीय मूल के शिवनारायण चंद्रपॉल का परिवार कई दशक पहले बतौर बंधुआ मजदूर वेस्टइंडीज गया था। अब वहीं के होकर रह गए। शिवनारायण चंद्रपॉल ने अपने करियर में भात के खिलाफ 25 टेस्ट में 63.85 के धांसू औसत से 2171 रन बनाए थे, जिसमें सात शतक भी शामिल था। अपना सातवां टेस्ट खेल रहे तेगनारायण दोहरा शतक भी लगा चुके हैं। उनके नाम 11 पारियों में 453 रन दर्ज हैं, जबकि नाबाद 207 रन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। यह भारत के खिलाफ उनका पहला मैच था। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए वेस्टइंडीज ने लंच तक 68 रन पर चार विकेट झटक लिए। अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने वेस्टइंडीज के दोनों सलामी बल्लेबाजों तेगनारायण चंद्रपॉल (12) और कप्तान क्रेग ब्रेथवेट (20) को पवेलियन की राह दिखाई। शार्दुल ठाकुर ने रेमंड रीफर (दो) को डेब्यू कर रहे विकेटकीपर ईशान किशन के हाथों कैच कराया तो वही जडेजा ने लंच के विश्राम से ठीक पहले जर्मेन ब्लैकवुड (14) को आउट किया। पदार्पण कर रहे एलिक अथानजे 13 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं।

# एशियाई खेलों के लिए कुश्ती के ट्रायल 22 और 23 जुलाई को दिल्ली में होंगे

नयी दिल्ली, 12 जुलाई। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा कुश्ती के संचालन के लिए नियुक्त तदर्थ समिति ने एशियाई खेलों के लिए बहुप्रतीक्षित कुश्ती ट्रायल 22 और 23 जुलाई को आयोजित करने का बुधवार को फैसला किया।

समिति हालांकि अभी यह निर्णय नहीं ले सकी है कि भारतीय कुश्ती महासंघ के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने वाले छह पहलवानों में से किसी को ट्रायल में छूट दी जाए या नहीं।

आईओए ने ओसीए (एशियाई ओलंपिक परिषद) से इस तिथि को 22 जुलाई से आगे बढ़ाने की मांग की थी। ओसीए ने इस मांग को खारिज कर दिया। इसके बाद तदर्थ समिति ने नयी दिल्ली में बैठक की और निर्णय लिया कि पुरुषों के ठीको रोमन और महिलाओं के ट्रायल 22 जुलाई को आयोजित किए जाएंगे और फ्री स्टाइल टीम का चयन अगले दिन होगा।

तदर्थ समिति ओलंपिक के 18 भार वर्गों के ट्रायल का आयोजन करेगी। इसमें तीनों प्रारूपों में छह-छह (पुरुषों के लिए फ्री स्टाइल और ठीको रोमन और महिलाओं के लिए फ्री स्टाइल) स्थानों के लिए ट्रायल होगा। तदर्थ समिति के प्रमुख भूपेंदर सिंह बाजवा ने बताया, "हमने 22 और 23 जुलाई को इंदिरा गांधी स्टेडियम के केदार जाधव हॉल में ट्रायल आयोजित करने का फैसला किया है। पहले हम ठीको रोमन और महिला पहलवानों को आमंत्रित करेंगे और फिर पुरुष फ्री स्टाइल पहलवानों को आमंत्रित करेंगे। हम चाहते हैं कि एशियाई खेलों के ट्रायल में हमारे अंडर-20 पहलवान भी चुनौती पेश करें। वे 21 जुलाई को भारत लौटेंगे और इसलिए हम उन्हें भी दावा पेश करने का मौका देना चाहते है।"

बाजवा ने कहा, "मैं आप सभी के साथ मानदंड से जुडी जानकारी कल साझा करूंगा। हमने अभी तक इस पर कोई फैसला नहीं किया है।" भारत की अंडर-15 और अंडर-20 टीमें एशियाई चैम्पियनशिप में भाग लेने के लिए जॉर्डन की राजधानी अम्मान में हैं।

विरोध प्रदर्शन में शामिल रहे छह पहलवानों (विनेश फोगाट, बजरंग पुनिया, साक्षी मलिक, संगीता फोगाट, सत्यव्रत कादियान और जितेंद्र किन्हा) ने आईओए से अनुरोध किया था कि उन्हें ट्रायल की तैयारी के लिए 10 अगस्त तक का समय दिया जाए। उन्होंने कहा था कि बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ उनके महीनों तक चले विरोध के कारण वे शारीरिक और मानसिक रूप से अच्छी स्थिति में नहीं हैं।"

## यूरोप दौरे के लिये रवाना हुई भारतीय टीम

बेंगलुरु, 12 जुलाई। भारतीय महिला हॉकी टीम एशियाई खेलों की तैयारी के लिये बुधवार को अपने यूरोपीय दौरे पर रवाना हो गयी। सविता पूनिया की टीम सबसे पहले तीन मैचों की शृंखला के लिये जर्मनी के लिये उड़ान भरेगी, जिसके बाद वह स्पेन हॉकी फेडरेशन की 100वीं वर्षगांठ के लिये स्पेन जायेगी। जर्मनी में भारत का अभियान लिंबर्ग में 16 जुलाई को चीन के खिलाफ शुरू होगा। इसके बाद सविता की टीम 18 और 19 जुलाई को वीसबेडन और रसल्सहाइम में मेज़बान जर्मनी से भिड़ेगी। इसके बाद भारतीय टीम स्पेनिश हॉकी फेडरेशन 100वीं वर्षगांठ अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिये 20 जुलाई को स्पेन के टेरासा के लिये उडान भरेगी। भारत अपने अभियान की शुरुआत 25 जुलाई को मेजबान स्पेन के खिलाफ करेगा, जबकि उसका अगला मुकाबला 27 जुलाई को दक्षिण अफ्रीका से होगा। भारत का आखिरी ठुप मैच 28 जुलाई को इंग्लैंड के खिलाफ होगा। भारतीय टीम अभी तक बेंगलुरु के भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केंद्र में राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में प्रशिक्षण ले रही थी।

## मुंबई सिटी में शामिल हुए वैन नीफ

मुंबई, 12 जुलाई। मुंबई सिटी एफसी ने बुधवार को नीदरलैंड के मिडफील्डर योएल वैन नीफ के साथ अनुबंध की पुष्टि की। वैन नीफ़ मई 2025 तक दो साल के सौदे पर मुंबई सिटी में शामिल होंगे। नीदरलैंड के ठोनिंगन शहर में जन्मे वैन नीफ ने अपने गृहनगर क्लब एफसी ग्रोनिंगन में शामिल होने से पहले एससी कैंबूर के साथ अपना करियर शुरू किया। ठोनिंगन की अकादमी और युवा टीमों से आगे बढने के बाद वैन नीफ़ वरिष्ठ टीम में शामिल हुए। वैन नीफ ने एफसी ग्रोनिंगा के लिये 100 मैच खेले और क्लब के साथ 2014-15 में केएनवीबी कप भी जीता। डच क्लब हेराक्लीज़ अल्मेलो के साथ कुछ समय बिताने के बाद वैन नीफ़ पुस्कस एकेडेमिया एफसी के लिये खेलने हंगरी चले गये। वह पुस्कस के लिये एक प्रभावशाली खिलाड़ा बन गये और चार वर्षों तक लगातार लीग में शीर्ष स्थान हासिल करने में अपनी टीम की मदद की। वैन नीफ ने मुंबई सिटी एफसी से जुडने पर कहा, मैं आज अपने करियर में एक नया अध्याय शुरू करने के लिये उत्साहित हूं। प्रबंधन और मुख्य कोच के साथ सकारात्मक बातचीत के कारण मेरे लिये मुंबई सिटी को चुनना आसान निर्णय हो गया।" मुंबई सिटी एफसी के मुख्य कोच डेस बकिंघम ने कहा, योएल मुंबई सिटी में जो अनुभव और गुणवत्ता लायेंगे, वह हमारे लिये बहुत बडी संपत्ति होगी। हमने उन्हें नीदरलैंड और हाल ही में हंगरी में उनके समय से देखा है, और हमारा मानना है कि योएल हमारी टीम के पूरक बनेंगे। इस क्लब में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। मैं योएल का मुंबई सिटी में स्वागत करता हूं और मैं उन्हें जल्द ही हमारे प्री-सीजन कैंप में देखने के लिये उत्सुक हूं।

## कश्यप चोट के कारण बाहर

काउंसिल ब्लफ्स, 12 जुलाई। भारतीय शटलर पारुपल्ली कश्यप अमेरिकी ओपन क्वालीफायर के दौरान चोट लगने के बाद टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने में असफल रहे हैं। पूर्व विश्व नंबर छह भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने मंगलवार को अपने पहले क्वालीफायर मैच में कनाडा के विश्व नंबर 159 रोहन मिधा को 21-19, 21-17 से हराया, लेकिन जापान के विश्व नंबर 85 कू ताकाहाशी के खिलाफ वह चोटठास्त हो गये। राष्ट्रमंडल खेल 2014 के पुरुष एकल चैंपियन कश्यप दूसरे मैच में ताकाहाशी के खिलाफ पहला गेम 21-23 से हार गये थे, जबकि मुकाबले से बाहर जाने के समय वह 7-11 से पीछे थे। इस बीच, 2022 विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता शंकर मुथुसामी दो क्वालीफाइंग राउंड पार करने के बाद पुरुष एकल के मुख्य ड्रॉ में आगे बढ़े। पुरुष एकल बैडमिंटन रैंकिंग में 80वें स्थान पर मौजूद 19 वर्षीय शंकर मुथुसामी ने पहले दौर में दुनिया के 155वें नंबर के ब्राजील के डेवी सिल्वा पर 21-17, 21-11 से जीत दर्ज की। इसके बाद शंकर ने दुनिया के 139वें नंबर के खिलाड़ा कनाडा के बीआर संकीर्थ को 21-11, 21-17 से हराकर मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया। मुथुसामी अब बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 इवेंट के मुख्य ड्रॉ में दुनिया के 32वें नंबर के खिलाड़ा आयरलैंड के न्हाट गुयेन का सामना करेंगे। इस बीच, पुरुष युगल में भारत के एकमात्र प्रतिनिधि कृष्णा प्रसाद गर्ग और विष्णुवर्धन गौड़ पंजाला शीर्ष-32 मुकाबले में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गये। भारतीय बैडमिंटन जोडी चीनी ताइपे के लिन यू चीह और सु ली वेई से 21-14, 21-14 से हार गये। महिला युगल में दुनिया की 192वें नंबर की महिला युगल जोड़ी अपेक्षा नायक और रम्या चिकमेनहल्ली वेंकटेश ने कनाडा की जेसलिन चाउ और इलियाना झांग के खिलाफ पहले चरण के मैच से पूर्व टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया।

## क्रिकेट के लिये एमसीसी ने दिये सुझाव

लंदन, 12 जुलाई। क्रिकेट नियमों के संरक्षक मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने टेस्ट क्रिकेट और महिला क्रिकेट को बचाने के लिये अधिक निधीकरण करने के साथ-साथ विश्व कप 2027 के बाद एकदिवसीय क्रिकेट को "काफी कम करने" का सुझाव दिया है। क्रिकेट के सामने आने वाले मुद्दों पर बहस करने के लिये साल में दो बार बैठक करने वाली एमसीसी विश्व समिति के अध्यक्ष माइक गैटिंग ने कहा है कि "वैश्विक खेल को पुनर्स्थापित करने का समय आ गया है।" समिति में वर्तमान और पूर्व खिलाडियों के अनुसार, क्रिकेट खेलने वाले देशों के बीच मौजूद वित्तीय असंतुलन भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बाहर टेस्ट क्रिकेट की व्यवहार्यता पर दबाव डाल रहा है। टेस्ट के आयोजन की लागत पर पर्याप्त आंकडे न होने के कारण एमसीसी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से सिफारिश की है कि वह समर्थन की आवश्यकता वाले राष्ट्रों की पहचान करने के लिये एक वित्तीय ऑडिट करे। एमसीसी की विश्व समिति ने इस मुद्दे को संबोधित करने और प्रारूप की "पवित्रता की रक्षा" के लिये एक अलग टेस्ट फंड तैयार करने की सलाह दी। एमसीसी ने महिला क्रिकेट को मजबूत करने और विकसित करने के लिये आईसीसी को एक "पर्याप्त" फंड जारी करने का भी प्रस्ताव दिया। क्लब ने प्रस्ताव दिया कि टेस्ट क्रिकेट खेलने की इच्छा रखने वाले सहयोगी देशों से महिला टीमों में निवेश करने और उन्हें मैदान में उतारने के लिये प्रतिबद्धता की मांग करनी चाहिये। इस बीच, टी20 फ्रेंचाइज़ी लीगों के प्रसार के कारण बढ़ते गतिरोध को देखते हुए समिति ने "गुणवत्ता बढ़ाने" के लिये द्विपक्षीय एकदिवसीय क्रिकेट कम करने का सुझाव दिया है। इस सुझाव के अनुसार, द्विपक्षीय एकदिवसीय शृंखलाओं का आयोजन सिर्फ क्रिकेट विश्व कप से पहले 12 महीने की अवधि के दौरान किया जाना चाहिये।

## सर्विसेज के 12 मुक्केबाज क्वार्टरफाइनल में

ईटानगर, 12 जुलाई। अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में पांचवीं जूनियर बॉयज राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के तीसरे दिन सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड (एसएससीबी) के 12 युवा मुक्केबाज क्वार्टरफाइनल में पहुंच गये। भारतीय मुक्केबाजी संघ (बीएफआई) ने बुधवार को जारी विज्ञिप्त में बताया कि एसएससीबी के आकाश बधवार ने 46 किग्रा वर्ग में मणिपुर के ऋषि सिंह को 5-0 से हराकर दिन की कार्यवाही शुरू की। एसएससीबी के प्रशांत ने 66 किग्रा वर्ग में गति और तीव्रता का शानदार प्रदर्शन करते हुए दिल्ली के रोनित टोकस को आसानी से सर्वसम्मत निर्णय से हरा दिया। दूसरी ओर जसनदीप (57 किग्रा) ने छत्तीसगढ़ के अंश कुमार यादव को कडे मुकाबले में 4-1 से मात दी। छह एसएससीबी मुक्केबाजों ने आरएससी (रेफरी द्वारा प्रतियोगिता रोकी गयी) के माध्यम से अपने-अपने मैच जीते। इनमें हेमंत सांगवान (80 किग्रा), साहिल बॉर्ड (52 किग्रा), एम कबिराज सिंह (63 किग्रा), राहुल कुंडू (70 किग्रा), साहिल (75 किग्रा), हार्दिक पंवार (80 किग्रा) शामिल हैं। चंडीगढ़ के निखिल नंदल (50 किग्रा) और अरमान (57 किग्रा) ने भी क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। निखिल ने जहां महाराष्ट्र के समद शेख पर 5-0 से शानदार जीत दर्ज की, वहीं अरमान ने आरएससी के फैसले से नागालैंड के बिशाल सिंह को हराया। हरियाणा के सिकंदर (48 किग्रा) ने तीसरे दिन तमिलनाडु के एम मणिकंद विशाल के खिलाफ दूसरे राउंड में आरएससी के परिणामस्वरूप जीत हासिल की।

## चानू के नक्शे कदम पर चलना चाहती है ज्ञानेश्वरी

ग्रेटर नोएडा, 12 जुलाई। मीराबाई चानू कई खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं लेकिन ज्ञानेश्वरी देवी के लिए वह प्रतिस्पर्धी भी हैं और यह प्रतिभाशाली भारोत्तोलक तोक्यो ओलंपिक पदक विजेता की तरह सफलता हासिल करने का ही नहीं बल्कि प्रतिस्पर्धा में उन्हें पीछे छोड़ने का भी सपना देखती है। ज्ञानेश्वरी भी मीराबाई की तरह 49 किग्रा वर्ग में चुनौती पेश करती हैं। पिछले साल रैंकिंग सीरीज में 20 साल की यह खिलाड़ी पूर्व विश्व चैंपियन मीराबाई के बाद दूसरे स्थान पर रही थी।

ज्ञानेश्वरी ने कहा, "मीरा दीदी मेरी प्रेरणा हैं और वह प्रतिस्पर्धी भी हैं (49 किग्रा वर्ग में)। इसलिए मुझे हमेशा से यकीन है कि एक दिन मैं उन्हें पीछे छोड दूंगी।"

उन्होंने कहा, "उन्हें प्रतिस्पर्धा करते हुए देखना काफी प्रेरणादायी है। उन्होंने 49 किग्रावर्ग में विश्व रिकॉर्ड बनाया है और मैं भी ऐसा ही करना चाहती हूं।"

अपनी आदर्श मीराबाई से पहली बार मुलाकात को बयां करने के लिए 2022 जूनियर विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता ज्ञानेश्वरी के पास शब्द नहीं थे। उन्होंने कहा, "मैं 2021 में एनआईएस पटियाला में शिविर में उनसे मिली। यह ओलंपिक के बाद की बात है। उन्हें देखकर मुझे बेहद खुशी हुई हैं। उनसे गले मिली और फिर उनसे बात की। यह अनुभवी अविश्वसनीय था। मैं इससे शब्दों में बयां नहीं कर सकती।"



*एक अध्ययन में पता लगा है कि, वन्यजीव अभयारण्य उष्णकटिबंधीय जीवों को हानिकारक मानवीय गतिविधियों से पूर्ण सुरक्षा प्रदान नहीं कर पाते हैं, इन क्षेत्रों में जैगुआर, माउन्टेन गोरिल्ला और सुंडा पैंगोलिन जैसे स्तनपायी जीव इंसानी गतिविधियों से प्रभावित पाए गए हैं। यह स्थिति तब है, जबकि ये जीव नेचर रिज़र्व में बहुत अंदर रहते हैं। नॉर्वेजिअन युनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साईन्सेज़, राइस युनिवर्सिटी एवं वाखनिंगन युनिवर्सिटी एण्ड रिसर्च के वैज्ञानिकों ने बताया कि, संरक्षित क्षेत्रों में रहने वाले जानवरों को वनों की कटाई के प्रभाव का सामना करना पड़ता है। मुख्य शोधलेखक असुन्सियॉन सैम्पर -पस्कुअल ने कहा, ''संरक्षित वन के अंदर रहने का अर्थ यह नहीं है कि, ट्रॉपिकल जानवर इंसानी गतिविधियों के प्रभाव से अपने आप ही सुरक्षित हैं। हमारे पास प्रमाण हैं कि, संरक्षित क्षेत्र के अंदर और बाहर जो कुछ भी हो रहा है, जानवर उससे प्रभावित हो रहे हैं।'' वृहद् एवं लम्बे समय तक चले कैमरा ट्रैप वाइल्डलाइफ सर्वेक्षणों से प्राप्त तस्वीरों का शोधकर्ताओं ने अध्ययन कर यह पता लगाया कि, मानव गतिविधियों का, ट्रॉपिकल क्षेत्रों के 16 संरक्षित वनों में स्तनपायी जीवों पर कैसा प्रभाव पड़ा है। संरक्षित वन, जहाँ कैमरा ट्रैप लगाए गए उनमें अफ्रीका का, चित्र में नज़र आ रहा, बविन्डी इम्पैनिट्रेबल नैशनल पार्क, साउथ अमेरिका का जसुनी नैशनल पार्क और दक्षिण पूर्व एशिया का पज़ा फॉरेस्ट रिज़र्व प्रमुख हैं। शोधकर्ताओं ने पाया कि, जंगलों की कटाई के कारण हुए वनों के विखंडन का कुछ जानवरों पर खासतौर पर ज्यादा प्रभाव पड़ा है, पर कुछ प्रजातियाँ, जो खास तरह के आवास में ही रहती हैं, वे वनों के विखंडन के कारण पनपी भी हैं। पस्कुअल ने कहा, ''जिस तरह से नए-नए संरक्षित क्षेत्र बनाए जा रहे हैं, हमें बहुत ध्यान से यह सोचने की ज़रुरत है कि, संरक्षित क्षेत्रों के अंदर व बाहर कौन से ऐसे कारक हैं जो बायोडायवर्सिटी को प्रभावित कर रहे हैं।''*

# मध्यप्रदेश में ''नो सी.एम. फेस चेंज'' पॉलिसी पर मुहर लगाई अमित शाह ने

**केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार रात को भोपाल में एक अहम बैठक की, जिसमें उन्होंने साफ कर दिया कि, मुख्यमंत्री चेहरा और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दोनों ही नहीं बदले जायेंगे**

भोपाल,12 जुलाई। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा के बीच मनमुटाव की खबरें सामने आई थीं। इसे देखते हुए यह अनुमान लगाया गया कि चुनाव से पहले राज्य में बड़े बदलाव हो सकते हैं, खास तौर से जहां भाजपा की स्थिति कुछ कमजोर मानी जा रही है। इन कयासों के बीच मंगलवार रात को भोपाल में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक अहम बैठक की। मीटिंग में शाह ने साफ कर दिया कि न तो मुख्यमंत्री चेहरा और न ही बीजेपी चीफ बदला जाएगा। कहा जा रहा है कि शाह अचानक ही मध्य प्रदेश के दौरे पर पहुंचे थे। सोमवार तक मुख्यमंत्री समेत चुनावी राज्य के शीर्ष नेताओं को भी उनके आने के बारे में कोई जानकारी नहीं थी।

**■ जैसा कि विदित है कि, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा के बीच मनमुटाव की खबरें सामने आई थीं। इसे देखते हुए यह अनुमान लगाया जा रहा था कि, चुनाव से पहले प्रदेश भाजपा में बड़े बदलाव हो सकते हैं।**

अमित शाह की बैठक में शामिल हुए कई नेता मध्य प्रदेश बीजेपी के अलग-अलग शक्ति केंद्र माने जाते हैं। हालांकि, मीटिंग के दौरान शाह ने सरल संदेश दिया कि पार्टी को यूनिट के रूप में आक्रामक तरीके से लड़ना होगा। साथ ही चुनाव की तैयारी में उनकी भागीदारी की समीक्षा दैनिक आधार पर की जाएगी। बैठक में मौजूद बीजेपी नेता ने बताया, अमित भाई ने साफ शब्दों में कहा कि सीएम चेहरा और प्रदेश अध्यक्ष ही रहेंगे। सभी को इसका पालन करने को भी कहा गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, शाह ने शिकायत की कि राज्य में नेतृत्व को लेकर यहां बैठे लोग अलग-अलग आवाज में बोल रहे हैं। माना जा रहा है कि उन्होंने मध्य प्रदेश इकाई के शीर्ष अधिकारियों से कहा कि इसे अभी रोकने की जरूरत है। शाह इस बात से भी नाखुश बताए गए कि भाजपा अपने अभियान में आक्रामक नहीं है। उन्होंने विजय संकल्प अभियान की तैयारी शुरू करने के लिए कहा। राज्य में चुनाव से पहले भाजपा की ओर से की जाने वाली इसे बड़ी पहल माना जा रहा है। शाह ने मध्य प्रदेश यूनिट से इस कार्यक्रम पर फोकस करने को कहा है। वह इसे आगे बढ़ाने के लिए जुलाई के आखिर में राज्य में वापस आ सकते हैं।

भाजपा की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष वीडी शर्मा ने बैठक के बाद मीडियाकर्मियों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों से पहले शाह ने चुनाव की तैयारियों की गहन समीक्षा करने के बाद मध्य प्रदेश से विजय संकल्प अभियान शुरू करने की घोषणा की है। शाह ने बैठक में मध्य प्रदेश की मौजूदा राजनीतिक स्थिति की समीक्षा की और चुनावी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की। शर्मा ने कहा कि उन्होंने चुनाव के लिए पार्टी की तैयारियों का भी जायजा लिया और विभिन्न पहलुओं का विश्लेषण किया। बैठक में मध्य प्रदेश के लिए भाजपा प्रभारी नियुक्त किए गए केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, अश्विनी वैष्णव व उनके कैबिनेट सहयोगी नरेंद्र सिंह तोमर, ज्योतिरादित्य सिंधिया और प्रहलाद पटेल भी शामिल हुए। भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महासचिव शिव प्रकाश और मप्र-छत्तीसगढ़ प्रभारी अजय जम्वाल भी मौजूद रहे। सूत्रों ने बताया कि इससे पहले मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, वी.डी. शर्मा, सिंधिया, तोमर, पटेल और राज्य कैबिनेट मंत्रियों ने हवाई अड्डे पर शाह का स्वागत किया। बैठक के बाद शाह पार्टी कार्यालय से हवाई अड्डे के लिए रवाना हो गए।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष जोशी विधायक दल की बैठक में होंगे शामिल

जयपुर, 12 जुलाई (का.सं.)। शुक्रवार14 जुलाई से प्रारंभ हो रहे विधानसभा सत्र को लेकर सुबह 11 बजे विधानसभा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. जोशी विधायक दल की बैठक में शामिल होंगे, जहां प्रदेश की कांग्रेस

**■ यह बैठक 14 जुलाई से शुरु हो रहे विधानसभा सत्र के संदर्भ में बुलाई गई है।**

सरकार को घेरने की रणनीति बनाई जाएगी। इसके बाद प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी दोपहर 1 बजे सीकर में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मदन लाल सैनी की मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

# भारतीय चुनाव आयोग ने अंतर्राष्ट्रीय मंच पर चुनावी गड़बड़ियों एवं आरोपों का मुद्दा उठाया

**कोलंबिया में आयोजित इस बैठक में 119 देशों के चुनाव आयोगों ने भारत की बात का समर्थन किया और कहा, ''हम भी इस दंश का शिकार हैं तथा लोकतंत्र में चुनाव प्रक्रिया पर लांछन लगाने का बढ़ता रवैया चिंता का विषय है''**

कोलंबिया/नई दिल्ली, 12 जुलाई। चुनावी नतीजों के आने के बाद चुनावी प्रक्रिया और निर्वाचन आयोगों के खिलाफ जिस तरह से झूठे और तथ्यहीन आरोप लगाने का ट्रेंड बढ़ा है,उससे अकेले भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के सभी प्रमुख लोकतांत्रिक देशों की चिंताएं बढ़ी हुई हैं।

भारत के चुनाव आयोग ने वैश्विक स्तर पर यह मुद्दा ऐसे समय पर उठाया है, जब अमेरिका, ब्राजील और हाल ही में तुर्की के चुनाव में गड़बड़ियों का मुद्दा काफी गरम रहा है।

खासकर इससे चुनावी विश्वसनीयता के प्रभावित होने का बड़ा खतरा है। भारत निर्वाचन आयोग ने फिलहाल इस दिशा में उठाए गए अहम कदमों के साथ ही अब दुनिया के दूसरे देशों को भी इस खतरे को लेकर सतर्क किया है।

साथ ही कहा है कि ऐसे खतरों से निपटने के लिए सभी को एकजुट होकर काम करने की जरूरत है। बाद में जिसका काफी देशों ने समर्थन भी किया है। कोलंबिया में चल रही एसोसिएशन आफ वर्ल्ड इलेक्शन बॉडीज (ए-वेब) के कार्यकारी बोर्ड की 11वीं बैठक में इस मुद्दे को दुनिया के कई देशों ने प्रमुखता से रखा और अपनी चिंताएं जताई। इस संगठन के मौजूदा समय में दुनिया के करीब 119 देशों के चुनावी प्रबंधन निकाय इसके सदस्य है।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की अगुवाई में भारत निर्वाचन आयोग भी इस बैठक में शामिल है। इस दौरान बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि चुनावी विश्वसनीयता का संकट इस समय पूरी दुनिया के सामने खड़ा है। खासकर जिस तरह चुनाव के दौरान या बाद में आयोग के काम-काज को लेकर तथ्यहीन आरोप लगाए जाते है, वह काफी गंभीर विषय है।

चुनाव आयोग खुद भी ईवीएम (इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन) को लेकर ऐसे ढेरों आरोपों से जूझ चुका है। हालांकि, आयोग ने इससे निपटने के कई अहम कदम उठाए है, उनमें से पहला पारदर्शिता के स्तर को बेहतर रखना और दूसरा झूठे व तथ्यहीन आरोपों को सख्ती से निपटना है।

वहीं, इस झूठ को फैलाने का सबसे बड़ा जरिया सोशल मीडिया है।

ऐसे में आयोग ने सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखने के लिए अब एक अलग सेल गठित किया है, जो 24 घंटे चुनाव से जुड़े किसी भी विषय पर नजर रखता है। इसके साथ ही राजनीतिक दलों की उन टिप्पणियों पर भी पैनी नजर रखी जा रही है।

## एकल पट्टा प्रकरण से सी.बी.आई...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अनुमति दे दी है। जस्टिस बिरेन्द्र कुमार की एकलपीठ ने यह आदेश रामशरण सिंह की याचिका में उनके पुत्र सुरेन्द्र सिंह की ओर से दायर प्रार्थना पत्र को स्वीकार करते हुए दिया। इसके साथ ही अदालत ने याचिकाकर्ता बनने के लिए प्रार्थना पत्र पेश करने वाले अशोक पाठक को कहा है कि वह चाहे तो नए सिरे से सीबीआई जांच की मांग को लेकर याचिका दायर कर सकते हैं। प्रकरण में पूर्व में यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल, पूर्व आईएएस जीएस संधू, आरएएस ओंकार मल सैनी व निष्काम दिवाकर सहित अन्य को आरोपी बनाया गया था। हालांकि हाईकोर्ट पूर्व में शांति धारीवाल के खिलाफ निचली अदालत की कार्रवाई को रद्द कर चुका है। वहीं तीनों पूर्व अधिकारियों के खिलाफ लंबित मुकदमे को वापस लेने की अनुमति भी दी जा चुकी है।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता रामशरण सिंह की ओर से उनके बेटे सुरेंद्र सिंह ने कहा कि रामशरण सिंह का देहांत हो चुका है। वे मामले की सुनवाई आगे नहीं चाहते थे और वह भी प्रकरण में आगे कार्रवाई नहीं चाहता। इसलिए मामले की जांच सीबीआई से कराने के संबंध में पूर्व में दायर इस याचिका को वापस लेने की अनुमति दी जाए।

वहीं अशोक पाठक की ओर से अधिवक्ता संदीप खंडेलवाल ने कहा कि मामले में मिलीभगत से ऐसा किया जा रहा है। रामशरण सिंह ने मुकदमे के लिए सैशन कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर लडाई लडी है। वहीं भ्रष्टाचार का अपराध समाज के प्रति होता है। यह संपत्ति को लेकर कोई वाद नहीं है। इसलिए याचिकाकर्ता के बेटे को केस वापस लेने का अधिकार नहीं है। इसके अलावा मामले में सीबीआई भी अपना जवाब पेश कर चुकी है। इसलिए इस प्रार्थना पत्र को खारिज किया जाए। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने याचिका वापस लेने का प्रार्थना पत्र मंजूर कर लिया।

मामले के अनुसार एसीबी ने वर्ष 2014 में परिवादी रामशरण सिंह की गणपति कंस्ट्रक्शन कंपनी को एकल पट्टा जारी करने में हुई धांधली की शिकायत को लेकर मामला दर्ज किया था। एसीबी ने मामले में कंपनी के प्रोपराइटर शैलेन्द्र गर्ग, यूडीएच के पूर्व सचिव जीएस संधू, जेडीए जोन-10 के तत्कालीन उपायुक्त ओंकारमल सैनी, निष्काम दिवाकर और गृह निर्माण सहकारी समिति के पदाधिकारियों अनिल अग्रवाल व विजय मेहता के खिलाफ मामला दर्ज किया था। हाईकोर्ट 15 नवंबर 2022 को आदेश जारी कर एसीबी में दर्ज एफआईआर और निचली अदालत की कार्रवाई को शांति धारीवाल की हद तक रद्द कर दिया था। इसके बाद हाईकोर्ट ने संधू सहित अन्य अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा वापस लेने को हरी झंडी दे दी थी।

## 'डिज़ाइन...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जायेगा। कांग्रेस सामूहिक नेतृत्व के तहत ही चुनाव में उतरेगी। लेकिन अशोक गहलोत को यह बात कौन समझाये। उनके लिये तो दुनिया उन्हीं से शुरु और उन्हीं पर खत्म होती है। हो सकता है कि ''डिज़ाइन बॉक्स'' के काम को रोक देने तथा फिलहाल उसे जारी न रखने के लिये कहने के पीछे यही कारण रहा हो।

## 'चित मैं...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

के सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल हो गई थी। लोकसभा के चुनाव परिणामों से भाजपा को कोई खास लेना-देना नहीं है क्योंकि वह वाय.एस.आर.सी.पी. के समर्थन के विषय में आश्वस्त है। अगर तेलुगू देशम जीतती है तो सत्तारूढ़ भाजपा को सीधा लाभ होगा। दरअसल, इस बार भाजपा हिन्दी भाषी क्षेत्र, महाराष्ट्र एवं बिहार में अपने प्रतिकूल स्थिति मानकर चल रही है। पश्चिम बंगाल में, जिस तरह से पंचायत चुनावों में तृणमूल कांग्रेस की जबरदस्त जीत हुई है, उसे देखते हुये, वहाँ भी भाजपा के लिए 2019 के अपने प्रदर्शन को दोहरा पाना मुश्किल हो सकता है।

## ममता बनर्जी...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

वाले राजनैतिक गुटों ने जो हिंसा की राजनीति आरंभ की थी उसे ममता और ऊंचे स्तर तक ले गई है। अगर ये चुनाव केन्द्रीय सुरक्षा बलों या सेना के नियंत्रण में होते तो तस्वीर अलग हो सकती थी। बंगाल में विपक्ष के नेता ने कहा था कि भाजपा जंगल महल और आसपास के क्षेत्रों में नहीं जीती क्योंकि यहां मतदान में भारी फर्जीवाड़ा हुआ और आम आदमी को तो वोट डालने ही नहीं दिया गया।

# राहुल गांधी के केस में सुप्रीम कोर्ट में कैविएट दायर

नयी दिल्ली, 12 जुलाई (वार्ता)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ गुजरात के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक पूर्णेश मोदी ने उच्चतम न्यायालय में एक कैविएट दायर की है। मोदी की मानहानि की शिकायत के बाद अदालत ने गांधी को दोषी ठहराया था। इसकी वजह से कांग्रेसी नेता की लोकसभा की सदस्यता समाप्त कर दी गई थी। गांधी ने निचली अदालत के फैसले को गुजरात उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी, जिसे खारिज कर दिया गया। वायनाड लोकसभा के पूर्व सांसद गांधी उच्च न्यायालय के 7 जुलाई के फैसले को शीर्ष न्यायालय में चुनौती दे सकते हैं। इसी के मद्देनजर भाजपा विधायक ने

**■ गुजरात के भाजपा विधायक पूर्णेश मोदी ने सुप्रीम कोर्ट में यह कैविएट दायर की है।**

शीर्ष अदालत में कैविएट दायर कर गुहार लगाई है कि यदि गांधी उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देते हैं तो सुनवाई करते समय उनका (शिकायत करने वाले) पक्ष भी सुना जाए।

गौरतलब है कि मानहानि का यह मामला 2019 का है। इस मामले में 23 मार्च 2023 को सूरत के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने गांधी को मानहानि के अपराध के लिए दोषी ठहराया था।

## मोदी आज फ्रांस और यू.ए.ई की यात्रा पर रवाना होंगे

नयी दिल्ली, 12 जुलाई (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार सुबह फ्रांस और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की तीन दिन की यात्रा के लिए प्रस्थान करेंगे और इस दौरान वह पेरिस में फ्रांस के राष्ट्रीय दिवस की परेड में बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे। फ्रांस यात्रा के दौरान भारत-फ्रांस रणनीतिक साझीदारी नयी ऊंचाई पर ले जाने के वास्ते लड़ाकू विमानों के इंजन के सहनिर्माण सहित कई महत्वपूर्ण समझौते होने की संभावना है। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने बुधवार को यहां संवाददाताओं को प्रधानमंत्री की यात्रा की जानकारी देते हुए कहा कि मोदी गुरुवार सुबह यात्रा पर रवाना होंगे और इस यात्रा के पहले चरण में अपराह्न साढ़े 12 बजे (भारतीय समयानुसार चार बजे) पेरिस पहुंचेंगे। वह सबसे पहले फ्रांस की सीनेट के अध्यक्ष और फिर उस देश के प्रधानमंत्री से मुलाकात करेंगे।

# 'केन्द्र ने नौ सालों में विज्ञापनों पर 2,330 करोड़ रुपये लुटाये हैं'

**युवा कांग्रेस के आर.टी.आई. विभाग के उपाध्यक्ष एडवोकेट आनंद मिश्रा ने ''राइट टू इन्फॉर्मेशन'' के तहत यह जानकारी उजागर की है**

नयी दिल्ली, 12 जुलाई (वार्ता)। युवा कांग्रेस ने कहा है कि, मोदी सरकार ने पिछले नौ वर्ष में प्रिंट तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में 2330 करोड़ रुपए के विज्ञापन देकर अपने प्रचार प्रसार में जमकर सरकारी पैसे का इस्तेमाल किया है।

युवा कांग्रेस अध्यक्ष श्रीनिवास बी.वी. के नेतृत्व में गठित आरटीआई विभाग के उपाध्यक्ष एडवोकेट आनंद मिश्रा ने सूचना के अधिकार-आरटीआई के तहत यह जानकारी हासिल की है। मोदी सरकार ने इस दौरान इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया को विज्ञापन देकर जमकर सरकारी पैसा लुटवाया है।

सूचना के अनुसार वर्ष 2022-23 में प्रिंट मीडिया में 103 करोड़ रुपए से ज्यादा विज्ञापन पर खर्च किए गए हैं और नौ साल में यह आंकड़ा 1000 करोड़ रुपए से भी ऊपर पहुंचता है।

उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को पिछले वित्त वर्ष में 48 करोड रुपए से ज्यादा के विज्ञापन टीवी न्यूज चैनलों को दिए गए जबकि नौ वर्षों का आंकड़ा 1330 करोड रुपए हो जाता है। इसके अलावा इंटरनेट विज्ञापनों एसएमएस, डीसीएटी, डीएड और मिसलेनियस एक्सपेंस के नाम पर 200 करोड़ रुपए से भी ज्यादा खर्च किए गए हैं।

श्रीनिवास ने आरोप लगाया कि जहां एक तरफ सरकारी खजाने को विज्ञापनों पर लुटाया जा रहा है वहीं आम जनता महंगाई से त्रस्त है और जरूरत की हर वस्तु आम आदमी की पहुंच से दूर हो चुकी है। हर चीज के भाव आसमान को छू रहे हैं। टमाटर 250 रुपए किलो तक बिक रहा है लेकिन सरकार कुंभकरण की नींद सो रही है।

कांग्रेस ने वस्तु एवं सेवा कर-जीएसटी को प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग-पीएमएलए के दायरे में लाने को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा और सवाल किया कि सरकार को बताना चाहिए कि उसे यह कदम उठाने की क्या जरूरत पड़ी।

कांग्रेस प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जीएसटी के साथ पीएमएलए को जोड़कर मोदी सरकार एक साथ दो निशाने साधना चाहती है।

# सोनिया गांधी भी विपक्ष...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

उनके साथ एक ही मंच पर नज़र आएंगी। ममता की तृणमूल कांग्रेस ने चुनाव में भाजपा को हराकर बाजी मार ली और वाम-कांग्रेस को तीसरे स्थान पर धकेल दिया। सूत्रों का यह भी कहना है कि सोमवार की बैठक में आठ नई पार्टियाँ शामिल होंगी। इन 24 विपक्षी पार्टियों के पास इस समय 150 सांसद हैं और वे अपना आधार बढ़ाने के प्रयास में है।

इनमें शामिल है- मारूमालास्वी द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (एम.डी.एम.के.), कोंगू देसा मक्कल काची (के.डी.एम.के.), ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आई.यू.एम. एल.), केरल कांग्रेस (जोसेफ) और केरल कांग्रेस (मणि)।

के.डी.एम.के. और एम.डी.एम.के. 2014 के चुनाव में भाजपा के साथ थीं, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सत्ता में आए। सूत्रों ने कहा कि बैठक में तीन कार्य समूह विपक्षी गठबंधन का ढांचा और नाम तैयार करेंगे और एक साझा एजेंडा, राज्य स्तरीय

**■ पटना की बैठक पर, केजरीवाल की हठधर्मिता भी छायी थी, तथा शरद पवार व ममता बनर्जी के हस्तक्षेप से केजरीवाल पर नियंत्रण किया गया था।**

गठबंधन की बारीकियां और विपक्ष की संयुक्त रैलियों के लिए कार्यक्रम तैयार करेंगे। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने निमंत्रण भेजे हैं, जिसमें उन्होंने पटना में हुई पहली बैठक की सफलता का उल्लेख किया है। खड़गे ने अपने पत्र में कहा, ''वह बैठक बहुत सफल रही, क्योंकि हम लोगों ने कई महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की, जो हमारे लोकतंत्र के लिए खतरा हो रहे हैं और एकमत से आम चुनाव लड़ने का निर्णय लिया।''

उन्होंने लिखा, ''मैं मानता हूं कि इन चर्चाओं को जारी रखना और जो गतिशीलता हमने बनाई है उसे जारी रखना आवश्यक है। हमें देश के सामने आ रही चुनौतियों के समाधान मिलकर निकालने हैं।'' बीमार चल रहे आर.जे.डी. (राष्ट्रीय जनता दल) प्रमुख लालू यादव ने कहा कि वे बैठक में भाग लेने बैंगलुरु जाएंगे।

पहली बैठक पर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच टकराव का साया पड़ा जिसमें अरविंद केजरीवाल कांग्रेस से दिल्ली संबंधी केन्द्र की अधिसूचना पर कांग्रेस का समर्थन मांगा और इसके अभाव में अगली बैठक का बहिष्कार करने की बात कही थी।

ममता बनर्जी और शरद पवार जैसे नेताओं ने दखल देकर इसे बढ़ने से रोका क्योंकि केजरीवाल कांग्रेस नेताओं राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे से आमने-सामने हो गए थे।

यह बैठक 18 जुलाई को संसद के मानसून सत्र से दो दिन पहले होगी जहां विपक्ष और भाजपा आमने-सामने होंगे।

## भाजपा नेता...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जिला आरबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुलदीप और उसके साथी विजयपाल पर उस समय हमला किया गया जब उन्हें जयपुर से भरतपुर कोर्ट में पेश करने के लिए रोडवेज बस में ले जाया जा रहा था।

आरोपी कुलदीप जघीना और विजय पाल को हथियारबंद चालानी गार्डो की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में रोडवेज की बस से भरतपुर लाया जा रहा था, लेकिन टोल प्लाज़ा पर बस के अंदर घुसे बदमाशों ने चालानी गार्ड्स की आंखों के मिर्च पाउडर झोंककर करीब 15 राउंड फायर कर कुलदीप की हत्या कर दी। उस गोलीबारी में बस में सवार दो अन्य यात्री भी घायल हुए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार अज्ञात बदमाश 3 बाइको व दो कारो में सवार थे। देर शाम तक चार आरोपी विष्णु, सौरभ, धर्मराज और बबलू को हिरासत में लिया गया। भरतपुर में 10 महीने पहले 4 सितंबर 2022 को बीजेपी नेता कृपाल जघीना की हत्या की गई थी। पुलिस के मुताबिक, हत्या जमीन एवं प्रोपर्टी विवाद के चलते की गई थी। एसपी मृदुल कच्छावा ने बताया कि आमोली टोल प्लाजा पर 7 से 8 बदमाशों ने बस के आगे गाड़ी लगाकर ताबड़तोड़ फायरिंग करते हुए घटना को अंजाम दिया। फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर ली गई।

# गैर आर.ए.एस. से आई.ए.एस...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

को दो सप्ताह का समय दिया है। अदालत ने मामले में गैर आर.ए.एस. अधिकारी एसोसिएशन को मध्यस्थ बनने की अनुमति दे दी है। पहले यह ऐसोसिएशन मामले में पार्टी बनना चाहती थी। जस्टिस एम.एम. श्रीवास्तव और जस्टिस प्रवीर भटनागर की खंडपीठ ने राजस्थान प्रशासनिक सेवा परिषद व अन्य की याचिका पर यह आदेश दिया। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की स्क्रीनिंग कमेटी ने नाम तय करने की विशिष्ट परिस्थितियों के ब्यौरे सहित अपना जवाब पेश करने के लिए दो सप्ताह का समय और मांगा। इस पर अदालत ने 31 जुलाई तक का समय देते हुए पूर्व में लगाई रोक को उस अवधि तक बढ़ा दिया।याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता तनवीर अहमद ने याचिका में कहा है कि ऑल इंडिया सर्विस एक्ट व उसके नियम-विनियम के तहत उच्चस्तर के 66.67 प्रतिशत पद सीधी आई.ए.एस. भर्ती से और 33.33 प्रतिशत राज्य के प्रशासनिक अफसरों की पदोन्नति से भरे जाने का प्रावधान है। वहीं विशेष परिस्थिति में ही इस 33.33 प्रतिशत कोटा में से ज्यादा से ज्यादा 15 प्रतिशत पद अन्य सेवा के अफसरों से भरे जा सकते हैं। इसके बावजूद राज्य सरकार ने मनमाने तरीके से हर साल ही अन्य सेवा के अफसरों को आई.ए.एस. पद पर प्रमोशन देने की परंपरा बना ली है। पूर्व में गैर आर.ए.एस. से पदोन्नत हुए आई.ए.एस. का पद खाली होने पर राज्य सरकार इस पद को गैर आर.ए.एस. को ही पदोन्नत कर भरती है।

**■ राजस्थान हाई कोर्ट ने गैर आर.ए.एस. को आई.ए.एस. पद पर प्रमोट करने पर लगी रोक 31 जुलाई तक बढ़ा दी है और राज्य सरकार को तब तक जवाब पेश करने को कहा है।**

याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि राज्य सरकार ने गत 17 फरवरी को सभी विभागों में पत्र भेजकर अन्य सेवाओं से आई.ए.एस. सेवा में पदोन्नति के लिए आवेदन मांगे और स्क्रीनिंग कमेटी ने अन्य सेवा के अफसरों का चयन कर प्रमोशन के लिए यूपीएससी को अपनी सिफारिश भेज दी है। याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया कि हर बार अन्य सेवा के अधिकारियों को आई.ए.एस. पद पर पदोन्नति देना नियमानुसार सही नहीं हैं, क्योंकि अपवादिक परिस्थितियों में ही ऐसा कर सकते हैं। अपवाद कभी भी नियमित भर्ती का तरीका नहीं हो सकता। राजस्थान सरकार ने खुद ही यह मान लिया है कि आई.ए.एस. पदोन्नति में गैर राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसरों का भी एक कोटा है। जबकि यह सिर्फ अपवादिक परिस्थितियों में ही हो सकता है। राज्य सरकार नियमों के खिलाफ जाकर गैर आर.ए.एस. की पदोन्नति के लिए कोटा तय नहीं कर सकती। ऐसा करना ना केवल सेवा नियमों का उल्लंघन है, बल्कि राज्य के प्रशासनिक सेवा के अफसरों के लिए तय किए गए पदोन्नति के पदों पर भी अतिक्रमण है।

गौरतलब है कि हाईकोर्ट ने गत 7 जुलाई को अंतरिम आदेश पारित कर गैर आर.ए.एस. को आई.ए.एस. में पदोन्नत करने की प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी। अदालत ने मामले में स्क्रीनिंग कमेटी की ओर से नाम तय करने का ब्यौरा भी मांगा था।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908